हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
धनबाद व रांची से एक साथ प्रकाशित
हनुमान जयंती
धनबाद, गुरुवार 02 अप्रैल, 2026, वर्ष : 35 अंक : 09, मूल्य : 3 रूपए
www.koylanchalsamvad.com

## संक्षिप्त खबरें

### कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बीजेपी का तीन अप्रैल को झारखंड बंद का आह्वान, दो को मशाल जुलूस

रांची(ईएमएस)।भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है।श्री शाहदेव ने राज्य की कानून व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताते हुए कहा कि प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला है और सरकार उन्हें संरक्षण दे रही है। उन्होंने बिगड़ते हालात के खिलाफ 2 अप्रैल को सभी जिला मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकालने और 3 अप्रैल को ऐतिहासिक झारखंड बंद का ऐलान किया है।प्रेस को संबोधित करते हुए प्रतुल शाहदेव ने गंभीर आरोप लगाए कि पिछले 6 वर्षों में राज्य में 10 हजार से ज्यादा दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं और 140 से अधिक महिलाओं की डायन बताकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राज्य की पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाय अवैध ट्रकों की गिनती में व्यस्त है। विष्णुगढ़ की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने दोषियों को अविलंब सामने लाने की मांग की और कहा कि आज हर गली में रहमान डकैत जैसे अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। शाहदेव ने चेतावनी दी कि इस लूट और अपराध की सरकार के खिलाफ भाजपा सड़क पर उतरकर करारा जवाब देगी।

### अटारी बार्डर पर होने वाली रिट्रीट सेरेमनी का समय बदला, अब 5:30 बजे से होगी शुरू

अमृतसर,(ईएमएस)। भारत-पाकिस्तान अटारी सीमा पर होने वाली रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया गया है। अटारी-वाघा बॉर्डर पर हर रोज होने वाली इस देशभक्ति से भरपूर सेरेमनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। नए फैसले के मुताबिक अब रिट्रीट सेरेमनी शाम 5:30 बजे से शुरू होकर 6:00 बजे तक चलेगी। इससे पहले रिट्रीट सेरेमनी 5 बजे शुरू होकर साढ़े 5 बजे तक चलती थी। मौसम और दिन की घटती-बढ़ती रोशनी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है। अधिकारियों का कहना है कि दर्शकों को बेहतर अनुभव देने और सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए समय में बदलाव जरूरी था। यह नया समय 1 अप्रैल से लागू कर दिया गया है यानी अब जो भी पर्यटक या स्थानीय लोग इस सेरेमनी को देखने जाएंगे, उन्हें नए समय के मुताबिक ही पहुंचना होगा। बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी भारत और पाकिस्तान के सैनिकों द्वारा की जाने वाली एक विशेष परंपरा है, जिसमें जोश, अनुशासन और देशभक्ति की झलक देखने को मिलती है। हर दिन हजारों लोग इस आयोजन का हिस्सा बनते हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे समय का विशेष ध्यान रखें और तय समय से पहले ही पहुंचकर अपनी सीट सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### तीन अप्रैल गुड फ्राइडे दिन बुलाई गई झारखंड बंद का ईसाई समुदाय ने किया विरोध

रांची(ईएमएस)। भाजपा द्वारा हजारीबाग दुष्कर्म घटना के विरोध में तीन अप्रैल गुड फ्राइडे को बुलाई गई झारखंड बंद का ईसाई समुदाय ने विरोध किया है। इसको लेकर बुधवार को डंगरा टोली स्थित वाईडब्ल्यूसीए में ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट झारखंड प्रदेश, ऑल चर्चेस कमेटी यूथ विंग, झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन और यंग वीमेंस क्रिश्चियन एसोसिएशन की संयुक्त प्रेसवार्ता हुई। एसीसीआर यूथ विंग और जेसीवाईए के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने कहा कि जिस घटना को लेकर बंद बुलाई गई है, उस घटना की निंदा करते हैं, लेकिन तीन अप्रैल को गुड फ्राइडे को बंद बुलाई गई है, इस पर हमलोगों का ऐतराज है। इसलिए मांग करते हैं कि झारखंड बंद की तिथि में बदलाव किया जाए। फ्रंट की महिला मोर्चा अध्यक्ष अंशु लकड़ा ने कहा कि ईसाई समाज शांति प्रिय समाज है। वर्तमान में उनका पुण्य सप्ताह चल रहा है, जिसमें तीन अप्रैल को गुड फ्राइडे और पांच अप्रैल को ईस्टर का पर्व है।इसलिए, बंद की तिथि वापस ली जानी चाहिए। ऑल चर्चेस यूथ विंग सह जेसीवाईए की उपाध्यक्ष गोल्डन विलुंग ने कहा कि संविधान में सभी समुदायों को समान अधिकार दिया गया है। इसलिए, सभी को उनके धर्मपालन का समान अवसर मिलना चाहिए। भाजपा ने जिस दिन बंद बुलाई है, उस दिन ईसाईयों के लिए महत्वपूर्ण शोक दिवस है, काफी संख्या में लोग चर्च में एकत्रित होंगे। इस दिन झारखंड बंद बुलाने का कोई औचित्य नहीं।

### पंजाब में आप को बड़ा झटका, रविंदर सिंह फूलका हुए बीजेपी में शामिल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बड़ा राजनीतिक फायदा मिला है,जब बुधवार को रविंदर सिंह फूलका ने पार्टी जॉइन की। पूर्व आम आदमी पार्टी (आप) विधायक और वरिष्ठ मानवाधिकार वकील फूलका ने 1 अप्रैल को नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में औपचारिक रूप से सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, सुनील जाखड़, वीरेंद्र सचदेवा और तरुण चुघ जैसे वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। भाजपा में शामिल होने के बाद फूलका ने कहा कि वे बीते 40 वर्षों से 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं और तब भाजपा ने उनका समर्थन किया। उन्होंने बताया कि उनका भाजपा से पुराना संबंध रहा है और वे पहले भी पार्टी के लिए कानूनी कार्य कर चुके हैं। फूलका ने 2014 से 2017 तक आप में रहते हुए सक्रिय राजनीति की, लेकिन अब पंजाब की खराब कानून-व्यवस्था, बढ़ते नशे और कथित प्रशासनिक विफलताओं को देखकर उन्होंने राजनीति में वापसी का निर्णय लिया। बीजेपी में शामिल होकर फूलका ने पंजाब की स्थिति पर चिंता जताकर कहा कि राज्य में जबरन वसूली के मामले बढ़ रहे हैं और आने वाले वर्षों में जमीन की उर्वरता पर भी खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए भाजपा सबसे बेहतर विकल्प है।

### बिहार में ईओयू ने मारा छापा, चाय का बागान, फ्लैट, जमीन के प्लॉट, लग्जरी कारें और महंगी घड़ियां

पटना,(ईएमएस)। बिहार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और किशनगंज के एसडीओपी गौतम कुमार के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ा छापा मारा। आधा दर्जन ठिकानों पर तलाशी अभियान के दौरान आय से अधिक संपत्ति का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि गौतम कुमार और उनके सहयोगियों ने बेनामी संपत्ति जुटाई थी। इस संपत्ति में सिलीगुड़ी में चाय का बागान, नोएडा और गुरुग्राम में फ्लैट, 25 से अधिक जमीन के प्लॉट, लग्जरी कारें और महंगी घड़ियां शामिल थीं। तलाशी में उनकी पत्नी पूनम देवी और महिला मित्र शगुफ्ता शमीम के नाम पर रजिस्टर्ड संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद किए। शगुफ्ता के आवास से ही सात प्लॉट से जुड़े दस्तावेज मिले, जिनकी कीमत करीब 60 लाख रुपये है। पूर्णिया में चार मंजिला मकान (3,600 वर्ग फुट) जिसकी कीमत करीब 2.5 करोड़ रुपये आंकी गई, भी जब्त किया गया। इसके अलावा क्रेटा और थार जैसी महंगी कारें और बीमा निवेश से जुड़े दस्तावेज भी मिले। तलाशी के दौरान किशनगंज स्थित सरकारी आवास से 1.37 लाख रुपये नकद जब्त किए और उनका मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया गया। इतना ही नहीं पटना में नर्सिंग होम स्थापित करने से जुड़े दस्तावेज भी मिले। ये कार्रवाई तब हुई जब अधिकारियों को ज्ञात आय के अनुपात से अधिक संपत्ति का पता चला, जिसके बाद अदालत से तलाशी के आदेश प्राप्त किए गए।

झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न स्थायी समितियों के गठन की अधिसूचना जारी

# कल्पना सोरेन महिला एवं बाल विकास समिति की बनीं अध्यक्ष

### मनोज यादव लोक लेखा समिति के सभापति नियुक्त एक वर्ष कार्यकाल



रांची। झारखंड विधानसभा सचिवालय ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न स्थायी समितियों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। गांडेय की झामुमो विधायक कल्पना सोरेन महत्वपूर्ण महिला एवं बाल विकास समिति एवं बरही के कांग्रेस विधायक मनोज कुमार यादव लोक लेखा समिति के अध्यक्ष होंगे। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने कुल 25 समितियों का गठन किया है, जिनमें नियम समिति, विशेषाधिकार समिति और याचिका समिति के सभापति स्वयं अध्यक्ष रहेंगे। प्राक्कलन समिति की जिम्मेदारी लिट्टीपाड़ा के झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू को सौंपी गई है। वहीं, संरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का नेतृत्व मझगांव के झामुमो विधायक निरल पुरती और प्रत्यायुक्त विधान समिति की कमान जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय को दी गई है।

अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सभापति महेशपुर के झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी बनाए गए हैं। जबकि आवास समिति का नेतृत्व खरसावां के झामुमो विधायक दशरथ गागराई को सौंपा गया है। प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति की कमान दुमका के झामुमो विधायक बसंत सोरेन को दी गई है, जबकि सरकारी आश्वासन समिति के सभापति निरसा के भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी बनाए गए हैं। शून्यकाल समिति का नेतृत्व गुमला के झामुमो विधायक भूषण तिर्की को मिला है।

विधायक निधि अनुश्रवण समिति के सभापति रांची के भाजपा विधायक चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह होंगे, जबकि पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की जिम्मेदारी सारठ के झामुमो विधायक उदय शंकर सिंह को सौंपी गई है। जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति का नेतृत्व कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव करेंगे। गैर सरकारी संकल्प समिति के सभापति लातेहार के भाजपा विधायक प्रकाश राम बनाए गए हैं, जबकि पुस्तकालय विकास समिति की जिम्मेदारी गढ़वा के भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी को दी गई है। अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के सभापति देवघर के राजद विधायक सुरेश पासवान होंगे और निवेदन समिति की कमान चंदनक्यारी के झामुमो विधायक उमाकांत रजक को सौंपी गई है। सदाचार समिति के सभापति मनिका से कांग्रेस के विधायक रामचंद्र सिंह बनाए गए हैं, जबकि युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति का नेतृत्व ईचागढ़ की झामुमो विधायक सविता महतो करेंगी। सामान्य प्रयोजन समिति की जिम्मेदारी कोडरमा की भाजपा विधायक डा. नीरा यादव को दी गई है। आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के सभापति लोहरदगा के कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव होंगे, जबकि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले समिति की जिम्मेदारी तमाड़ के झामुमो विधायक विकास कुमार मुंडा को सौंपी गई है।

विधानसभा सचिवालय के अनुसार, सभी समितियों का कार्यकाल एक वर्ष या पुनर्गठन तक प्रभावी रहेगा। सभा सचिव इन सभी समितियों के पदेन सचिव होंगे। विधानसभा के जनसंपर्क पदाधिकारी गुलाम मोहम्मद सरफराज ने यह जानकारी दी।

## सरकारी स्कूलों की नई पाठ्यपुस्तकों में दिखेगी झारखंड की संस्कृति, सत्र 2027-28 से होंगी लागू



रांची। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई जानेवाली पाठ्य-पुस्तकों में झारखंड और जनजातीय संस्कृति की झलक दिखेगी। प्रत्येक पुस्तकों के कवर से लेकर अंदर के पृष्ठों का ले आउट और डिजाइन संबंधित शैक्षणिक सामग्री के अनुसार स्थानीय इनपुट को सम्मिलित करते हुए तैयार किया जाएगा। झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) द्वारा कक्षा तीन से आठ के लिए नई पुस्तकें तैयार की जा रही हैं, जिसके डिजाइन और ले आउट तैयार करने को लेकर यह निर्णय लिया गया है। डिजाइन, इलस्ट्रेशन और ले-आउट तैयार करने की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को दी जाएगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुल छह कक्षाओं के लिए छह लाट में पुस्तकों के डिजाइन और ले-आउट तैयार करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। एजेंसी को एक या इससे अधिक लाट की जिम्मेदारी दी जा सकती है। एजेंसी द्वारा सभी पुस्तकों को मिलाकर 5,700 से 6,000 पेज का ले-आउट और डिजाइन तैयार किया जाएगा। डिजाइन तैयार करने के लिए समय सीमा भी निर्धारित कर दी गई है। सितंबर माह तक यह काम पूरा होगा। टेंडर के माध्यम से चयनित होनेवाली एजेंसी पाठ्य-पुस्तकों के लिए एंड-टू-एंड विजुअल, लेआउट और प्री-प्रेस प्रोडक्शन के लिए जिम्मेदार होगी। इसके तहत पुस्तक की डिजाइन और ले-आउट तैयार करने के लिए जेसीईआरटी द्वारा स्वीकृत सीरीज़ डिज़ाइन सिस्टम को अपनाया जाएगा। पेज ग्रिड, मार्जिन, कॉलम और टेक्स्ट फ्लो से लेकर हेडिंग, सबहेडिंग, बॉडी टेक्स्ट आदि के फांट तय किए जाएंगे। बच्चों के लिए सही कलर और आसानी से पढ़ा जा सकनेवाला हो। कोर टेक्स्ट पेज के अलावा एक्टिविटी और वर्कशीट वाले पेज की डिजाइन भी एजेंसी तैयार करेगी। डिजाइन तैयार करते समय बच्चों की आयु, जेंडर सेंसेटिविटी तथा संस्कृति को ध्यान में रखा जाएगा। बताते चलें कि जेसीईआरटी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्म, 2023 तथा स्टेट करिकुलम फ्रेमवर्क, झारखंड के आधार पर नई पुस्तकें तैयार की जा रही हैं।

## मार्च में जीएसटी संग्रह 2 लाख करोड़ पार, 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी

### घरेलू बिक्री और आयात से कर संग्रह में बढ़ोतरी देखी गई

नई दिल्ली (ईएमएस)। मोदी सरकार के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 8.8 प्रतिशत बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। मार्च 2025 में यह संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये था। वृद्धि का मुख्य कारण घरेलू बिक्री और आयात से राजस्व में बढ़ोतरी को बताया गया है। घरेलू राजस्व 5.9 प्रतिशत बढ़कर 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ। वहीं, आयात से प्राप्त राजस्व में 17.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 53,861 करोड़ रुपये रहा। मार्च में रिफंड राशि 13.8 प्रतिशत बढ़कर 22,074 करोड़ रुपये हो गई। रिफंड समायोजित करने पर शुद्ध जीएसटी राजस्व करीब 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत अधिक है। पूरा वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी संग्रह 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ, जबकि रिफंड समायोजित शुद्ध राजस्व 19.34 लाख करोड़ रुपये रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह आर्थिक गतिविधियों में स्थिरता और नकदी प्रवाह में सुधार का संकेत है। रेवेन्यू के अलग-अलग हिस्सों पर नजर डालें तो घरेलू लेनदेन से मिलने वाला ग्रॉस रेवेन्यू 1.46 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें 5.9 प्रतिशत की बढ़त हुई। वहीं, इंपोर्ट से मिलने वाला रेवेन्यू 0.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें 17.8 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी दिखाई दी। इसका मतलब है कि देश में आयात गतिविधियां भी काफी मजबूत रही हैं। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के अनुसार ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया।

## वोटर लिस्ट विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की दोटूक टीएमसी की आपत्तियों को नहीं दी अहमियत

**कोर्ट ने कहा, फॉर्म-6 जमा करना सामान्य प्रक्रिया, आपत्ति हो तो चुनाव आयोग जाएं**



नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची को लेकर उठे विवाद पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को राहत देने से इनकार करते हुए साफ कहा है कि फॉर्म-6 के जरिए नाम जुड़वाना कोई असामान्य प्रक्रिया नहीं है। अदालत ने टिप्पणी की कि "ऐसा हर बार होता है, यह पहली बार नहीं है।" चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच राज्य में चल रही एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी नाम को लेकर आपत्ति है, तो संबंधित पक्ष चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज करा सकता है।

**क्या है विवाद :** टीएमसी की ओर से आरोप लगाया गया था कि बड़ी संख्या में फॉर्म-6 जमा कर मतदाताओं के नाम जोड़े जा रहे हैं। पार्टी के वकील कल्याण बनर्जी ने दलील दी कि एक व्यक्ति द्वारा हजारों फॉर्म जमा किए गए हैं, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब पूरक मतदाता सूची जारी हो चुकी है, तो उसके बाद भी नए फॉर्म-6 स्वीकार करना उचित नहीं है और इससे गड़बड़ी की आशंका बढ़ती है। हालांकि अदालत ने इन आपत्तियों को तुरंत स्वीकार करने से इनकार किया। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के आरोपों पर जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालना सही नहीं है और पूरी प्रक्रिया को समझना जरूरी है। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील डी.एस. नायडू ने स्पष्ट किया कि नियमों के अनुसार नामांकन की अंतिम तिथि तक नए मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े जा सकते हैं। यानी यदि कोई व्यक्ति हाल ही में 18 वर्ष का हुआ है, तो उसे मतदाता बनने का अधिकार है।

**सभी आपत्तियों पर 7 अप्रैल को निर्णय :** सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया है कि वह फिलहाल मामले को बंद नहीं कर रहा है और जरूरत पड़ने पर आगे सुनवाई करेगा। साथ ही, अदालत ने कहा कि सभी आपत्तियों पर 7 अप्रैल तक निर्णय लिया जाएगा।

## जनगणना के पहले चरण का कार्य प्रारंभ

### मोबाइल एप्लिकेशन से खुद 33 सवालों के जबाव एप में दाखिल कर सकते




नई दिल्ली (ईएमएस)। जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत घरों की सूची तैयार करने का अभियान 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक चलेगा, जिसे प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश 30 दिनों की निर्धारित अवधि में करेगा। अगला चरण - जनसंख्या गणना अगले वर्ष 1 मार्च 2027 से शुरू होगा। देश की 16वीं जनगणना और स्वतंत्रता के बाद से आठवीं जनगणना का यह अभ्यास 1 अप्रैल को हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना चरण के साथ शुरू होगा, जो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अलग-अलग समय सारणी के अनुसार चलेगा। भारत के जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि संरचना के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, इसके उपयोग का उद्देश्य, इसमें रहने वाले लोगों की संख्या (यदि कोई हो), भवन के स्वामित्व का विवरण और कमरों की संख्या जैसे विवरण पूछे जाएंगे। हाउसलिस्टिंग ऑपरेशंस (एचएलओ) में सभी संरचनाओं, घरों और परिवारों की सूची तैयार की जाती है, ताकि अगले चरण, यानी जनसंख्या गणना (पीई) के लिए डेटा-आधारित आधार बनाया जा सके। 33 प्रश्नों में परिवारों, जीवन स्थितियों और बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच के बारे में जानकारी शामिल होगी। पहली बार, जनगणना कर्मी स्मार्टफोन का उपयोग करके मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा एकत्र और जमा करने वाले हैं। जिससे पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली का स्थान लिया जाएगा।

## जमीन को घुसपैठियों के कब्जे में नहीं रहने देगी सरमा सरकार : पीएम मोदी

### राहुल गांधी पर तंज, कांग्रेस के स्वघोषित राजकुमार हार की सेंचुरी लगाने वाले

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि असम ने बीते दस सालों में उल्लेखनीय विकास देखा है और उन्हें विश्वास है कि राज्य की जनता फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को अपना आशीर्वाद देगी। गोगमुख में जनसभा को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा कि नागरिकों का उत्साह निरंतर विकास और स्थिरता के प्रति उनके समर्थन को स्पष्ट रूप से दिखाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने फिर कहा कि यह चुनाव विकसित भारत की परिकल्पना को आकार देगा। इस बार का चुनाव विकसित भारत बनाने का है...भाजपा असम में फिर से सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी। उनकी ये टिप्पणियां आगामी विधानसभा चुनावों के लिए राज्य भर में पार्टी के प्रचार अभियान तेज करने के बीच आईं, जो 9 अप्रैल को होने वाले हैं। पीएम मोदी ने कहा कि असम के चुनाव की घोषणा के बाद ये मेरी पहली जनसभा है।



ये जो सामने जनसमुद्र है, युवाओं का उत्साह, बहनों-बेटियों का ये आशीर्वाद, ये प्यार इस बात की खुली घोषणा है कि इस बार बीजेपी की हैट्रिक पक्की है। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे प्रधानमंत्री के रूप में हैट्रिक बनाने का मौका मिला। आप सभी के आशीर्वाद से इस मैदान में भी हैट्रिक लगाने का मौका मिला है, मैं यहां तीसरी बार आया हूं। और आपके आशीर्वाद से असम में सरकार भी हैट्रिक बनाने वाली है।

पीएम मोदी ने कहा कि पहले सर्वानंद सोनोवाल जी का नेतृत्व और फिर हिमंता विश्व शर्मा जी की अगुवाई में असम ने बीते 10 वर्षों में सेवा और सुशासन का नया दौर देखा है। इस बार भाजपा-एनडीए सरकार की हैट्रिक तय है। और कांग्रेस की पराजय की हैट्रिक भी तय है।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रमंडलीय स्तरीय कार्यशाला

हजारीबाग(ईएमएस)।शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रमंडलीय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि योजना के अंतर्गत किए जाने वाले क्लेम को निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप सही तरीके से प्रसंस्करण किया जाए, ताकि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा सके।साथ ही, अस्पतालों को क्लेम की राशि समय पर प्राप्त हो सके, जिससे संस्थान के संचालन, मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर सभी को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता तथा सेवा गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### अंबा प्रसाद ने राज्यपाल से की मुलाकात विष्णुगढ़ मामले की सीबीआई जांच से कराने का किया आग्रह

रांची(ईएमएस)।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में हुए गंभीर मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्यपाल से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की।अंबा प्रसाद ने ज्ञापन में कहा कि विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 42/2026 में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे आम जनता का पुलिस प्रशासन पर भरोसा कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हजारीबाग पुलिस अपराधियों तक पहुंचने में पूरी तरह विफल रही है, जो प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

### पुलिस ने तीन मोबाइल चोर,तीन चेन छिनतई करने वाले और एक को पिस्तौल के साथ किया गिरफ्तार

रांची(ईएमएस)।रांची पुलिस ने अपराध से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं का खुलासा किया है। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने बुधवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चेन छिनतई, मोबाइल चोरी और अपराध की घटना को अंजाम देने मामले का खुलासा किया है।नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने बताया कि रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान 27 मार्च को तपोवन मंदिर के पास कई लोगों की मोबाइल चोरी हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को 16 मोबाइल के साथ गिरफ्तार की है। गिरफ्तार तीन लोगों में दो पुरुलिया और एक उत्तराखंड का रहने वाला है। इन तीनों की सहयोगी कुछ महिलाएं भी हैं हालांकि महिलाओं की गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है। दर्ज शिकायत के अनुसार अभी चार और मोबाइल रिकवर होना बाकी है। मोबाइल चोरी करने के लिए इस यह 26,27 और 28 मार्च को रांची में सक्रिय था।चेन छिनतई से जुड़े एक अलग मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार 3 अपराधियों के खिलाफ पहले से कई अलग-अलग मामले विभिन्न थानों में दर्ज थे। गिरफ्तार 3 अपराधियों के पास से एक चैन, एक आईफोन, एक मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर और एक ऑटो बरामद किया गया है। गिरफ्तार तीनों अपराधियों को प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया है।

### अर्ध निर्मित भवन में मिला फंदे से लटका युवक का शव,हत्या की आशंका

चतरा(ईएमएस)।इटखोरी प्रखंड के कालोनी मध्य विद्यालय के पीछे पुराने अर्द्ध निर्मित भवन में फंदा से लटका युवक का शव बरामद हुआ है।उसका पहचान धनखेरी गांव निवासी अहमद मियां के 18 वर्षीय पुत्र आदिल के रूप में हुयी है।वह चार बहनों का इकलौता भाई था।घटना के कारण का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।उसकी मां बुसरा खातून ने बताया कि शनिवार को ग्यारह बजे घर से निकला था। उसके बाद लौट कर नहीं आया।घटना की सूचना मिलते ही इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया आत्म हत्या का मामला लगता है।

# सभी अंचलों में जनता दरबार का आयोजन सैकड़ों मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



रांची(ईएमएस)। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार बुधवार को जिला के सभी अंचलों में जनता दरबार का आयोजन किया गया। मंगलवार को अवकाश होने के कारण उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर बुधवार को जनता दरबार आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन अपनी समस्याओं के समाधान हेतु उपस्थित हुए।जनता दरबार के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा राजस्व एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया गया, जिससे आम नागरिकों को मौके पर ही राहत मिली।मांडर अंचल में आयोजित जनता दरबार में विभिन्न आवेदकों को मौके पर ही प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। ग्राम मेशाल निवासी मोहम्मद शामी शान को आय प्रमाण पत्र तथा ग्राम करगे निवासी अनिकेत भगत को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।वहीं मांडर प्रखंड में वृद्धा पेंशन से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम मलती के रहमान अंसारी एवं सैमुन खातून, ग्राम बरगडी की सरस्वती देवी तथा ग्राम मुडमा के नागा उरांव को वृद्धा पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई।मांडर अंचल में कुल 50 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 17 जाति प्रमाण पत्र, 12 आय प्रमाण पत्र, 09 आवासीय प्रमाण पत्र, 03 पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, 04 सर्वजन पेंशन योजना सहित अन्य मामले शामिल हैं।सिल्ली में आयोजित जनता दरबार में कुल 64 आवेदनों का निष्पादन किया गया। इसमें 15 आय प्रमाण पत्र, 12 पारिवारिक सदस्यता, 09 आवासीय प्रमाण पत्र, 08 जाति प्रमाण पत्र, 08 तत्काल प्रमाण पत्र, 04 पंजी सुधार, 04 दाखिल-खारिज, 02 नकल एवं 02 आचरण प्रमाण पत्र शामिल हैं।अंचल कार्यालय खलारी में आयोजित जनता दरबार में कुल 17 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 05 आय प्रमाण पत्र, 04 आवासीय प्रमाण पत्र, 03 जाति प्रमाण पत्र, 02 पारिवारिक प्रमाण पत्र, 02 तत्काल आवेदन एवं 01 आचरण प्रमाण पत्र शामिल हैं।अरगोड़ा अंचल में कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 62 का निष्पादन किया गया। इसमें 32 आय प्रमाण पत्र, 18 जाति प्रमाण पत्र, 12 स्थानीय प्रमाण पत्र, 04 पेंशन, 03 पंजी-2 सुधार, 01 पारिवारिक सूची एवं 01 दाखिल-खारिज वाद शामिल हैं।चान्हो अंचल में कुल 212 मामलों पर कार्रवाई की गई, जिसमें 135 जाति प्रमाण पत्र, 70 आवासीय प्रमाण पत्र, 03 तत्काल आवेदन, 01 ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, 01 पारिवारिक सदस्यता एवं अन्य मामले शामिल हैं।अनगड़ा अंचल में कुल 137 मामलों का निष्पादन किया गया। इसमें 40 आय प्रमाण पत्र, 35 दाखिल-खारिज, 25 जाति प्रमाण पत्र, 22 आवासीय प्रमाण पत्र, 10 पंजी-2 सुधार, 02 परमिशन, 02 शुद्धि पत्र में जाति सुधार एवं 01 पारिवारिक सदस्यता शामिल हैं। ग्राम हेसल के कुंवर शाह के शुद्धि पत्र में सुधार तथा ग्राम चिलदाग के राजु कुमार के ऑनलाइन पंजी-2 में प्लॉट संख्या एवं नाम में सुधार करते हुए आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया।

जनता दरबार के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही त्वरित रूप से हो।

राजस्व, प्रमाण पत्र, पेंशन एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों में मौके पर ही कार्रवाई कर लोगों को राहत प्रदान की जा रही है।जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु जनता दरबार में उपस्थित होकर इस पहल का लाभ उठाएं।

### खरसावां में मनाया गया 90 वीं उत्कल दिवस

## ओड़िया समुदाय ने भाषा और संस्कृति को संरक्षित करने का लिया संकल्प



सरायकेला(ईएमएस)।खरसावां के गोपबंधु चौक में उत्कल सम्मिलनी की जिला समिति के तत्वावधान में 90वां उत्कल दिवस कार्यक्रम आयोजित की गयी।मौके पर उत्कलमणी पंडित गोपबंधु दास एवं उत्कल गौरव मधुसुदन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी।इस दौरान ओड़िया शिक्षक एवं ओड़िया समुदाय के लोगों ने अपनी भाषा एवं संस्कृति को संरक्षित रखने के का संकल्प लिया।उत्कल सम्मिलनी के जिला उपाध्यक्ष विरोजा कुमार पति ने कहा कि भाषा और संस्कृति ही हमारी पहचान है।इसके उत्थान के लिए सभी को संगठित होकर कार्य करना होगा।उन्होंने कहा कि ओड़िया भाषा एवं संस्कृति हमारी आत्मा में बसती है।उत्कल सम्मिलनी के जिला सचिव अजय प्रधान ने ओड़िया भाषा में बोलचाल, पठन-पाठन को भी बढ़ावा देने पर बल दिया. सरकार को यह सुनिश्चित करनी होगी कि ओड़िया भाषी बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़ाई कर सके। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 1936 को भाषा के आधार पर ओड़िशा राज्य का गठन हुआ था। अपनी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के उत्थान के लिए समाज के सभी लोगों को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।उत्कल सम्मिलनी के जिला परिदर्शक सुशील कुमार षाड़ंगी ने कहा कि अपने अधिकारों के लिए ओड़िया समुदाय के लोगों को भी जागरूक होना होगा।उन्होंने ओड़िया समाज के लोगों से भाषा-संस्कृति के विकास में अपना सहयोग देने की अपील की।उन्होंने ओड़िया समुदाय के लोगों से आगामी जनगणना के दौरान फर्मेट में अपनी मातृभाषा 'ओड़िया' अंकित कराने की अपील की। साथ ही बच्चों को मातृभाषा 'ओड़िया' में पढ़ाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बंदे उत्कल जननी... गीत सामूहिक रूप से गायन किया। साथ ही प्राचीन उत्कल के गौरवमयी गाथा को याद किया। मौके पर स्वतंत्र ओड़िशा राज्य के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महापुरुषों के साथ साथ भाषा, संस्कृति एवं साहित्य के लिए कार्य करने वाले महान विभूतियों को याद किया गया। मौके पर ओड़िया समुदाय के लोगों ने भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN – U40108JH2013-SGC001702)**
**OFFICE OF THE**
**Electrical Superintending Engineer**
**Electric Supply Circle, 33/11 KV P/S/S, Daridih, Giridih, Pin- 815302**
**GSTIN No.- 20AADCJ3148ADZ1, E-mail ID- ese.escgiridih@gmail.com**

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tenders in two parts (Part-I Technical & commercial and Part –II price part ) subscribed on sealed envelope are invited from the reputed firms/agencies having good experience of following same type of Civil Works under R/M Civil head and having sound financial status.:-

| Sl. No | STN No. | Name of work | Estimate Cost (In Rs.) | Cost of B.O.Q Including GST in Rs. (Non-refundable) | Earnest money To be deposited in Rs. | Time of completion of the work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02/PR/JB VNL /2026-27 | R/M of Boundary wall and its painting works at 33/11 KV PSS Jamua under Electric Supply Circle, Giridih | 2,45,200/- | 500/- + 18% GST = 590/- | 5,000/- | 02 (Two) Months |
| 2 | 03/PR/JB VNL /2026-27 | R/M of Boundary wall and its painting works of Nigam Land and 33/11 KV PSS at Sariya under Electric Supply Circle, Giridih | 3,99,350/- | 750/- + 18% GST = 885/- | 8,000/- | 02 (Two) Months |
| 3 | 04/PR/JB VNL /2026-27 | R/M of Boundary Wall around 33/11 KV PSS at Bharkatta under Electric Supply Circle, Giridih | 3,99,400/- | 750/- + 18% GST = 885/- | 8,000/- | 02 (Two) Months |

1. Date for sale of tender documents: **From :06.04.2026 to 24.04.2026** Till 5:00 PM
2. Last date & time for submission of Tender: **24.04.2026**upto 12:30 P.M.
3. Date & time for opening of Tender (Part-1): **24.04.2026**At 1:30 P.M.

**Terms & Conditions**

1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the last date of submission of tender in working hours on depositing cost of B.O.Q. with Accounts Officer, Electric Supply Circle Giridih in shape of Demand Draft.
2. No postal transaction for issue of BOQ will be entertained.
3. The tender must be accompanied with earnest money with tender Part-I (Technical and Commercial part) in shape of Bank Draft payable in favour of Accounts Officer, Electric Supply Circle, Giridfih otherwise it will be rejected.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
ESE
ESC, Giridih

PR 376419 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27).D

**e-Proccurement Cell**
**ENERGY DEPARTMENT GOVT.OF JHARKHAND**
**Electrical Executive Engineer Electric Works Division, Dhanbad**
**e- Procurement cell**
Short E-Tender Reference No- Energy/EWD/Dhanbad/**40/2025-26**

| Sl. No | Name of work | Estimated Cost (Rs) | Tender Fee (BID Document Fee) | Bid Security (EMD Fee 2%) | Completion Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Provision of High mast light and path way light in the campus of regional training center of Home guard at Hazaribagh. | 50,70,615.00 | 10000.00 | 101500.00 | 30 days |
| 2 | Date of Publication of tender on website | 11.04.2026 | | | |
| 3 | Online bid submission period | From 13.04.2026 at 10:30 am to 18.04.2026 at 2:00 pm | | | |
| 4 | Technical Bid Opening Date | 20.04.2026 at 3:00 pm | | | |
| 5 | Name and address of the office inviting tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dhanbad | | | |
| 6 | Contact no. of Procurement officer | 0326-2311382 | | | |
| 7 | Helpline number of e- Procurement cell | 0651-2490069 | | | |

Note- Only online tender will be accepted.
Any change in B.O.Q can be see on website http://jharkhandtenders.gov.in
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Electrical Executive Engineer
Electric Works Division, Dhanbad.

PR 376370 Energy(26-27)D

### मॉर्निंग वाक कर रहे रेलकर्मी को दिल का दौरा पड़ने से निधन,आक्रोशित रेलकर्मियों ने अस्पताल का किया घेराव

सरायकेला(ईएमएस)।दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत सरायकेला के सीनी इंजीनियरिंग वर्क शाप में कार्यरत 35 वर्षीय रेलकर्मी श्रीकान्त कुमार का मॉर्निंग वॉक करने के दौरान दिल का दौरा पड़ा जिससे उनका निधन हो गया।घटना बुधवार की सुबह छह बजे के आसपास की है। घटना के बाद आनन फानन में श्रीकान्त को सीनी रेल अस्पताल लाया गया जहाँ डॉक्टर नही होने के कारण सरायकेला सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद रेलकर्मी आक्रोशित हो गए और रेल इंजीनियरिंग वर्क शाप सहित डिप्युटी चीफ के कार्यालय का घेराव कर दिया।रेलकर्मियों का कहना है कि सीनी रेल अस्पताल में सुविधा के नाम पर कुछ भी नही है।यहाँ एक डॉक्टर रहते हैं जो सुबह आठ बजे आते है और तीन बजे तक रहते हैं।चिकित्सक जमशेदपुर से आते हैं ट्रेन लेट होने पर लेट से आते हैं। बताया कि इमरजंसी में अस्पताल में कुछ भी सुविधा नही है, राम भरोसे रेककर्मी रहते हैं। सिनी में लाचर स्वास्थ्य व्यवस्था से आक्रोशित रेलकर्मियों ने डीआरएम के आने की मांग कर रहे हैं।कहना है कि जब तक अस्पताल चिकित्सको की24 घण्टे उपस्थिति का ठोस आश्वाशन नही दिया जाता है तब तक घेराव जारी रहेगा और शव को भी उठने नही दिया जाएगा।रेलकर्मियों ने बताया की मॉर्निंग वर्क करते समय जब दिल का दौरा पड़ा तो साथी कर्मियों द्वारा पम्पिंग कर होश में लाया गया था लेकिन सही समय मे इलाज नही मिलने और ऑक्सीजन नही मिलने से निधन हो गया है। मृतक रेल कर्मी बिहार के रहने वाले थे। इंजीनियरिंग वर्क शॉप में पोस्टिंग के वाद अपने पत्नी और तीन वर्ष की बेटी के साथ रहते थे। उनके निधन से रेलकर्मियों में शोक की लहर दौड़ गयी है।

### हत्या की सुपारी लेने वाले युवक का अपहरण कर मर्डर की कोशिश, आठ अपराधी गिरफ्तार, पिस्टल गोली बरामद

पलामू(ईएमएस)।पलामू के मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में हत्या की सुपारी लेने वाले आनन्द कुमार रवि नामक युवक का अपहरण कर उसका मर्डर करने का प्रयास किया गया। अपहरण कर उसके साथ मारपीट की जा रही थी। हालांकि मुहल्ले के लोगों के जुट जाने से युवक की जान बची। उसके द्वारा दर्ज करायी गयी नामजद प्राथमिकी के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी को मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया। उनके पास से हथियार और गोली बरामद की गई है। बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ कई आपराधिक मामले अलग अलग थाने में दर्ज हैं और वे पहले भी जेल जा चुके हैं। हत्या की सुपारी जमीन के एक मामले में दी गई थी। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने दोपहर 4 बजे के इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुपारी देने वाले की पहचान हो गई है। जल्द उसकी भी गिरफ्तारी होगी।एसपी ने बताया कि मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के भट्टी मोहल्ला इलाके में 30 मार्च की रात घटना हुई। आनंद कुमार रवि का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की जा रही थी और हत्या करने की तैयारी थी। आसपास के लोगों के जुट जाने पर अपराधी आनंद को छोड़कर फरार हो गए थे। इस संबंध में 31 मार्च को मामला दर्ज कराया गया, जिसमें आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया। वे सभी एक स्कॉर्पियो से बाहर भागने की तैयारी में थे।

**समादेष्टा का कार्यालय, आई0आर0बी0-01, जामताड़ा**

**अति अल्पकालीन**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

समादेष्टा कार्यालय/पोस्ट–पिकेट में दैनिक प्रयोग में आने वाले साफ–सफाई, इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रानिक्स एवं कार्यालय कार्य में लाये जाने वाली अन्य आवश्यक सामग्रियों की आवश्यकता है, जिसकी सूची समादेटा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। आपूर्ति कार्य हेतु इच्छुक प्रतिटा आई0आर0बी0–01, जामताड़ा के गोपनीय कार्यालय में स्वतः या दूत के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं। प्राप्त मुहरबंद निविदा दिनांक 14.04.2026......05:00 बजे अपराहण को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। इस समय निविदा दाता उपस्थित होना आवश्यक है। आपकी अनुपस्थिति में यह माना जायेगा कि आपकी अनुपस्थिति में निविदा खोलने से आपका कोई आपत्ति नहीं है।

नियम और शर्ते :–

1. जी0एस0टी0 की निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य।
2. आपूर्तिकर्ता की वार्षिक रिर्टन फाईल की छायाप्रति साथ संलग्न कराना अनिवार्य।
3. न्युनतम दर अनुमोदित होने वाले निविदा दाता अनुमोदित गुणवत्ता के अनुसार ही सामग्रियों की आपूर्ति करेंगे एवं सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय में करेंगे।
4. न्यूनतम दर के आलोक में स्वीकृत होने वाले निविदा दाता से कार्यालय में दिखाये गये नमूने के अनुसार ही सामानों की आपूर्ति करनी होगी तथा सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अल्प अवधि में समादेष्टा कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।
5. सफल निविदा दाता को स–समय एवं गुणवत्ता के अनुरूप सामग्रियों की आपूर्ति समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0–01, जामताड़ा में करना होगा।
6. स्वीकृत दर पर एक से अधिक निविदा दाता सामग्रियों की आपूर्ति लेने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
7. सामग्री क्रय का निर्णय अच्छी गुणवत्ता के आधार पर किया जायेगा।
8. विलम्ब से प्राप्त होने वाले निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
9. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने या संशोधन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–01, जामताड़ा

PR 376359 Police (26-27)_D

**कार्यालय – जिला मत्स्य पदाधिकारी, जामताड़ा।**

**प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत् आवेदन आमंत्रण**

एतद् द्वारा सूचित करना है कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत् जामताड़ा जिले के चिन्हित जनजातिय 285 ग्रामों में प्रस्तावित योजना के अधीन जिले के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक जनजातीय व्यक्तियों के लिए योजना के मुख्य उद्देश्य उनके समाजिक भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा एवं उन्नति के उद्देश्य से वित्तीय वर्श 2026–27 के लिए जनजातीय आवेदकों को आवेदित योजना का 90 प्रतिशत सरकारी अनुदान शेष 10 प्रतिशत राशि स्वयं लाभुक को वहन किए जाने का प्रावधान है। जिसमें जिला स्तरीय समिति द्वारा पारित लाभुक जनित निम्नलिखित योजनाओं में स्वेच्छा रूप अपनी आर्थिक सक्षमता के आधार पर संचालन एवं लाभ प्राप्ति हेतु विहित प्रपत्र में दिनांक 25.04.2026 तक कार्यालय कार्य अवधि में आवेदन आमंत्रित किए जायेगें।

आवेदन प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

आवदेन के साथ आवेदित योजना का डी0पी0आर0, बैंक खाता की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति अपना अंशदान लगाने से संबंधित शपथ पत्र, जाति प्रमाण पत्र अन्य योजना से लाभ की प्राप्त करने का शपथ पत्र एवं निर्माण व अधिष्ठापन योग्य आवेदित योजना हेतु अंचलाधिकारी स्तर से निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) | सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान की राशि (लाख रू0 में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनु0 जनजाति मात्र (90%) | स्वयं लागत (10%) |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 2 | नये रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे0 में) | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 3 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | (हे0 में) | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो–आउट तालाबों के निर्माण में) | (हे0 में) | 4.00 | 3.60 | 0.40 |
| 5 | बयोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 6 | बैकयॉर्ड सजावट/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 7 | मध्यम आकार के सजावट/ रंगीन/ अलंकारी/ मछलियों की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 8.00 | 7.20 | 0.80 |
| 8 | मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता)04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 9 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 घनमीटर क्षमता का 01 टैंक)04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 7 टैंक वाले बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 10 | बैकयॉर्ड मिनी आर0 ए0 एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | (सं0 में) | 0.50 | 0.45 | 0.05 |
| 11 | जलाशयों में केज अधिष्ठापन | (सं0 में) | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 12 | आर0एफ0एफ0/ पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | (हे0 में) | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 13 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/ आईस प्लाट निर्माण | (सं0 में) | 40.00 | 36.00 | 4.00 |
| 14 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | (सं0 में) | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 15 | इनसुलेटेड वाहन | (सं0 में) | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 16 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | (सं0 में) | 0.75 | 0.675 | 0.075 |
| 17 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | (सं0 में) | 0.10 | 0.09 | 0.01 |
| 18 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | (सं0 में) | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 19 | जिंदा मछली बिक्री केन्द्र | (सं0 में) | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 20 | लघु फिश फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 27.00 | 3.00 |
| 21 | फिश कियोस्क का निमार्ण (सजावटी/ रंगीन/ अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | (सं0 में) | 10.00 | 9.00 | 1.00 |
| 22 | नाव (प्रतिस्थापन) एवं जाल परम्परागत मछुआरों के लिए (नाव एवं जाल के प्रकार/ किस्म का उल्लेख अवश्य करें।) | (सं0 में) | 5.00 | 4.50 | 0.50 |
| 23 | मोती पालन | (सं0 में) | 0.20 | 0.18 | 0.02 |
| DAJGUA के लिए पीएम.एम.एस.वाई. केन्द्र प्रायोजित योजना के तहत समुदायिक आधारित उप घटक और गतिविधियाँ | | | | | |
| 1 | जलाशयों में अंगुलिकाओं (IMC) का संचयन/ 1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 रू0 प्रति अंगुलिका) | (हे0 में) | @Rs.03/- Fingerling | सामूहिक कार्य 100% अनुदान | |
| 2 | फिश रिटेल मार्केट (रंगीन मछलियों के साथ) का निर्माण | (सं0 में) | 100 लाख | सामूहिक कार्य 100% अनुदान | |
| 3 | मछली मूल्य सवंर्धित उद्यम इकाई | (सं0 में) | 50 लाख | सामूहिक कार्य 100% अनुदान | |

आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थानः– जिला मत्स्य कार्यालय, जामताड़ा।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 25.04.2026 को कार्यालय अवधि तक।
नोट :– विस्तृत विवरणी मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड रॉंची के वेबसाईट www.jharkhandfisheries.org पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी, जामताड़ा।

PR 376366 (Fish) 26-27 (D)

# वित्तीय वर्ष 2025-26 में बोकारो इस्पात संयंत्र ने स्थापित किए नए कीर्तिमान






बोकारो। इस्पात संयंत्र ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्पादन, प्रेषण एवं परिचालन के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की। इस अवधि में संयंत्र की सभी प्रमुख इकाइयों ने अब तक के सर्वश्रेष्ठ मासिक, त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक उत्पादन आँकड़े दर्ज किए, साथ ही कई वार्षिक उत्पादन कीर्तिमान भी स्थापित किए गए। स्टील मेल्टिंग शॉप(न्यू) से कच्चे इस्पात का उत्पादन 1.163 मिलियन टन के सर्वोच्च स्तर पर रहा. हॉट रोल्ड(एचआर) कॉइल का उत्पादन 4.267 मिलियन टन, कूल कोल्ड रोल्ड (सीआर) बिक्री योग्य इस्पात1.39 मिलियन टन, तैयार बिक्री योग्य इस्पात 4.15 मिलियन टन तथा कुल बिक्री योग्य इस्पात4.56 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर दर्ज किया गया. प्रेषण के क्षेत्र में भी संयंत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल बिक्री योग्य इस्पात का 4.60 मिलियन टन तथा तैयार बिक्री योग्य इस्पात का 4.18 मिलियन टन का अब तक का सर्वाधिक डिस्पैच सुनिश्चित किया. परिचालन उपलब्धियों के दृष्टिकोण से भी वर्ष 2025-26 अत्यंत महत्वपूर्ण रहा. एसएमएस-न्यू ने 465 हीट्स के साथ सबसे लंबी स्लैब कास्टिंग सीक्वेंस का नया रिकॉर्ड स्थापित किया. सीमित संसाधनों के बावजूद सिंटर प्लांट ने लगभग रिकॉर्ड स्तर का उत्पादन कर अपनी परिचालन दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता, कोक दर, सीडीआई दर एवं विशिष्टऊर्जा खपत जैसे तकनीकी-आर्थिक मानकों में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। सीआरएम-III ने स्थापना के बाद से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, वहीं कोल केमिकल्स क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि परिलक्षित हुई. पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में प्रमुख उत्पादों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई.कच्चे इस्पात उत्पादन में 12.9 प्रतिशत, एचआर कॉइल में 15.6 प्रतिशत, सीआर बिक्री योग्य इस्पात में 18.3प्रतिशत तथा कुल बिक्री योग्य इस्पात में 18.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई. उत्पाद विविधीकरण एवं मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में भी संयंत्र ने महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की. विद्युत इस्पात, ऑटोमोबाइल क्षेत्र हेतु उच्च शक्ति कोल्ड रोल्ड इस्पात, जहाज निर्माण के लिए मरीन ग्रेड इस्पात तथा प्रेशर वेसल इस्पात जैसे नए ग्रेड सफलता पूर्वक विकसित किए गए। इसके अतिरिक्त, पहली बार चेकर प्लेट कॉइल का उत्पादन कर संयंत्र ने नए बाजार क्षेत्रों में प्रवेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया. समग्र रूप से, वित्तीय वर्ष 2025–26 में बीएसएल का प्रदर्शन इस स्तर तक उत्कृष्ट रहा कि संयंत्र ने सचमुच अपने प्रदर्शन से "गरदा उड़ा दिया" अर्थात् सभी मानकों पर उल्लेखनीय श्रेष्ठता प्रदर्शित करते हुए नए मानदंड स्थापित किए. पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए बीएसएल ने संसाधन संरक्षण, अपशिष्ट पुनर्चक्रण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में अनेक प्रभावी पहलें की हैं. सौर ऊर्जा परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा नेट-जीरोउत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं. सुरक्षा एवं डिजिटलीकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है. एआर/वीआर आधारित सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना, आईओटी आधारित मॉनिटरिंग प्रणाली तथा विभिन्न सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यस्थल सुरक्षा को और सुदृढ़ किया गया है. पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान संयंत्र को कालिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवॉर्ड प्राप्त हुए हैं. वित्तीय वर्ष 2025–26 में बोकारो इस्पात संयंत्र का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन इसके कर्मियों की प्रतिबद्धता,तकनीकी दक्षता एवं नवाचार की भावना का प्रतीक है. संयंत्र देश के इस्पात क्षेत्र को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सतत एवं आत्मनिर्भर विकास की दिशा में निरंतर अग्रसर है.
इस अवसर पर बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन ने इस्पात कर्मियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए नए वित्तीय वर्ष में प्रदर्शन के स्तर को और ऊँचाइयों तक ले जाने तथा सुरक्षा एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया. अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री अनुप कुमार दत्त ने संयंत्र के विभिन्न विभागों का दौरा कर अधिकारियों, कर्मियों एवं संविदा कर्मियों सहित समस्त बीएसएल परिवार को बधाई दी तथा आगामी वर्ष में और बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित करते हुए सुरक्षा एवं गुणवत्ता पर निरंतर फोकस बनाए रखने का संदेश दिया.

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण




पाकुड़: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मनीष कुमार ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मनीष कुमार ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने वहां रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। उल्लेखनीय हो कि, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्री - मासिक (अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है एवं रखरखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग रांची को समर्पित करना होता है।
इसी संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण करते हुए निर्वाचन विभाग के कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा प्रतिवेदन मंत्रीमंडल निर्वाचन विभाग रांची को भेजने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक पार्टी के जिला अध्यक्ष/सदस्य एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## गिरिडीह कोर्ट के बाहर प्रेमी जोड़े के परिजनों का हंगामा

**प्रेम प्रसंग में शादी होने के बाद कोर्ट मैरेज कराने पहुंचे थे युवती के परिजन, युवक के परिजन शादी को नहीं है तैयार।**



गिरिडीह : गिरिडीह में कोर्ट परिसर के बाहर प्रेमी युगल के शादी कराने की सूचना मिलने के बाद दोनों के परिजनों के बीच जमकर बवाल हो गया है। एक पक्ष के लोग शादी को तैयार हैं, वहीं दूसरे पक्ष के लोग इस शादी को मानने को तैयार नहीं हैं, इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हो रहा है। बता दें कि राजधनवार थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। इसकी भनक ग्रामीणों और युवती के परिजनों ने युवक को पकड़ लिया और दोनों की जबरन शादी करवा दी गई। इसके बाद आज दोनों को कोर्ट मैरेज कराने के लिए युवती के परिजन युवक को लेकर कोर्ट पहुंच गए। जैसे ही इसकी जानकारी युवक के परिजनों को मिली तो वे लोग कोर्ट पहुंच गए और इस शादी का विरोध करने लगे और युवती के परिजनों पर जबरन दबाव बनाकर शादी करने की बात कहकर जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना के बाद कोर्ट परिसर के बाहर जमकर हंगामा हो रहा है।

# राष्ट्रीय मंच पर पाकुड़ का परचम, झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत बनी देश की नंबर-2 महिला हितैषी पंचायत





पाकुड़ः पाकुड़ जिला अंतर्गत प्रखंड पाकुड़ की झिकरहट्टी पूर्वी ग्राम पंचायत ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के अंतर्गत "महिला हितैषी पंचायत" थीम में दीन दयाल उपाध्याय सतत विकास पुरस्कार में पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर झारखंड राज्य एवं पाकुड़ जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

**सतत विकास, महिला सशक्तिकरण एवं सुशासन का उत्कृष्ट मॉडल** : पंचायत को यह सम्मान स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों की उत्कृष्ट प्राप्ति, महिला सशक्तिकरण, समावेशी विकास एवं प्रभावी सुशासन के लिए प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि पंचायत स्तर पर योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन कर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

**पंचायत उन्नति सूचकांक (पी.ए.आई 2.0) में शानदार प्रदर्शन** : झिकरहट्टी पूर्वी ग्राम पंचायत ने पंचायत उन्नति सूचकांक (**पी.ए.आई** 2.0, वर्ष 2023-24) में 76.1 अंक प्राप्त कर "ग्रेड-ए (अग्रणी)" श्रेणी में स्थान अर्जित किया है।

**थीम आधारित प्रमुख उपलब्धियाँ**: महिला हितैषी पंचायत -81.43, बाल हितैषी पंचायत -85.25, गरीबी मुक्त एवं आजीविका संवर्धन-83.89, स्वस्थ पंचायत- 83.58, सुशासन युक्त पंचायत- 84.03, आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना- 83.14, सामाजिक न्याय एवं सुरक्षा- 79.59। यह प्रदर्शन पंचायत के समग्र एवं संतुलित विकास की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत करता है।

**राष्ट्रीय रोल मॉडल के रूप में उभरी पंचायत** : यह उपलब्धि स्पष्ट करती है कि महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर समावेशी विकास संभव है। स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों का सफल क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर किया जा सकता है। सामुदायिक सहभागिता एवं प्रभावी प्रशासन से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। झिकरहट्टी पूर्वी ग्राम पंचायत अब एक राष्ट्रीय रोल मॉडल पंचायत के रूप में स्थापित हो चुकी है।
जिला पंचायत राज पदाधिकारी, पाकुड़ कुमार अभिषेक सिंह ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक (पी.ए.आई 2.0) के विभिन्न इंडिकेटर्स में निरंतर सुधार, योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्थानीय नवाचार इस उपलब्धि के मूल आधार हैं। उन्होंने कहा कि "महिला हितैषी पंचायत" थीम के अंतर्गत किए गए कार्य पूरे देश के लिए अनुकरणीय हैं और यह सफलता पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मियों एवं ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।
उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल पाकुड़ जिले बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का विषय है।
उन्होंने कहा कि यह सफलता दर्शाती है कि समर्पण, पारदर्शिता एवं जनभागीदारी के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन कर ग्रामीण स्तर पर भी राष्ट्रीय पहचान स्थापित की जा सकती है।
उपायुक्त ने इस उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम, जनप्रतिनिधियों, पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव एवं समस्त पाकुड़वासियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग एवं अथक मेहनत के बिना यह सफलता संभव नहीं थी।
साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस उत्कृष्ट मॉडल को अन्य पंचायतों में भी लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिले के अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा
झिकरहट्टी पूर्वी ग्राम पंचायत ने यह सिद्ध कर दिया है कि "मजबूत पंचायत – समृद्ध भारत की आधारशिला" यह उपलब्धि राज्य की अन्य पंचायतों को प्रेरित करेगी कि वे सतत विकास लक्ष्यों, महिला सशक्तिकरण एवं सुशासन की दिशा में नवाचार एवं समर्पण के साथ कार्य करें। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि झारखंड के ग्रामीण विकास मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाती है और यह संदेश देती है कि सही नेतृत्व, मजबूत क्रियान्वयन एवं जनसहभागिता से पंचायत स्तर पर भी उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न, एनएचएम कर्मियों के अप्रेजल पर विस्तृत समीक्षा



पाकुड़: डीसी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों के वार्षिक अप्रेजल को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।
बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर्मियों के कार्य निष्पादन की गहन समीक्षा की गई। डीसी द्वारा प्रत्येक कर्मी के कार्यों का क्रमबार मूल्यांकन करते हुए उनके प्रदर्शन प्रतिवेदन के आधार पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से अप्रेजल प्रदान किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को 8 प्रतिशत वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी। वहीं अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को 7 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत की वेतन वृद्धि दी गई। जिन कर्मियों का प्रदर्शन औसत से कम पाया गया, उन्हें 5 प्रतिशत की वेतन वृद्धि प्रदान की गई। डीसी ने कहा कि कार्य के प्रति समर्पण, जिम्मेदारी एवं गुणवत्ता ही मूल्यांकन का आधार है। उन्होंने सभी कर्मियों को अपने कार्य में और अधिक सुधार लाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

## पाकुड़ में पीडीजे की बैठक चेक बाउंस मामलों पर विशेष जोर, लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा



पाकुड़ः झालसा रांची के निदेर्शानुसार अप्रैल माह में आयोजित होने वाले मासिक लोक अदालत और विशेष लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अध्यक्षता में पीडीजे कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में इंश्योरेंस कंपनियों के अधिवक्ता, बैंक अधिकारी, संबंधित पदाधिकारी तथा वादियों-प्रतिवादियों के अधिवक्ता उपस्थित रहे। इस दौरान विशेष रूप से एनआई एक्ट (चेक बाउंस) से जुड़े मामलों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि अधिक से अधिक चेक बाउंस मामलों का निपटारा सुलह-समझौते के आधार पर किया जाए, ताकि पक्षकारों को त्वरित और सुलभन्याय मिल सके। इसके साथ ही समय पर नोटिस भेजने और प्रक्रिया को सरल बनाने पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। बैठक में न्यायिक पदाधिकारी, इंश्योरेंस कंपनियों के प्रतिनिधि, विभिन्न बैंकों के अधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तेजस्वी यादव के झारखंड दौरे पर गरिमामय आगमन झारखंड की तरक्की का खुलेगा द्वार - इरफान आलम



गिरिडीह : 05 अप्रैल को बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम प्रतिपक्ष के नेता राजद के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय तेजस्वी यादव के झारखंड दौरे झारखंड वासियों के लिए राज्य की तरक्की एवं विकास का खुलेगा द्वार आज आदरणीय श्री तेजस्वी यादव जी के झारखंड आगमन में भव्य स्वागत को लेकर गिरिडीह जिले में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल की बैठक में जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने उक्त बातें कही। गिरिडीह के सर्किट हाउस में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल जिला कमिटी की बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड अध्यक्ष, सचिव सभी जिला कमिटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों तथा राजद के सभी प्रकोष्ठों के अगुआ नेतृत्वकारी साथियों सभी राजद कार्यकर्ताओं ने बिहार का शेर राजद कार्यकारी प्रमुख तेजस्वी यादव जी के झारखंड आगमन पर भव्य स्वागत की हुंकार भरी और सभी राजद कार्यकर्ताओं को भारी संख्या में रांची पहुंचने की अपील की। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष इरफान आलम, प्रदेश सचिव इनामुल हक, प्रदेश सचिव कामरान अंसारी,महासचिव शाहबाज कादरी, रामेश्वर प्रसाद यादव, md नेक वारिश, उस्मान अंसारी, इरफान अंसारी, जमुआ प्रखण्ड अध्यक्ष ललन यादव,शहजाद अंसारी, उदय कुमार, जियाउद्दीन अंसारी, तोसिफ अंसारी, रहमत अंसारी, रजाक अंसारी, प्रभु रविदास, दशरथ यादव, संजय प्रसाद यादव, सहित अनेक राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने डीसी से की शिष्टाचार मुलाकात




पाकुड़ः नगर परिषद अध्यक्ष सबरी पाल एवं उपाध्यक्ष राणा ओझा द्वारा डीसी मनीष कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की गई। इस अवसर पर उन्होंने डीसी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

**नगर क्षेत्र के विकास पर हुई सार्थक चर्चा** :
मुलाकात के दौरान नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नगर परिषद प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी दी तथा भविष्य की प्राथमिकताओं एवं आवश्यकताओं से भी अवगत कराया।

**समन्वय से विकास को मिलेगी गति** : डीसी ने कहा कि नगर क्षेत्र के समग्र विकास हेतु प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।
उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत


दुमकाः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर में बुधवार को एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन फीता काटकर डॉक्टर पंचाम लाल यादव के हाथों किया गया। इस कार्यक्रम के तहत् 14-15 वर्ष की उम्र की किशोरी को एचपीवी का टीका लगाया जाएगा। इस टीकाकरण से भविष्य में गर्भाशय में कैंसर नहीं होगा।कार्यक्रम की शुरुआत के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लेखापाल बिनोद कुमार, बैम प्रदीप कुमार, समन्वयक दिलीप मिंज, लैब टेक्निशन जोनाथन मुर्मू, बीटीटी संजय कुमार, सुवासिनी हांसदा, सहिया साथी एस्थर टुडू, सन्तोषिनी हेंब्रम, बिनौला टुडू, सोनामति टुडू, मौजूद थे।

## चैत्र शुक्लपक्ष चतुर्दशी के दिन बाबा बासुकिनाथ मंदिर में दिखा आस्था का सैलाब

दुमकाःचैत्र शुक्लपक्ष चतुर्दशी तिथि बुधवार को देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं से बाबा बासुकिनाथ का फौजदारी दरबार गुलजार रहा। बिहार,मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़, गुजरात,महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश,दिल्ली सहित अन्य स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकिनाथ के फौजदारी दरबार में हाजिरी लगायी और गर्भगृह में प्रवेश कर जलार्पण किया। इन दिनों बासुकिनाथ मंदिर में देश विदेश से आए पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ हो रही है।श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने उनके जलार्पण के लिए अच्छी व्यवस्था की।
दिन भर में हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा मंदिर में जलार्पण किया। संध्या काल में विश्राम पूजा के बाद जब बाबा मंदिर का पट खुला तो सैकड़ों श्रद्धालुओ की भीड़ पट खुलने का इंतजार कर रही थी। पट खुलने के बाद जलार्पण के लिए प्रतीक्षा कर रहे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर नेम निष्ठा से बाबा मंदिर के गर्भगृह में जलार्पण किया और बाबा फौजदारी से अपने अपने परिजनों के सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

# तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर निकला 80 छात्रों का दल, उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी





पाकुड़ः राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्रोजेक्ट परख के तहत प्रारंभिक विद्यालयों के छात्र- छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार एवं एडीपीओ पीयूष कुमार द्वारा परिसदन, पाकुड़ से 80 छात्र-छात्राओं के दल को 3 बसों के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

**जिले के तीन प्रखंडों से चयनित विद्यार्थी** : यह शैक्षणिक भ्रमण पाकुड़िया, अमड़ापाड़ा एवं महेशपुर प्रखंड के कक्षा 06 से 08 तक के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया है। विद्यार्थियों का चयन जिले के विभिन्न प्रखंडों से किया गया है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इस पहल का लाभ मिल सके।

**प्रकृति, विज्ञान एवं इतिहास से होगा सीधा परिचय**
इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं को मधुवन पारसनाथ एवं पीरटांड़ (जिला गिरिडीह), सर जे.सी. बसु स्मारक स्थल, चिड़ियाघर, ओरमांझी स्थित मछली घर सहित अन्य दर्शनीय एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को प्रकृति, विज्ञान, इतिहास एवं संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां व्यावहारिक रूप से प्राप्त होंगी।

**अनुभव आधारित शिक्षा पर जोरः-डीसी** डीसी मनीष कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को कक्षा के बाहर सीखने का अवसर मिलता है, जिससे उनकी समझ और दृष्टिकोण दोनों का विस्तार होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास एवं नई चीजों को सीखने की प्रेरणा विकसित करते हैं। साथ ही यह उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम**ःछात्र-छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनके साथ सुरक्षा बल एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था की गई है, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

**शिक्षा को अनुभव से जोड़ने की पहल** ःयह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर वास्तविक दुनिया से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो उनके ज्ञान, दृष्टिकोण एवं आत्मविश्वास को नई दिशा प्रदान करेगी।

बीसीसीएल
BCCL
भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
Bharat Coking Coal Limited

**भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**
**(एक मिनीरत्न कंपनी)**
**(कोल इंडिया लिमिटेड का एक अंग)**

संदर्भ संख्या : बीसीसीएल/पीबीए/केपी/प. पदा./2026/514 दिनांक : 22.02.2026

**"अपील"**

महाशय, कई वर्षों से आप सभी इस बात से अवगत हैं कि केन्दुआडीह कोलियरी के लीज क्षेत्र का सम्पूर्ण मालिकाना हक बीसीसीएल उपक्रम के पास है एवं इस क्षेत्र में पूर्व से ही कई बार भू-धसान, पोट हॉल एवं अग्नि प्रभावित घटनाएँ होती आ रही है। प्रभावित निवासियों को अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर जाने हेतु पूर्व में अनेकों बार समाचार पत्रों एवं सूचना के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है।

हाल में दिनांक 03.12.2025 से राजपूत बस्ती, पुराना जीएम बंगला, मस्जिद मोहल्ला और नया धौड़ा एवं आस-पास के क्षेत्रों में जहरीली गैस का रिसाव हो रहा है। यह जहरीली गैस स्वास्थ्य के लिए बहुत ही खतरनाक है। जिसकी संपर्क में रहने से जान भी जा सकती है।

बीसीसीएल उपक्रम के द्वारा जहरीली गैस की रिसाव को देखते हुए देश के तीन प्रख्यात वैज्ञानिक संस्थानों CIMFR PMRC एवं IIT (ISM) को लगाया गया है। वर्तमान में वैज्ञानिक सुझाव के अनुसार उन सभी प्रभावित क्षेत्र में बोर हॉल करा कर नाईट्रोजन गैस डाला जा रहा है। नाईट्रोजन गैस बोर हॉल के द्वारा डालने से जहरीली गैस की मात्रा में जितनी कमी होने की उम्मीद थी, उतनी कमी नहीं हो रहा है एवं अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पा रहा है। जहरीली गैस के अध्ययन के मद्देनजर वैज्ञानिक दल का मानना है कि गैस रिसाव के स्थानों पर गर्मी बढ़ाने से जहरीली गैस रिसाव की मात्रा में वृद्धि होने की संभावना है। आने वाले गर्मी के मौसम के लिए यह स्थिति और भयावह हो सकती है।

अतः राजपूत बस्ती, पुराना GM बंगला, मस्जिद मोहल्ला एवं नया धौड़ा एवं आस-पास के क्षेत्र में रहने वाले सभी निवासियों से प्रार्थना है कि इस असुरक्षित क्षेत्र में ना रहे एवं अन्यन्त्र चले जाएँ ताकि जान माल की क्षति से बचा जा सके। जीवन अति मूल्यवान है एवं इससे बचना अति आवश्यक है।

प्रभावित क्षेत्र में निवास करने वाले निवासियों को यह भी जानकारी दी जा रही है कि सरकार द्वारा आप सभी की सुरक्षा को लेकर झरिया मास्टर प्लान (JMP) के तहत सुरक्षित स्थानों पर आवासों का निर्माण कराया गया है। आप सभी आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ आवेदन पत्र झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार, धनबाद के कार्यालय में जमा करा कर आवास एवं नियम संगत मुआवजा पा सकते हैं। इस संदर्भ में बीसीसीएल की इकाई कार्यालय के द्वारा सभी तरह का यथासंभव एवं न्याय संगत सहयोग प्रदान किया जायेगा।

निवासियों से पुनः अपील है कि खतरे को देखते हुए शीघ्र अतिशीघ्र सुरक्षित स्थान पर चले जाना आवश्यक समझें, इसके बावजूद भी यदि आप इस असुरक्षित स्थान पर निवास करते हैं, वैसी स्थिति में आपके सुरक्षा की सम्पूर्ण जवाबदेही आपकी स्वयं की होगी एवं बीसीसीएल प्रबंधन इसके जिम्मेदार नहीं होगा।

सधन्यवाद,

ह0/-
परियोजना पदाधिकारी
केन्दुआडीह कोलियरी
पुटकी बलिहारी क्षेत्र, बीसीसीएल

## संक्षिप्त खबरें

### नवादा जिला के रोह में सामाजिक सौहार्द और सद्भावना को बिगाड़ने वाली घटना की जांच हेतु राजद ने नौ सदस्यीय जांच समिति का गठन किया: एजाज अहमद

**आज 2 अप्रैल को राजद की टीम घटनास्थल का दौरा करेगी**

पटना, (ईएमएस)। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि दिनांक 28 मार्च, 2026 को नवादा जिला के रोह प्रखंड एवं रोह थानांतर्गत ''रोह पुरानी बाजार'' में सामाजिक सौहार्द एवं सद्भावना को बिगाड़ने वाली एक अप्रत्याशित अप्रिय घटना घटी। हालांकि, अमन पसंद लोगों की सजगता के कारण असामाजिक तत्वों द्वारा प्रायोजित ऐसी किसी संभावित घटना को मूर्त रूप नहीं दिया जा सका। राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और निर्णय लिया है कि इस घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु पार्टी की ओर से पूर्व मंत्री मो.इसराइल मंसूरी की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय जांच समिति गठित की है। जिसमेंडॉ० उर्मिला ठाकुर, विधान पार्षद सह प्रदेश प्रवक्ता, सदस्य,मो० सलमान रागीब, पूर्व विधान पार्षद, सदस्य, मधु मंजरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता, राजद, सदस्य,मो० एजाज अहमद, प्रदेश प्रवक्ता, राजद, बिहार, सदस्य, बबलू मालाकार, पूर्व प्रदेश महासचिव, राजद, सदस्य, उदय कुमार यादव, जिलाध्यक्ष, नवादा जिला, सदस्य,विमल कुमार राय, प्रदेश महासचिव, प्रदेश युवा राजद, सभी सदस्य,सतीश कुमार दास, पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता, राजद, संयोजक बनाए गए हैं।एजाज ने बताया कि जांच समिति आज दिनांक 02 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे पटना से घटनास्थल के लिए प्रस्थान करेगी तथा सभी संभावित बिंदुओं पर सूक्ष्म जांच-पड़ताल कर एक तथ्यात्मक प्रतिवेदन पार्टी के राज्य मुख्यालय को समर्पित करेगी।

### बम धमाका करने की धमकी देने वाले आरोपी कर्नाटक से गिरफ्तार

पटना, (ईएमएस)। पटना सिविल कोर्ट, पटना हाई कोर्ट और बिहार तथा झारखंड के अन्य कोर्ट के साथ-साथ हवाई अड्डों, शिक्षण संस्थानों और ट्रेनों में बम धमाके करने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने कर्नाटक के मैसूर से गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम श्रीनिवास लुईस (47) है और वह लॉ ग्रेजुएट है। उस पर बिहार में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपी को दिल्ली साइबर पुलिस ने कर्नाटक के मैसूर वृंदावन लेआउट से पकड़ा। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पटना और बिहार के अन्य हिस्सों में 50 से भी ज़्यादा मामले दर्ज हैं। पटना के एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा ने कहा कि तीन अधिकारियों की एक टीम- जिसमें एक इंस्पेक्टर (जो टीम का नेतृत्व कर रहा है) और दो सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं को आरोपी से जुड़े सभी मामलों के संबंध में पूछताछ के लिए पहले ही दिल्ली भेज दिया गया है। उन्होंने आगे कहा, चूंकि दिल्ली और पूरे देश में कई मामले दर्ज हैं, इसलिए हम उसी के अनुसार अपनी मांग रखेंगे, और एक बार जब वह मंजूर हो जाएगी, तो उसे ट्रांजिट रिमांड पर पटना लाया जाएगा। पटना में दर्ज मामलों के संबंध में, एसएसपी शर्मा ने कहा कि पिछले साल से अब तक इस तरह के कुल 14 मामले दर्ज किए गए हैं। उसने इनमें से छह मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। बाकी मामलों के बारे में हम देखेंगे कि पूछताछ के दौरान क्या सामने आता है। एसएसपी ने आगे कहा कि आरोपी ने अपनी पढ़ाई और एक वकील से जुड़ी कुछ समस्याओं का ज़िक्र किया, और दो-तीन अन्य कारण भी बताए, लेकिन अब तक बम धमाके की ऐसी धमकियां भेजने के पीछे कोई ठोस मकसद सामने नहीं आया है। आपको बता दें कि पिछले कुछ महीनों में, पटना के कोर्ट को इस तरह की झूठी बम धमकियों का बार-बार निशाना बनाया गया है। अकेले पटना सिविल कोर्ट को ही जनवरी 2026 से अब तक कई ईमेल धमकियां मिली हैं, जिसके चलते कोर्ट परिसर खाली कराना पड़ा और न्यायिक कार्यवाही में बाधा आई। पिछले साल से अब तक कोर्ट परिसर को कम से कम आठ बार ऐसी धमकियों का सामना करना पड़ा है, जिससे जजों, वकीलों, मुकदमेदारों और कर्मचारियों के बीच दहशत फैल गई। इसी तरह की धमकियां अन्य जिला कोर्ट में भी मिलने की खबरें आई थीं।

### दोहरे हत्याकांड मामले में दो लोग गिरफ्तार

बेतिया, (ईएमएस)। दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर पिछले साल पश्चिम चंपारण में हुई दोहरे हत्याकांड जिसे ऑनर किलिंग (इज्जत के लिए हत्या) माना जा रहा है, से जुड़े होने का आरोप है। आरोपियों- रामपुर बगीचा के रामू मुशहर और उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के महादेव के रहने वाले जितेंद्र निषाद उर्फ जीतन मुखिया ने एक नाबालिग लड़की और उसके प्रेमी की हत्या करने और सामाजिक बदनामी से बचने के लिए इस अपराध को आत्महत्या का रूप देने की बात कबूल कर ली है। बगहा के एसपी रामानंद कौशल ने कहा कि यह मामला 14 सितंबर, 2025 का है, जब रामपुर बगीचा टोला के रहने वाले मदन बीन ने एक एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी नाबालिग बेटी, दुलारी कुमारी, का अपहरण कर लिया गया है। उन्होंने अपनी शिकायत में उसी गांव के आठ लोगों के नाम लिए थे, जिनमें अखिलेश यादव भी शामिल था। इसके बाद, अखिलेश की मां ने अदालत में एक जवाबी शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने लड़की के परिवार पर अपने बेटे का अपहरण करने का आरोप लगाया। लगभग चार महीने बाद, इस साल 22 जनवरी को, गांव के कुछ लोग पास के मदनपुर जंगल इलाके में जलाऊ लकड़ी लेने गए थे। वहां उन्हें एक पेड़ से लटके हुए दो शव मिले। बाद में इन शवों की पहचान उन्हीं लापता लोगों दुलारी कुमारी और अखिलेश यादव के रूप में हुई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों के बीच प्रेम-संबंध थे। लड़की के पिता इस रिश्ते के खिलाफ थे, क्योंकि उन्हें सामाजिक बदनामी का डर था। पुलिस ने कहा कि मदन बीन ने अपने साथी रामू मुशहर और अन्य रिश्तेदारों के साथ मिलकर इस प्रेमी जोड़े को खत्म करने की साज़िश रची थी। पिछले साल 8 सितंबर को लड़की को कथित तौर पर पत्तियां तोड़ने के बहाने जंगल ले जाया गया था। बाद में, मुशहर के मोबाइल फोन से कॉल करके अखिलेश को भी उसी जगह बुलाया गया। जांचकर्ताओं ने कहा कि आरोपियों ने अखिलेश पर ज़बरदस्ती एक सुसाइड नोट लिखवाया, जिसे बाद में उसके मोबाइल कवर के नीचे छिपा दिया गया। इसके बाद, आरोपियों ने कथित तौर पर लड़की की हत्या कर दी और अखिलेश का गला घोंट दिया। फिर, उन्होंने दोनों शवों को रस्सियों से बांधकर एक पेड़ से लटका दिया, ताकि यह मामला आत्महत्या जैसा लगे। एसपी ने कहा कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये गिरफ्तारियां जांच के दौरान जुटाए गए तकनीकी सबूतों के आधार पर की गई हैं। बाकी फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए आगे भी छापेमारी जारी है।

### निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की संदिग्ध हालात में मौत

बेतिया, (ईएमएस)। बिहार के पश्चिम चंपारण ज़िले के रामनगर में एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान 20 साल की एक गर्भवती महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि उसके ससुराल वालों ने, वहां मौजूद डॉक्टर के साथ मिलकर, उसकी हत्या की साज़िश रची। वहीं नवजात बच्चे के गायब होने से यह मामला और भी गंभीर हो गया है। मृत महिला की मां, शबनम ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी की शादी दो साल पहले चौतरवा थाना क्षेत्र के रायबारी महुआवा गांव के रहने वाले इमरान अंसारी से हुई थी। वह गर्भवती थी और घटना से ठीक दो दिन पहले ही उसने अपने परिवार से बात की थी। शबनम ने आरोप लगाया कि रामनगर के एक खास निजी अस्पताल में अपनी बेटी को ले जाने के खिलाफ उनकी चेतावनी के बावजूद ससुराल वालों ने मायके वालों को बिना बताए उसे वहीं भर्ती करा दिया। कुछ घंटों बाद, उन्हें उसकी मौत की खबर दी गई। उन्होंने कहा, जब हम अस्पताल पहुंचे, तो वहां सिर्फ़ मेरी बेटी की लाश थी। ससुराल वाले और नवजात बच्चा गायब थे। परिवार ने लंबे समय से दहेज के लिए परेशान करने का आरोप भी लगाया है। उनके मुताबिक, ससुराल वाले 20 लाख रुपये की एक कार की मांग कर रहे थे। आर्थिक तंगी के बावजूद, परिवार ने कर्ज़ लेकर 10 लाख रुपये की एक गाड़ी का इंतज़ाम किया, लेकिन उनकी मांगें जारी रहीं। उन्होंने डॉक्टर और अस्पताल के कर्मचारियों पर ज़हरीला इंजेक्शन देने का भी आरोप लगाया, जिससे उनकी बेटी की मौत हो गई। उनका ये भी दावा है कि इस अस्पताल का गलत इलाज और गैर-कानूनी तरीका का पुराना इतिहास रहा है। उधर बगहा के एसपी रामानंद कौशल ने कहा कि परिवार की शिकायत के आधार पर रामनगर थाने में एक एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# कारोबारी दिलीप सिंह पर बरसाईं गोलियां, हालत गंभीर

### कारोबारी जेडीयू विधायक के करीबी, पुलिस हमलावरों की कर रही तलाश

पटना,(ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना फिर गोलियों की आवाज दहली। शास्त्रीनगर थाना इलाके के शिवपुरी नाला के पास मंगलवार रात अपराधियों ने कारोबारी दिलीप सिंह पर फायरिंग की। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। कारोबारी दिलीप सिंह जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) विधायक श्याम रजक के करीबी माने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बताया जा रहा है कि हमलावर पहले से ही घात लगाकर बैठे थे और जैसे ही दिलीप सिंह वहां पहुंचे, उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घटना की सूचना पुलिस को सूचना दी। दिलीप सिंह शहर के जाने-माने कारोबारी बताए जाते हैं। वे निर्माण और इंडस्ट्रियल सेक्टर से जुड़ी बड़ी कंपनियों को मैटेरियल सप्लाई करने का काम करते हैं। दिलीप सिंह का स्थानीय व्यापारिक हलकों में अच्छा नेटवर्क माना जाता है। साथ ही वे जदयू विधायक श्याम रजक के करीबी मित्र भी बताए जा रहे हैं, जिस वजह से इस घटना ने राजनीतिक गलियारों में भी हलचल




दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि हमले के पीछे आपसी रंजिश, व्यापारिक विवाद या अन्य आपराधिक कारणों समेत सभी एंगल से जांच की जा रही है। घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। राजधानी में लगातार हो रही फायरिंग की घटनाओं से कानून-व्यवस्था पर विपक्ष भी सवाल खड़े कर रहा है।

## बिहार में बिजली बिल का नया नियम दिन में राहत तो रात में बन सकता है आफत?

**दिन, शाम और रात की अलग-अलग श्रेणियां, दरें भी बंटी**

पटना,(ईएमएस)। बिहार में बिजली उपभोक्ताओं को 1 अप्रैल से नियम बदल रहे हैं। राज्य सरकार ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए टाइम ऑफ डे टैरिफ लागू कर दिया। नए नियम के तहत अब बिजली का बिल इस बात पर निर्भर करेगा कि आप दिन के किस समय बिजली का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में नए नियम के हिसाब से बिजली बिल का नया गणित दिन में राहत, शाम को आफत देने वाला हो सकता है। ऊर्जा विभाग का कहना है कि इस व्यवस्था का मकसद शाम के पीक आवर में बिजली की खपत कम करना और लोगों को दिन के समय जयादा बिजली इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसके तहत दिन, शाम और रात को अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर अलग-अलग दरें तय की गई हैं। शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक का समय पीक आवर माना गया है। इस दौरान बिजली इस्तेमाल करने पर उपभोक्ताओं को सामान्य दर से 10फीसदी ज्यादा भुगतान करना होगा। वहीं, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक के समय को ऑफ-पीक आवर घोषित किया गया है, जिसमें उपभोक्ताओं को 20फीसदी तक की छूट दी जाएगी। रात 11 बजे से सुबह 9 बजे तक बिजली सामान्य दर पर मिलेगी। प्रदेश में करीब 87 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ता इस नई व्यवस्था के दायरे में आएंगे।

## दुलारचंद यादव हत्या मामले में दो आरोपियों को हाई कोर्ट से मिली जमानत

पटना, (ईएमएस)। पटना हाई कोर्ट ने जद (यू) नेता और विधायक अनंत सिंह के साथ दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में सह-आरोपी राजवीर सिंह और उनके भाई करमवीर सिंह को अग्रिम ज़मानत दे दी है। यह घटना पिछले साल बिहार में हुए विधानसभा चुनावों से ठीक पहले हुई थी। न्यायाधीश प्रभात कुमार सिंह की एकल पीठ ने राजवीर और करमवीर द्वारा संयुक्त रूप से दायर अग्रिम ज़मानत याचिका को मंज़ूर करते हुए यह आदेश पारित किया। इस आदेश की एक प्रति अब सार्वजनिक हुई। मालूम हो कि बीते 19 मार्च को, हाई कोर्ट ने अनंत सिंह को नियमित ज़मानत दे दी थी। अनंत सिंह मोकामा विधानसभा सीट से जद (यू) के विधायक हैं और उन्हें दुलारचंद की कथित हत्या के मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया था। यह मामला भदौर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। वकील नरेश दीक्षित ने राजवीर और करमवीर की ओर से इस मामले की पैरवी की और दलील दी कि उनके मुवक्किलों पर लगाए गए आरोप सामान्य प्रकृति के हैं। दीक्षित ने आगे कहा, पीड़ित दुलारचंद यादव को गोली मारकर जानलेवा चोट पहुंचाने का विशिष्ट आरोप अनंत सिंह पर लगाया गया था, जिन्हें नियमित ज़मानत मिल चुकी है। मेरे मुवक्किलों को राजनीतिक रंजिश के चलते इस हत्या के मामले में फंसाया गया है।

# बाहुबली नेता अनंत सिंह और धूमल सिंह समेत कई दिग्गजों को मिली नई जिम्मेदारी

पटना,(ईएमएस)। बिहार की राजनीति में बाहुबली छवि के नेताओं का दबदबा एक बार फिर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मोकामा से विधायक अनंत सिंह, जो हाल ही में दुलारचंद यादव हत्याकांड में जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आए हैं, सियासत में फिर से पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। जेल से बाहर आते ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर अपनी वफादारी पेश की थी और आगामी चुनाव न लड़ने का भी ऐलान किया था। अब नीतीश कुमार के प्रति उनकी इस निष्ठा का बड़ा परिणाम सामने आया है। मंगलवार को बिहार विधानसभा की 19 महत्वपूर्ण समितियों का गठन किया गया, जिसमें अनंत सिंह और मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह जैसे बाहुबली नेताओं को प्रमुख स्थान दिया गया है।



विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार की मंजूरी के बाद वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इन समितियों के अध्यक्षों और सदस्यों की आधिकारिक सूची जारी की गई है। इस नई व्यवस्था में मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह को पर्यटन उद्योग से संबंधित समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वहीं, मोकामा विधायक अनंत सिंह को पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण समिति में सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है, जिसकी अध्यक्षता अवधेश सिंह करेंगे। इन समितियों का कार्यकाल 1 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 31 मार्च 2027 तक निर्धारित किया गया है। अगले एक वर्ष तक ये समितियां विभिन्न सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करेंगी और सरकार को आवश्यक सुझाव देंगी। समितियों के गठन में केवल बाहुबली नेताओं को ही नहीं, बल्कि हाल के राज्यसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक समीकरण बदलने वाले विधायकों को भी इनाम दिया गया है। राज्यसभा चुनाव में वोटिंग से दूर रहने वाले कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह और आरजेडी विधायक फैसल रहमान को भी समितियों का अध्यक्ष बनाया गया है।

मनोहर प्रसाद को प्रत्यायुक्त विधान समिति का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि फैसल रहमान को गैर सरकारी विधेयक एवं संकल्प समिति की कमान सौंपी गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विपक्ष के इन विधायकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना सत्ता पक्ष द्वारा भविष्य के राजनीतिक संतुलन को साधने का एक सधा हुआ प्रयास है।

## अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, एक की मौत, दूसरा गंभीर

आरा,(ईएमएस)। भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाईवे पर भगवतपुर गांव के पास अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवकों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हादसे में रौशन सिंह (19) की मौत हो गई। वह चांदी थाना क्षेत्र के तापा जलपुरा गांव का रहने वाला था। रौशन इंटर का छात्र था और पढ़ाई कर रहा था। उसकी असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक हादसे में दूसरा युवक ज्ञानू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बेहतर उपचार के लिए पटना रेफर किया है। फिलहाल उसका इलाज पीएमसीएच में चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताया जाता है कि रौशन और ज्ञानू दोनों आपस में अच्छे दोस्त थे। दोनों किसी काम से बाइक से जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। एक ही घटना में एक की मौत और दूसरे की हालत गंभीर होने से गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है और आसपास के इलाकों में छापेमारी कर रही है।

# बिहार के मुख्य सचिव के पास डीजीपी से भी ज्यादा संपत्ति, प्रशासनिक हलकों में चर्चा

### यह पहल प्रशासनिक व्यवस्था में विश्वास बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम

पटना,(ईएमएस)। बिहार सरकार के अधिकारियों द्वारा अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक किए जाने के बाद प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी से लेकर ग्रुप-डी कर्मचारियों तक सभी ने अपनी संपत्ति का विवरण ऑनलाइन जारी कर दिया है। इस कदम को प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में अहम माना जा रहा है।



जारी आंकड़ों के मुताबिक बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की कुल संपत्ति राज्य के डीजीपी विनय कुमार की तुलना में ज्यादा बताई जा रही है। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि मुख्य सचिव से भी अधिक संपत्ति उनकी पत्नी के नाम पर दर्ज है, जो उन्हें परिवार स्तर पर और ज्यादा संपन्न बनाती है। संपत्ति विवरण के मुताबिक प्रत्यय अमृत की पत्नी के पास लगभग एक किलोग्राम सोने के आभूषण और करीब तीन किलोग्राम चांदी के गहने हैं। यह भी सामने आया है कि मुख्य सचिव ने करीब 79 लाख रुपए का कर्ज लिया हुआ है, जो उन्होंने अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए लिया है। नकद राशि के रूप में उनके पास करीब 15,400 रुपए हैं, जबकि उनकी पत्नी के पास करीब 10,408 रुपए नकद हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीजीपी विनय कुमार की संपत्ति का विवरण भी सार्वजनिक किया गया है, हालांकि तुलना में मुख्य सचिव का कुल वित्तीय प्रोफाइल ज्यादा मजबूत नजर आता है।

इस खुलासे ने यह स्पष्ट किया है कि उच्च प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारियों की आर्थिक स्थिति में भी विविधता पाई जाती है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि सीएमओ से जुड़े कुछ अधिकारियों की संपत्ति भी उल्लेखनीय है। खासकर ओएसडी गोपाल के पास सीएम के तीनों सचिवों से ज्यादा संपत्ति होने की बात सामने आई है, जिससे प्रशासनिक हलकों में चर्चा शुरु हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह से संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देता है, बल्कि आम जनता के बीच जवाबदेही की भावना को भी मजबूत करता है। यह पहल प्रशासनिक व्यवस्था में विश्वास बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। कुल मिलाकर, बिहार सरकार द्वारा अधिकारियों की संपत्ति सार्वजनिक करने का यह कदम शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# एसएसबी ने 55 बोरी यूरिया किया जब्त, नेपाल भेजने की थी तैयारी

### जिला प्रशासन ने कार्रवाई कर 10 दुकानों को किया सील

मोतिहारी,(ईएमएस)। पूर्वी चंपारण के भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आदापुर, बनकटवा और घोड़ासहन में कई खाद दुकानों और गोदामों को सील कर दिया। इस कार्रवाई में सैकड़ों बोरी यूरिया जब्त किया गया है, जिसे कालाबाजारी और सीमा पार तस्करी के लिए छिपाकर रखा गया था। जांच में सामने आया कि यह खाद कालाजारी के जरिए नेपाल भेजने की तैयारी में थी। सशस्त्र सीमा बल यानी एसएसबी ने भी महुआवा इलाके में 55 बोरी यूरिया जब्त नेटवर्क का खुलासा किया है। जानकारी के मुताबिक भारत-नेपाल सीमा इलाके में यूरिया की कालाबाजारी लगातार हो रही है। जिला प्रशासन ने भारत-नेपाल सीमा के आदापुर, बनकटवा और घोड़ासहन इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए कई गोदामों को सील किया है। वहीं, ढाका और घोड़ासहन में सख्ती जिला प्रशासन की टीम ने ढाका प्रखंड की करीब एक दर्जन खाद दुकानों को सील किया है। दूसरी ओर घोड़ासहन में 300 बोरी यूरिया, जिसे कालाबाजारी के लिए गोदाम में छुपाकर रखा था, उसे भी जब्त किया है। भारत-नेपाल सीमा इलाके में खाद की तस्करी की खबरें मीडिया




में आने के बाद जिला प्रशासन की टीम हरकत में आई, जिन दुकानों पर कार्रवाई हुई उनमें यादव खाद भंडार, ओम साईं कृषि केंद्र, विकास खाद भंडार, चौधरी खाद भंडार, रमेश खाद भंडार, महालक्ष्मी खाद भंडार, दुर्गा खाद भंडार और साहू इंटरप्राइजेज शामिल हैं। इन सभी दुकानों की जांच की गई और इसके बाद सील कर दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि लगातार मीडिया में आ रही खबरों और शिकायतों के बाद यह संयुक्त अभियान चलाया गया। फिलहाल पूरे नेटवर्क की जांच जारी है और अन्य संदिग्ध ठिकानों की भी पहचान की जा रही है। बता दें जिला प्रशासन की यह कार्रवाई एक शुरुआत जरूर है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि आखिर इतने लंबे समय से यह खेल कैसे चलता रहा। जब तक निगरानी और जवाबदेही मजबूत नहीं होगी, तब तक सीमावर्ती इलाकों में ऐसी कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगाना मुश्किल होगा। अब देखना होगा कि यह अभियान सिर्फ छापेमारी तक सीमित रहता है या पूरे नेटवर्क पर स्थायी प्रहार होता है।

### अपराध पर 'जीरो टॉलरेंस'- बिहार में कानून का राज कायम- अंजुम आरा

पटना। जनता दल (यूनाइटेड) की प्रवक्ता अंजुम आरा ने बयान जारी करते हुए कहा कि बिहार में अपराध जैसे विषय को विपक्ष द्वारा जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है, ताकि जनता के बीच भ्रम और भय का वातावरण बनाया जा सके। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार की नीति शुरू से ही अपराध के प्रति ''जीरो टॉलरेंस'' की रही है, और इस पर पूरी सख्ती के साथ अमल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपराधिक घटना को सरकार काफी गंभीरता एवं इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करती है तथा हर मामले में त्वरित कार्रवाई, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, तथा विधिसम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। बिहार पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है और अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## ममता बनर्जी पर भाजपा का तीखा हमला ‘घुसपैठियों’ के मुद्दे पर उठाए सवाल

कोलकाता,(ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा ने कहा कि ममता बनर्जी ‘हिंदू बंगालियों’ की बजाय ‘मुस्लिम घुसपैठियों’ को लेकर अधिक चिंतित हैं। भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए टीएमसी और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस बंगालियों, विशेषकर हिंदू बंगालियों के हितों की अनदेखी कर रही है। लिएंडर पेस के मुद्दे को उठाते हुए भाजपा ने टीएमसी की आलोचना की। हाल ही में लिएंडर पेस के भाजपा में शामिल होने के बाद उन्हें ‘बाहरी’ बताए जाने पर मालवीय ने कहा कि यह बंगाल के गौरव का अपमान है। उन्होंने पेस के पारिवारिक और सांस्कृतिक योगदान का हवाला देते हुए टीएमसी के रुख पर सवाल उठाए। इसके साथ ही मालवीय ने उस पत्र का भी उल्लेख किया, जो ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लिखा था। इस पत्र में मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग और भाजपा पर अन्य राज्यों के लोगों को फॉर्म-6 के जरिए पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में शामिल करने का आरोप लगाया था। भाजपा नेता ने पलटवार करते हुए कहा कि ममता बनर्जी अब खुद ही चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठा रही हैं, जबकि भाजपा का आरोप है कि राज्य सरकार अवैध घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि जनता इस मुद्दे पर लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगी।

## देश में बेरोजगारी घट रही है और श्रम भागीदारी बढ़ रही, पीएलएफएस सर्वे में आया सामने

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्र की मोदी सरकार के लिए एक अच्छी खबर आई है। देश में बेरोजगारी घट रही है और श्रम भागीदारी बढ़ी है। यानी अर्थव्यवस्था ‘क्राइसिस मोड’ में नहीं है। महिलाओं की आय तेजी से बढ़ रही है, लेकिन अभी भी पुरुषों से उनका वेतन करीब 5,900 रुपए या 31 प्रतिशत तक कम है। इसका मतलब है कि समान मौके अभी भी नहीं मिले हैं। महिलाएं या कम वेतन वाले सेक्टर में हैं या समान काम के लिए कम पेमेंट पा रही हैं। यह जानकारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2025 (पीएलएफएस) में दी गई है। सर्वे बताता है कि जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच नियमित वेतनभोगी बढ़े हैं। इसतरह वेतनभोगी पुरुषों का औसत वेतन 5.80 प्रतिशत, तब महिलाओं का 7.16 प्रतिशत बढ़ा। बीते एक साल में महिलाओं की औसत दैनिक मजदूरी 16 रु. बढ़कर 315 रु. हुई, जबकि इस दौरान पुरुषों की मजदूरी 1 रु. घटकर 455 रु. रह गई है। स्वरोजगार में लगे पुरुष महिलाओं से 3 गुना ज्यादा मासिक कमाई कर रहे हैं। एक महिला जहां अपने काम के लिए 6,374 रु. महीना कमा रही है, वहीं पुरुष 17,914 रु. तक कमा ले रहे हैं। सर्वे के मुताबिक देश की श्रमशक्ति में एक साल में मामूली 0.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान बेरोजगारी की दर 3.3 प्रतिशत से घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई। शिक्षित लोगों के मध्य बेरोजगारी 0.5 प्रतिशत घटकर 6.5 प्रतिशत पर आ चुकी है। युवा बेरोजगारी दर भी अब सिंगल डिजिट में आ गई। सर्वे बताता है कि देश में अभी 67.8 प्रतिशत आबादी कम से कम माध्यमिक स्तर तक शिक्षित है। इसके बावजूद केवल 4.2 प्रतिशत लोगों को ही औपचारिक तकनीकी या व्यावसायिक प्रशिक्षण मिला है। यह बड़े स्किल गैप को दिखाता है।


## पाक की ओर से भारतीय रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट पर गोलीबारी, नहीं हुआ कोई नुकसान

जम्मू,(ईएमएस)। पाकिस्तानी रेंजरों ने मंगलवार देर रात जम्मू के कानाचक सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक भारतीय रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट पर गोलीबारी की। विमान कुछ घंटों के लिए नियमित उड़ान पर था जब उस पर गोलीबारी की गई। फिलहाल आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारतीय क्षेत्र के अंदर नियमित निगरानी उड़ान में रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) को निशाना बनाते हुए पाकिस्तानी चौकियों से कुल पांच राउंड फायरिंग की गई। खीरी पोस्ट से चार राउंड और असलम पोस्ट से एक राउंड। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरपीए नियंत्रण रेखा से लेकर अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी उड़ान भर रहा था। आरपीए ने अपना मिशन पूरा किया। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि घटना के समय भारतीय आरपीए अपने क्षेत्र में काम कर रही थी। गोलीबारी के बावजूद विमान को कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि इसे भारतीय सेना या भारतीय वायु सेना द्वारा संचालित किया जा रहा था, लेकिन यह उस बेस पर सुरक्षित रूप से उतर गया जहां से इसने उड़ान भरी थी।

## केरल में वियजन के समर्थन में रैली कर तेजस्वी ने कहा, राज्य में फिर से एलडीएफ की सरकार बनेगी

मलप्पुरम,(ईएमएस)। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने केरल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के समर्थन में प्रचार कर गठबंधन की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि आरजेडी एलडीएफ के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और पार्टी को पूरा विश्वास है कि गठबंधन फिर सरकार बनाएगा। राजद नेता यादव ने केरल को एक विकसित राज्य बताकर वहां के स्वास्थ्य और शिक्षा मॉडल की सराहना की और कहा कि यह देश के अन्य राज्यों के लिए उदाहरण है। राजद नेता यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर ‘इंडिया’ गठबंधन मौजूद है, लेकिन कुछ राज्यों में दल अपनी-अपनी रणनीति के अनुसार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केरल में उनका मुख्य उद्देश्य सांप्रदायिक ताकतों को रोकना और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा करना है। इस दौरान पिनराई विजयन ने तेजस्वी यादव के समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि यह एकजुटता एलडीएफ के अभियान को मजबूती देगी और राज्य के धर्मनिरपेक्ष ढांचे को सुरक्षित रखने में मदद करेगी। तेजस्वी यादव ने मलप्पुरम जिले के पोन्नानी क्षेत्र में सीपीआई(एम) उम्मीदवार के समर्थन में सभा भी की।

## लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का केरलमवासियों को भावुक संदेश, मैं मानद केरलवासी घोषित



नई दिल्ली (ईएमएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केरल विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान खुद को मानद केरलवासी घोषित कर दिया। हालांकि उनका जन्म केरल में नहीं हुआ था। राहुल गांधी ने केरल की विभाजन पर एकता की प्राथमिकता पर जोर दिया और हमेशा लोगों के साथ खड़े रहने का वादा किया। उन्होंने पोस्ट कर कहा कि भले ही मेरा जन्म केरल में न हुआ हो, लेकिन मैं मानद केरलवासी हूँ। केरल घृणा पर प्रेम, अहंकार पर विनम्रता, क्रोध पर आशा और विभाजन पर एकता को चुनता है। इसके पहले कोझिकोड में राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को ईंधन की कीमतों में संभावित वृद्धि और मुद्रास्फीति से जोड़कर एक आगामी वित्तीय भूकंप की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं कि मध्य पूर्व में क्या हो रहा है...एक त्रासदी घट रही है, और कोई नहीं जानता कि इसका अंत कहाँ होगा। केरल और भारत के लोग सीधे तौर पर प्रभावित होने वाले है। ईंधन की कीमतें बढ़ने वाली हैं। मुद्रास्फीति बढ़ने वाली है। अब से एक या दो महीने में, एक वित्तीय भूकंप आने वाला है। राहुल गांधी ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच नागरिकों को समर्थन देने के प्रयासों पर सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार पर उठाकर जनसभा में कहा कि पीएम मोदी कुछ नहीं कर सकते। उन्हें डोनाल्ड ट्रंप चला रहे हैं। लेकिन केरल सरकार आपकी सुरक्षा के लिए क्या कर रही है? केरल सरकार आपका जीवन आसान बनाने के लिए क्या कर रही है?

# लोकसभा में विपक्ष का हंगामा एफसीआरए बिल वापस लो के लगे नारे

## अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल हुआ पेश



नई दिल्ली,(ईएमएस)। लोकसभा में बुधवार को गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पेश किया है। इस पर सदन में चर्चा हुई। इससे पहले बुधवार को कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया। उन्होंने एफसीआरए बिल वापस लो के नारे लगाए। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से शांत रहने की अपील की, लेकिन विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर विरोध करते रहे। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज एफसीआरए बिल पर लोकसभा में बहस नहीं होगी। दरअसल, आज लोकसभा में विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक को बहस और पास करने के लिए लिस्ट किया गया था। एफसीआरए में संशोधन के लिए एक बिल 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। इसमें विदेशी फंडिंग से जुड़े नियमों को और स्पष्ट और सख्त करने का प्रस्ताव है, ताकि एनजीओ को मिलने वाले विदेशी चंदे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके।

रिपोर्ट के मुताबिक बिल में यह भी प्रावधान है कि जिन एनजीओ का पंजीकरण रद्द, सरेंडर या समाप्त हो जाता है, उनकी विदेशी फंडिंग और संपत्तियों के प्रबंधन और निपटान के लिए एक नामित प्राधिकरण बनाया जा सकता है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल एफसीआरए ईसाइयों, अल्पसंख्यकों और एनजीओ के खिलाफ टारगेटेड कानून है। जो एनजीओ भारत के लोगों के लिए अच्छा काम कर रहे हैं, इस कानून के जरिए उन्हें सजा दी जा रही है। यह बिल असंवैधानिक है और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। वहीं कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह सरकार कानूनों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने की आदी है, ताकि समाज की विरोधी आवाजों को दबाया जा सके। जिस तरह पीएमएलए का इस्तेमाल किया गया, उसी तरह एफसीआरए को भी हथियार बनाया जा रहा है। इसका एनजीओ पर भी असर पड़ेगा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि एनजीओ की विदेशी फंडिंग को कंट्रोल करने के नाम पर लाए जा रहे इस बिल से पहले बीजेपी को पीएम केयर फंड और चुनावी बॉन्ड से मिले पैसे पर जवाब देना चाहिए।

### कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का मोदी सरकार का बड़ा हमला

## ये डबल इंजन नहीं, दोहरी गुलामी की सरकार



गुवाहाटी, (ईएमएस)। कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के नाजिरा में रैली के दौरान राज्य और केंद्र सरकारों की तीखी आलोचना कर लोगों से उस सरकार को खारिज करने की अपील की, जिसे उन्होंने दोहरी गुलामी की सरकार बताया और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं किया, वे आज भी संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि असम के जनजातीय समुदाय वर्षों से अनुसूचित जनजाति का दर्जा मांग रहे हैं, लेकिन भाजपा यह दर्जा देने में नाकाम रही है। उन्होंने दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वे आपके लिए तभी काम करते हैं जब उन्हें इसमें अपना कोई लाभ दिखात है। यह इस देश की परंपरा नहीं रही है। आज भी हम असम में ऐसी सरकार चाहते हैं जो आपको डराए नहीं, धमकाए नहीं, अपने स्वार्थों की पूर्ति न करे, बल्कि आपकी सेवा करे, ईमानदारी से आपके लिए काम करे, आपकी संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़कर मजबूत करे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधकर भाजपा के दो इंजन वाली सरकार के नारे को विफल बताया। उन्होंने भाजपा पर असम की जनता को दबाने का आरोप लगाया और मतदाताओं से भय पर आधारित राजनीति को नकारने का आग्रह किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि उन्होंने दो इंजन वाली सरकार की बात की थी। क्या उन्होंने बीते चुनाव में ऐसा नहीं कहा था? मोदी जी आकर कहते थे कि अब वे दो इंजन वाली सरकार चलाएंगे। लेकिन उन्होंने दोहरी गुलामी की सरकार चलाई है। मोदी जी अमेरिका के गुलाम बन गए हैं और उनकी नीतियों के कारण आज पूरा देश संकट में है। और हेमंत जी मोदी जी के गुलाम हैं।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने असमिया गायक जुबीन गर्ग को न्याय दिलाने के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई का वादा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जुबीन गर्ग को न्याय दिलाना चाहती है। हमारी सरकार बनते ही 100 दिनों के भीतर हम उन्हें न्याय दिलाएंगे।

## चारधाम यात्रा में इस बार सुरक्षित और व्यवस्थित परिवहन की व्यवस्था

देहरादून (ईएमएस)। उत्तराखंड राज्य में आस्था, पर्यटन और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए परिवहन विभाग ने तैयारियां अंतिम रूप में पहुंचा दी हैं। इस वर्ष यात्रा के लिए तीन हजार से अधिक वाहनों की व्यवस्था की गई है। इनमें 2000 से अधिक बसें और 800 से अधिक टैक्सी व मैक्सी कैब शामिल हैं। परिवहन विभाग ने केवल राज्य की परिवहन कंपनियों और बस यूनियनों तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि स्कूल और कॉलेजों की बसों को भी रिजर्व में रखा गया है। आवश्यकता पड़ने पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली से अतिरिक्त बसें मंगाने की योजना भी बनाई गई है। चारधाम—बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री—में हर साल लाखों श्रद्धालु देश और विदेश से पहुंचते हैं। अधिकांश यात्री व्यावसायिक वाहनों के माध्यम से यात्रा करते हैं, इसलिए बड़ी संख्या में वाहनों की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए परिवहन विभाग ने संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर विस्तृत कार्ययोजना बनाई है। नौ परिवहन कंपनियों के संयुक्त रोटेशन से बसों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। एसटीए ने चारधाम यात्रा के लिए बस किराया प्रति किलोमीटर तय किया है। इसमें प्रतीक्षा शुल्क को अलग रखा गया है और सभी आपरेटरों को चेतावनी दी गई है कि निर्धारित किराए से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस वर्ष यात्रा को और सुव्यवस्थित बनाने के लिए ऑनलाइन ग्रीन कार्ड और ट्रिप कार्ड की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। यदि यात्रियों की संख्या अधिक होती है और ऑनलाइन प्रक्रिया में कठिनाई आती है, तो आवश्यकता पड़ने पर इन कार्डों को ऑफलाइन भी जारी किया जाएगा। अपर परिवहन आयुक्त एसके सिंह ने बताया, “यात्रा को व्यवस्थित बनाने के लिए वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर अन्य राज्यों से भी बसें ली जाएंगी।

## ‘समुद्री पौधा’ बताकर जैन व्यापारी को मछली खिलाने का आरोप

### बाबा अशोक खरात की बढ़ीं मुश्किलें

### यौन उत्पीड़न और आपत्तिजनक वीडियो मामले में पहले से हैं घिरे



पुणे,(ईएमएस)। अशोक खरात नामक स्वयंभू बाबा पर महाराष्ट्र में अब दिन-ब-दिन चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि उन्होंने जैन समुदाय के व्यापारियों को धोखा देकर मछली को “समुद्री पौधा” बताकर वर्षों तक उसका सेवन करवाया। यह धोके का कारोबार एक-दो दिन या महीने नहीं बल्कि छह साल तक चलता रहा।

जांच अधिकारियों के मुताबिक, एक 46 वर्षीय जैन व्यापारी करीब छह वर्षों तक खरात के संपर्क में रहा। इस दौरान वह नियमित रूप से धार्मिक अनुष्ठानों के लिए उनके पास जाता रहा और अनजाने में मछली खाता रहा। उसे यह विश्वास दिलाया गया था कि यह कोई जीव नहीं बल्कि समुद्र में उगने वाला पौधा है, जिससे व्यापार में उन्नति और समृद्धि आती है। आरोप है कि खरात ने अपने अनुयायियों को गुमराह करने के लिए दावा किया कि मछली में हड्डियां नहीं होतीं और वह खून भी नहीं बहाती, इसलिए उसे पौधे की तरह माना जा सकता है। इन दलीलों के जरिए उन्होंने कई लोगों से लाखों रुपये भी वसूले।

### धोखाधड़ी का बड़ा नेटवर्क

जांच एजेंसियों का मानना है कि यह मामला सिर्फ धार्मिक आस्था से खिलवाड़ का नहीं, बल्कि एक सुनियोजित ठगी का हिस्सा है। कई बड़े व्यापारी भी उनके प्रभाव में आकर उनसे व्यापार और भविष्य को लेकर सलाह लेते थे।

### आपत्तिजनक वीडियो और यौन उत्पीड़न के आरोप

कथित बाबा के मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया, जब इससे जुड़े आपत्तिजनक वीडियो के प्रसार का मामला सामने आया। राज्यभर में 100 से अधिक केस दर्ज किए गए हैं, जबकि विशेष जांच टीम ने सोशल मीडिया से करीब 3,500 लिंक हटाए हैं। पुलिस के अनुसार, अशोक खरात को 17 मार्च को नासिक से गिरफ्तार किया गया था। अब तक उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। यह घटना धार्मिक आस्था के नाम पर होने वाले धोखे और अंधविश्वास को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### ग्वालियर–चंबल में विकास को नई रफ्तार

## सिंधिया–गडकरी बैठक में सड़क परियोजनाओं को मिली मंजूरी

### एक्सप्रेस-वे, नेशनल हाईवे और ग्रामीण सड़कों के उन्नयन से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी होगी मजबूत

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर मध्यप्रदेश सहित ग्वालियर–चंबल संभाग में सड़क नेटवर्क और आधारभूत संरचना के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को लेकर सहमति बनी और शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान ग्वालियर–आगरा एक्सप्रेस-वे (लगभग 4,822 करोड़ रुपये) और ग्वालियर वेस्टर्न बायपास (लगभग 1,347 करोड़ रुपये) जैसी बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इन परियोजनाओं में प्रारंभिक कार्य शुरू हो चुका है और अप्रैल माह से निर्माण को गति देने पर जोर दिया गया। एक अहम निर्णय के तहत ग्वालियर–भिंड–इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-719) के 4-लेन निर्माण कार्य को अब एमपीआरडीसी से हटाकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंपा गया है।

क्षेत्र में धीमी प्रगति और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यह फैसला लिया गया, जिससे अब परियोजना के तेजी से पूर्ण होने की उम्मीद है।

इसके अलावा, अशोकनगर क्षेत्र में चंदेरी बायपास के 4-लेन निर्माण, गुना–अशोकनगर–चंदेरी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने और गुना–देवास हाईवे पर फ्लाईओवर निर्माण जैसे प्रस्तावों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। शिवपुरी शहर में ट्रैफिक सुधार के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और एलिवेटेड रोड के निर्माण की योजना पर भी विचार किया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत करने के उद्देश्य से शिवपुरी, अशोकनगर, चंदेरी और गुना जिलों में कुल मिलाकर 150 किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण और उन्नयन के प्रस्ताव रखे गए। इन परियोजनाओं से गांवों में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्वालियर–चंबल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। सिंधिया ने इन जनहितकारी परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

## भाजपा कार्यालय में मंत्रियों के बैठने का समय बदला, जानिए कौन किस दिन बैठेगा



भोपाल,(ईएमएस)। मध्य प्रदेश में बीजेपी कार्यालय में मंत्रियों के बैठने के समय और व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मध्यप्रदेश में बीजेपी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशानुसार अब हर दिन एक या दो मंत्री भोपाल स्थित बीजेपी कार्यालय में बैठने और आम लोगों की समस्याएं सुनने का काम करने वाले है। इससे पहले मंत्रियों की बैठक दोपहर 3 बजे तक होती थी, लेकिन 1 अप्रैल से नई समय सारणी लागू होगी। अब मंत्री सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय में रहने और जनता तथा पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करने वाले है। बीजेपी अध्यक्ष खंडेलवाल के मुताबिक मंत्रियों के अलावा प्रदेश के एक वरिष्ठ बीजेपी पदाधिकारी भी रोजाना बैठक में मौजूद रहने वाले है। यह कदम जनता को मंत्रियों और अधिकारियों के करीब लाने और समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से लिया गया है। भविष्य में यह व्यवस्था मंत्रालयों तक भी विस्तारित की जा सकती है, जहां मंत्रियों को उनके कक्ष में भी दो-दिन की बैठक करने की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है। अप्रैल माह के लिए मंत्रियों की बैठक की सूची जारी की गई हैं, 2 अप्रैल को कैलाश विजयवर्गीय और प्रतिमा बागरी, 3 अप्रैल को विजय शाह और नरेंद्र शिवाजी पटेल, 7 अप्रैल को राकेश सिंह और दिलीप अहिरवार, 8 अप्रैल को उदय प्रताप सिंह और दिलीप जायसवाल, 9 अप्रैल को करण सिंह वर्मा, 10 अप्रैल को संपत्तिया उइके, 13 अप्रैल को उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और नारायण सिंह पंवार, 15 अप्रैल को प्रहलाद सिंह पटेल और निर्मला भूरिया, 16 अप्रैल को गोविंद सिंह राजपूत, 17 अप्रैल को नारायण सिंह कुशवाहा, 21 अप्रैल को एदल सिंह कंसाना, 22 अप्रैल को राकेश शुक्ला, 23 अप्रैल को चैतन्य कश्यप, 24 अप्रैल को इंदर सिंह परमार, 27 अप्रैल को नगर सिंह चौहान, 28 अप्रैल को प्रद्युम्न सिंह तोमर, 29 अप्रैल को धर्मेंद्र लोधी, और 30 अप्रैल को कृष्णा गौर बैठक करने वाली है। बैठकों के साथ ही छुट्टियों के दिन भी पहले से निर्धारित हैं। 4,6, 11 और 12 अप्रैल को शनिवार और रविवार की छुट्टी रहेगी, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर अवकाश रहेगा। 18 से 20 अप्रैल के बीच शनिवार, रविवार और परशुराम जयंती के दिन कार्यालय बंद रहेगा।

### किरायेदार के घर में जबरन घुसना पड़ा महंगा, हाईकोर्ट ने कहा

## मालिकाना हक भी कानून से ऊपर नहीं

कोच्चि,(ईएमएस)। केरल हाईकोर्ट ने किराए पर मकान देने वाले मालिकों के लिए एक अहम और सख्त संदेश देते हुए कहा है कि कोई भी मकान मालिक बिना अनुमति किरायेदार के कब्जे वाले घर में जबरन प्रवेश नहीं कर सकता। कोर्ट ने इस मामले में निचली अदालत और अपीलीय अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए मकान मालिक को दोषी ठहराया। न्यायमूर्ति जस्टिस जोबिन सेबेस्टियन की पीठ ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि “मालिक होने का यह मतलब नहीं कि कोई व्यक्ति कानून तोड़कर किसी के वैध कब्जे वाली जगह में घुस जाए। यदि प्रवेश का उद्देश्य आपराधिक है, तो मालिक भी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता।”

मामला एक किराएदार की शिकायत से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया कि मकान मालिक ने जबरन कमरे में घुसकर उसका सामान बाहर फेंक दिया, जिससे उसे लगभग 10,000 रुपये का नुकसान हुआ। अभियोजन के अनुसार, संबंधित कमरा किरायेदार के वैध कब्जे में था, बावजूद इसके मकान मालिक ने गैरकानूनी तरीके से प्रवेश किया और नुकसान पहुंचाया।

निचली अदालत ने मकान मालिक को आईपीसी धारा 454 (अपराध के इरादे से घर में घुसना), आईपीसी धारा 427 (संपत्ति को नुकसान पहुंचाना) के तहत दोषी ठहराया था। ट्रायल कोर्ट ने उसे 1 साल की सजा और जुर्माना सुनाया, जबकि अपीलीय अदालत ने सजा में संशोधन करते हुए 3 महीने की सजा और 15,000 रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने सभी सबूतों और गवाहों के बयानों को सही मानते हुए निचली अदालतों के फैसले को सही ठहराया और मकान मालिक की याचिका खारिज कर दी।

# संपादकीय

## भगदड़ हादसा आस्था स्थल शमशानघाट बनते रहेगें

बिहार के नालंदा जिले में स्थित शीतला माता मंदिर, जहां 31 मार्च 2026 को भगदड़ मचने से 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं। घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा स्थिति को नियंत्रण में करने के प्रयास किए जा रहे हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर दुख जताया है और मृतकों के आश्रितों को 6 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। साथ ही, घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश भी जारी किए गए हैं चारों तरफ लाशों का अंबार लग गया। पल भर में जीते जागते लोग लाशों में तब्दील हो गए यह बहुत ही भयानक मंजर था । सरकार ने मृतकों के लिए दस दस लाख मुआवजे का ऐलान कर दिया है। गत 27 जुलाई 2025 रविवार को हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में करंट फैलने की अफवाह फैलने से दर्जनों श्रद्धांलुओं की मौत हो गईं थी और 50 के लगभग घायल हो गए थे । मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर यह हादसा हुआ । मंदिर से करीब सौ मीटर पहले सीढीओं पर यह भगदड़ का खौफनाक मंजर हुआ था ।यहां करीब दस हजार लोग मौजूद थे भीड़ बहुत थी। 29 जून 2025 को पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से तीन लोगों की मौत हो गईं थी और काफ़ी लोग घायल हुए थे। 8 जनवरी 2025 को तिरुपति में भगदड़ मचने से 6 लोगों की मौत हो गईं थी और बहुत लोग घायल हो गए हैं। 2 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक सत्संग में भगदड़ मचने से 121 लोगों की दर्दनाक मौत हो गईं थी और सेकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे । मई माह में गोवा के शिरगांव में यात्रा के दौरान बिजली का तार गिरने से भगदड़ मचने से 7 लोगों की मौत हो गई थी और 50 लोग घायल हो गए थे । भगदड़ के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं । कुछ माह पहले दिल्ली में भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन शमशानघाट बन गया था दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से काफ़ी लोग मारे गए थे अब गोवा में एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गई । रेलवे स्टेशन से यह लोग महाकुम्भ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई थी । देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं 15 फ़रवरी शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी । अभी कुम्भ की घटना की स्याही भी नहीं सुखी थी की दिल्ली में यह हादसा हो गया कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था प्रयागराज में कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सेकड़ों घायल हो गए थे । रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है । ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी ।कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण33 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हो चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था। कुम्भ में भगदड़ के कारण जिन्दा लोग पल भर में लाशों में बदल गए। देश में मंदिरों में मेले व अन्य पर्व अब आस्थास्थल न होकर मरणस्थल बनते जा रहे हैं। कुम्भ में चारों तरफ लाशों के ढेर ही नजर आ रहे थे। लोगों का सामान चारों तरफ बिखरा पडा था। भगदड़ में सैकडों महिलाएं ,बच्चे व बुर्जुग पैरों तले कुचल दिए गए , लोग बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे।मगर उनके अपने मौत की नीद सो चुके थे।चारों तरफ चप्पलें व जूते नजर आ रहे थे। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रशासन को पता था कि लाखों की तादाद में लोग व बच्चे आएगें तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। सरकार ने भले ही हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है मगर जो काल का गाल बन गए उसकी भरपाई कैसे होगी। अब प्रशासन मृतकों को लाखो रुपया मंआवजा दे रही है अगर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो यह हादसा रुक सकता था। मुआवजा समस्या का हल नहीं है। सरकारो द्वारा जो पैसा मुआवजे के रुप में दिया जाता है उससे व्यवस्था को सुधारने में लगाया होता तो आज यह नौबत न आती। आकडों पर नजर डाले तो आत्मा सिहर उठती है। 3 फ़रवरी 1954 को कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से 800 लोगों की मौत हुई थी । 1986 में भी कुम्भ में में भगदड़ मचने से 200 लोग मारे गए थे ।2006 में भी सिंध नदी में 50 तीर्थयात्री बह गए थे। 10फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुम्भ मेले 36 लोगों की मौत हुई थी और 39 लोग घायल हुए थे। 26 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधेरी मंदिर में 350 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी।नवंबर 2006 में उडीसा के शंदरपुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आरती के समय भदड़ में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनो घायल हुए थे।झारखंड के देवधर के एक आश्रम में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी, 30 सितंबर 2008 को जोधपुर में चामुडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मोत हुई थी।3 अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेरू के प्रसिध्द शक्तिपीठ नैना देवी में भगदड मचने से 162 लोग मारे गए थे तथा 300 घायल हुए थे। घटना के समय मंदिर में 20 से 25 हजार लोग मौजूद थे। मरने वालों में 104 लोग अकेले पंजाब के रहने वाले थे। 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रध्दालूओं की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। नंवबर 2012 में बिहार में छठ पुजा के दौरान गंगा नदी के घाट पर बना बांस का पुल टुटने से लोगों में भगदड़ मचने से 20 श्रध्दालुओं की मौत हो गई थी। बार-बार हादसे हो रहे हैं मगर सरकारें मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है।प्रशासन तब जागता है जब लाशों के ढेर लग जाते हैं। प्रशासन को इन हादसों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस घटना ने प्रशासन की बदइंतजामी की पोल खोल दी हैं। इस हादसे में कई अनाथ हो गए, तो माताएं व बहनों का सुहाग उजड गया।ऐसे हादसे ताउम्र रोते हुए छोड़ जातें हैं। छोटे बच्चे दर-दर की ठोकरें खातें हैं। केन्द्र सरकार को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए तथा दोषियो के खिलाफ कारवाई करनी चाहिए और प्रत्येक मंदिरों व आस्था स्थलों में आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां गठित करनी चाहिए। मंदिरो में हर वर्ष करोडो रूपया चढावा चढता है मगर श्रध्दालूओं की सुरक्षा रामभरोसे ही चल रही है। मंदिर कमेटियो को भी इन हादसों से सीख लेनी चाहिए। ताकि आने वाले समय में इन हृदयविदारक हादसो को रोका जा सके। अगर अब भी सबक न सीखा तो श्रध्दालूओं को मंदिरों में मौत की सौगातें मिलती रहेंगी और आस्था स्थल शमशानघाट बनते रहेगें। वक़्त अभी संभलने का है ।

(चिंतन-मनन)

## सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरि महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है। एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो।

# राम कथा के अमर गायक हैं श्रीहनुमानजी महाराज

डॉ. उमेश चन्द्र शर्मा

(हनुमान जयंती पर विशेष आलेख)

सच्चिदानंद स्वरुप परब्रह्म परमात्मा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्री राम के अतिप्रिय सेवक, निष्ठावान एवं समर्पित भक्त और भगवान श्रीराम के अत्यंत विश्वसनीय पार्षद श्री हनुमानजी महाराज श्रीराम भक्ति तत्व के महानतम आदर्श हैं, वे अपने आराधकों को जीवन के चरम लक्ष्य राम भक्ति की और अग्रसर करते हुए राम भक्तों को अपना आश्रय प्रदान करते हैं। दाता हैं। श्री हनुमानजी राम भक्ति में रत मनुष्यों की संकटापन्न स्थिति में उनके संकटों का निवारण करते हुए जीवन में शुभ मङ्गल का संचार करने वाले प्रत्यक्ष देवता है, वे एक तरफ जहां राम चरणारविन्द में द्रढ निष्ठा पूर्वक समर्पित रहते हैं, वहीं राम काज हेतु सदैव तत्पर भी रहा करते हैं। यद्यपि हनुमानजी सब जगह विद्यमान हैं, तथापि जहां जहां भगवान् श्री राम का कीर्तन गाया जाता है, अथवा जहां राम कथा होती है, वहां वहां मारुति नंदन भाव विभोर होकर उसी समय पहुंच जाते हैं। राम कथा के अमर गायक श्री हनुमानजी महाराज आज भी रसिकजनों को राम कथामृत प्रदान करते हुए स्वयं भी ऋषि मुनियों से राम कथा का श्रवण करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास श्री हनुमानजी महाराज का स्तवन इस तरह करते है-

यत्र यत्र रघुनाथ कीर्तनं, तत्र तत्र
कृतमस्तकाञ्जलिम्।
वाष्पवारिपरिपूर्णलोचनं, मारुतिं नमत राक्षसांतकम्।।

अर्थात जहां जहां रघुनाथ श्रीराम का कीर्तन होता है, अथवा श्रीराम की पावन कथा, स्मरण या जप होता है, वहां वहां नैत्रों में अश्रुपूरित आनंद लिए हनुमानजी तत् काल उपस्थित हो जाते हैं। ऐसे राक्षसों के लिए काल स्वरूप श्री हनुमानजी को प्रणिपात किया जाना चाहिए। रामायण में उल्लेख मिलता है कि भगवान् श्री राम और भगवती सीता द्वारा प्रदत्त आशिर्वाद से श्री हनुमानजी अजर अमर हैं, और कल्प पर्यन्त पृथ्वी लोक में निवास करते हुए श्री राम कथा को कहते और श्रवण करते हैं। श्री राम चरित मानस के सुंदरकांड में गोस्वामी तुलसीदास देवी सीता द्वारा हनुमानजी को अपना आशीर्वाद प्रदान किए जाने का वर्णन करते हुए लिखते हैं कि

आसिष दीन्हि रामप्रिय जाना,होहु तात बल सील
निधाना।
अजर अमर गुननिधि सुत होहू,करहुं बहुत रघुनायक
छोहू।

अर्थात सीता माता ने हनुमानजी को भगवान् श्री राम का प्रिय जानकर उन्हें आशीर्वाद दिया कि है तात ! तुम बल और शील के निधान, अजर अमर और गुणों की निधि होओ, और श्रीरघुनाथजी तुम पर बहुत कृपा करें। श्री हनुमानजी महाराज प्रत्यक्ष देवता माने जाते हैं, और यह मान्यता है कि किसी भी दैहिक, दैविक और भौतिक ताप अथवा संकटपूर्ण किसी अन्य गंभीर परिस्थिति में जब उसके समाधान का कहीं कोई रास्ता नहीं दिखाई देता हो, तब हनुमानजी की शरण ग्रहण कर आत्म निवेदन करने पर आसन्न संकटापन्न स्थिति के समाधान का रास्ता निकल आता है। हनुमान चालीसा में कहा गया है- नासै रोग हरै सब पीरा, जपत निरंतर हनुमत बीरा। संकट ते हनुमान छुड़ावै, मन क्रम बचन ध्यान जो लावै। अर्थात जो लोग निरंतर अपकी उपासना करते हैं, दुःख उनके समीप भी नहीं आता, और जो मनुष्य श्रद्धा भक्ति पूर्वक आपका स्मरण, आराधना करते हैं, उनके संकट दूर हो जाते हैं। हनुमानजी का जन्म और उनके कर्म अद्भुत एवं विस्मयकारी हैं। धर्म शास्त्रों के अनुसार भगवान् शिव के द्वारा अपने स्वामी श्री राम की सेवा की तीव्र अभिप्सा के निमित्त उन्होंने ग्यारहवें रुद्र के रूप में वायुदेव केसरी और देवी अञ्जना के पुत्र हनुमान के रूप में जन्म लिया, और भगवान् श्री राम की सेवा कर अपनी अभिलाषा पूरी की। वैसे कुछ ग्रंथकार श्री हनुमानजी के वानर रूप को स्वरुपगत नहीं मानते हुए जातिगत मानते हैं, किंतु पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चूंकि भगवान् विष्णु ने रामावतार में पुरुष रुप धारण किया था,और भगवान् शिव उनकी सेवा के अभिलाषी थे, ऐसे में यदि मनुष्य रूप में जन्म लेकर सेवा करते तो यह दास भाव के अनुकूल नहीं होता, इसलिए उन्होंने मनुष्य से निम्न समझी जाने वाली वानर योनि में जन्म लेकर दास भाव से अपने स्वामी श्री राम की सेवा की। श्रीरामचरितमानस के अनुसार बाल्यावस्था में ही हनुमानजी ने उदयकालीन सूर्यदेव को एक फल समझकर निगल लिया था, परिणामस्वरूप त्रलौकी में हाहाकार की स्थिति निर्मित हो गई थी। बाद में भगवान् सूर्य ही उनके गुरु हुए, और हनुमानजी ने उनसे शिक्षा ग्रहण की, वे सूर्य देव के स्नेह भाजन हुए और उनसे तेज,औज, बुद्धि और बल पा गए। हमारे वेद, उपनिषद एवं पौराणिक ग्रंथों में भगवान् श्री राम के पावन नाम की बड़ी महिमा गाई गई है, और हनुमानजी महाराज तो भगवान् श्री राम के अतिप्रिय दास हैं, इसलिए वे राम नाम स्मरण को कभी बिसारते ही नहीं, और हर क्षण अपने प्रभु का स्मरण किया करते हैं। श्री रामरक्षा स्तोत्र में गोस्वामी तुलसीदास भगवान् शिव और माता पार्वती के बीच हुए संवाद का उल्लेख करते हुए एवं राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहते हैं-

राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे,
सहस्त्र नामतत्तुल्यं राम नाम वरानने।

अर्थात है देवी पार्वती ! राम राम राम इस प्रकार तीन बार राम नाम का उच्चारण सहस्त्र नाम के तुल्य है, इसलिए मैं सदैव राम नाम में ही रमण करता हूं। भगवान् शिव स्वयं को श्री राम के दास मानते हैं, और श्री हनुमान स्वयं रुद्रावतार हैं ऐसे में सेवक अपने स्वामी का विस्मरण आखिर कैसे कर सकते है, एतदर्थ श्री हनुमानजी नित्य निरंतर राम नाम में ही रमे रहते हैं। विराट वैभव से परिपूर्ण श्री हनुमानजी महाज्ञानी और अतुलनीय बल के धाम हैं, फिर भी विनयशील हैं, और राम काज में अत्यंत लघु रुप धारण कर लेते हैं। हनुमानजी भगवान् श्री राम की आज्ञा पाकर जब सीता माता की खोज हेतु निकले तो वे अत्यंत लघु रूप में आकाश मार्ग से गमन करते हुए लंका पहुंचे श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते है कि-

मसक समान रूप कपि धरी,
लंकहि चलेऊ सुमिरि नरहरि।
अति लघु रूप धरेऊ हनुमाना,
पैठा नगर सुमिरि भगवाना।


अर्थात, लंका की भूमि पर कदम रखने के पहले उन्होंने मनुष्य रूप में पृथ्वी पर विचरण कर रहे, अपने स्वामी श्रीराम का स्मरण करते हुए लंका की सीमा में प्रवेश किया,और जब लंका नगरी में माता सीता की खोज शुरू की, तब भी लघु रूप धारण कर सर्व प्रथम अपने स्वामी श्री राम का स्मरण करते हुए सीताजी का अनुसंधान करने लगे।

हनुमानजी शुद्ध भक्त हैं, इसलिए अहंकार रहित हैं, और उनके द्वारा राम काज निष्पादन हमें प्रैरित करता है कि किसी बड़े उद्देश्य की पूर्ति के लिए छोटा हो जाना ही ठीक है।

# अपने भीतर के हनुमान को जगाने का पर्व

ललित गर्ग

(हनुमान जयंती विशेष)




हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव जीवन के चरित्र-निर्माण, आत्मबल, संयम, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देने वाला महान दिवस है। यह दिन हमें मंदिरों में दीप जलाने से अधिक अपने भीतर के अंधकार को दूर करने का संदेश देता है। हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक नहीं हैं, वे शक्ति के सदुपयोग, ज्ञान की विनम्रता, भक्ति की पराकाष्ठा और सेवा की परंपरा के प्रतीक हैं। इसलिए हनुमान जयंती मनाने का वास्तविक अर्थ है-अपने भीतर के हनुमान को जगाना। हनुमान जी को मंगलकर्ता और विघ्नहर्ता कहा गया है। लेकिन वे विघ्न केवल बाहरी नहीं हटाते, वे मनुष्य के भीतर के विघ्न-अहंकार, भय, आलस्य, क्रोध, लोभ, मोह, इन सबका भी नाश करते हैं। आज का मनुष्य बाहरी समस्याओं से कम और आंतरिक कमजोरियों से अधिक परेशान है। इसलिए आज हनुमान की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक है।

हनुमान शक्ति के प्रतीक हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने कभी अपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने अपनी शक्ति को सेवा में लगाया। आज का युग शक्ति प्रदर्शन का युग बन गया है-धन का प्रदर्शन, पद का प्रदर्शन, ज्ञान का प्रदर्शन, शक्ति का प्रदर्शन। लेकिन हनुमान हमें सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का प्रदर्शन नहीं, उसका संरक्षण और सदुपयोग ही महानता है। सर्वशक्तिमान होकर भी उन्होंने स्वयं को "राम का दास" कहा। इससे बड़ी विनम्रता और क्या हो सकती है? हनुमान हमें यह भी सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का अहंकार नहीं होना चाहिए। ज्ञान यदि विनम्रता नहीं देता, तो वह अज्ञान है। शक्ति यदि सेवा में नहीं लगती, तो वह विनाश का कारण बनती है। इसलिए हनुमान शक्ति और ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता और सेवा के भी प्रतीक हैं। हनुमान को ज्ञानियों में अग्रगण्य कहा गया है-"ज्ञानिनामग्रगण्यम"। वे केवल बलवान नहीं थे, वे महान विद्वान, व्याकरणाचार्य, तर्कशास्त्री, संगीतज्ञ और नीतिज्ञ भी थे। लेकिन इतनी विद्या होने पर भी उनमें अहंकार नहीं था। वे सरलता, सादगी और सेवा के प्रतीक बने रहे। आज शिक्षा बढ़ रही है, लेकिन विनम्रता घट रही है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं, लेकिन चरित्र घट रहा है। ऐसे समय में हनुमान का चरित्र हमें ज्ञान के साथ विनम्रता का संतुलन सिखाता है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। हनुमान के जीवन में तीन महान तत्व दिखाई देते हैं-ज्ञान, भक्ति और कर्म। ज्ञान उन्हें दिशा देता है, भक्ति उन्हें प्रेरणा देती है और कर्म उन्हें महान बनाता है। यदि किसी व्यक्ति के जीवन में ज्ञान है पर कर्म नहीं, तो वह अधूरा है। यदि कर्म है पर भक्ति नहीं, तो उसमें संवेदना नहीं होगी। यदि भक्ति है पर ज्ञान नहीं, तो वह अंधविश्वास बन सकती है। इन तीनों का समन्वय यदि किसी चरित्र में दिखाई देता है, तो वह हनुमान का चरित्र है। हनुमान का जीवन संयम का जीवन था। वे बलशाली थे, पर ब्रह्मचारी थे। वे विद्वान थे, पर विनम्र थे। वे वीर थे, पर शांत थे। वे शक्तिशाली थे, पर सेवक थे। यह संतुलन ही उन्हें महान बनाता है। आज मनुष्य के पास साधन हैं, पर संयम नहीं। ज्ञान है, पर दिशा नहीं। शक्ति है, पर सेवा नहीं। इसलिए समाज में अशांति बढ़ रही है। हनुमान का जीवन हमें संयम और संतुलन का संदेश देता है। हनुमान के बाल स्वरूप की कथा भी अत्यंत प्रेरणादायक है। बालक हनुमान ने सूर्य को फल समझकर पकड़ने का प्रयास किया। यह केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि एक महान संदेश है। यह बालकों की असीम जिज्ञासा, उत्साह और ऊर्जा का प्रतीक है। यह कथा समाज को संदेश देती है कि बच्चों की जिज्ञासा को दबाया नहीं जाना चाहिए, उसे सही दिशा देनी चाहिए। यदि बालकों को सही मार्गदर्शन मिले, तो उनमें से हर बालक हनुमान बन सकता है-ऊर्जावान, जिज्ञासु, साहसी और रचनात्मक। आज के माता-पिता और समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वे बच्चों में हनुमान जैसे गुण विकसित करें-साहस, जिज्ञासा, अनुशासन, सेवा, विनम्रता और भक्ति। यदि बचपन में ही यह संस्कार मिल जाएं, तो समाज का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। हनुमान भक्ति का वास्तविक अर्थ भी समझना जरूरी है। हनुमान भक्ति केवल चालीसा पढ़ना नहीं है, बल्कि हनुमान के गुणों को जीवन में उतारना है। हनुमान भक्ति का अर्थ है- अहंकार छोड़ना, सेवा करना, सत्य का साथ देना, संयम रखना, कर्तव्य निभाना और अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। जब तक भक्ति केवल मंदिर तक सीमित रहेगी, तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। जब भक्ति जीवन बन जाती है, तब भगवान और भक्त अलग नहीं रहते। हनुमान की भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मपरिवर्तन की प्रक्रिया है। यह भक्ति व्यक्ति को भीतर से बदल देती है-अहंकार की जगह विनम्रता, क्रोध की जगह क्षमा, भय की जगह साहस और निराशा की जगह आशा भर देती है। आज समाज में सबसे बड़ी समस्या शक्ति की नहीं, चरित्र की है; ज्ञान की नहीं, दिशा की है; साधनों की नहीं, संयम की है। इसलिए आज समाज को हनुमान की जरूरत है-मंदिरों में नहीं, जीवन में; मूर्तियों में नहीं, व्यक्तित्व में। हर व्यक्ति के भीतर एक हनुमान सोया हुआ है- किसी में साहस का हनुमान, किसी में सेवा का हनुमान, किसी में ज्ञान का हनुमान, किसी में भक्ति का हनुमान। जरूरत केवल उसे जगाने की है।

अपने भीतर के हनुमान को जगाने का अर्थ है- अपने भीतर के भय को हराना, अपने भीतर के अहंकार को मिटाना, अपने भीतर की शक्ति को सेवा में लगाना, अपने ज्ञान को समाज के काम में लगाना, अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। यदि हनुमान जयंती पर हम केवल पूजा करें और जीवन न बदलें, तो यह पर्व अधूरा है। यदि हम अपने जीवन में साहस, सेवा, संयम, विनम्रता और भक्ति का एक भी गुण उतार लें, तो हनुमान जयंती सार्थक हो जाएगी। आज आवश्यकता मंदिरों में हनुमान खोजने की नहीं, अपने भीतर हनुमान जगाने की है। जब व्यक्ति के भीतर हनुमान जागेगा, तब उसका भय समाप्त होगा। जब समाज के भीतर हनुमान जागेगा, तब अन्याय समाप्त होगा। जब राष्ट्र के भीतर हनुमान जागेगा, तब कमजोरी समाप्त होगी।

हनुमान जयंती हमें यही संदेश देती है कि महानता शक्ति में नहीं, शक्ति के सदुपयोग में है; ज्ञान में नहीं, ज्ञान की विनम्रता में है; भक्ति में नहीं, भक्ति के समर्पण में है। इस हनुमान जयंती पर हमें संकल्प लेना चाहिए- हम शक्ति का प्रदर्शन नहीं, संरक्षण करेंगे। हम ज्ञान का अहंकार नहीं, विनम्रता रखेंगे। हम भक्ति का प्रदर्शन नहीं, जीवन में समर्पण लाएंगे। हम अपने भीतर के हनुमान को जगाएंगे। यदि हर व्यक्ति अपने भीतर के हनुमान को जगा ले, तो परिवार सुधर जाएगा, समाज सुधर जाएगा, राष्ट्र सुधर जाएगा और मानवता का भविष्य उज्ज्वल हो जाएगा। यही हनुमान जयंती का वास्तविक संदेश है- अपने भीतर के हनुमान को जगाइए, जीवन को शक्ति, ज्ञान, भक्ति और सेवा का संगम बनाइए।

# महिलाओं का अंधविश्वासी होना भी उनके यौन शोषण का बड़ा कारण

निर्मल रानी

महिलाओं को देवियां कहकर संबोधित करने व देवियों की पूजा करने वाले हमारे देश में आये दिन महिलाओं के यौन शोषण की नई से नई व घिनौनी से घिनौनी ख़बरें सामने आती रहती हैं। वैसे तो राजनीति,निजी व सरकारी सेवा क्षेत्र,शैक्षणिक संस्थान आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं के यौन शोषण की ख़बरें सुनाई देती हैं परन्तु बड़े ही दुःख व शर्म की बात यह है कि महिलाओं का सबसे अधिक शोषण उनके अन्धविश्वास के चलते या उनकी धर्मान्धिता के कारण होता है। देश के अनेक बड़े से बड़े स्वयंभू धर्मगुरु जो ईश्वरीय अवतार होने तक का दावा किया करते थे, महिलाओं के यौन शोषण यहाँ तक कि बलात्कार व हत्या जैसे मामलों में जेल की सज़ा काट चुके हैं और कई अब भी जेलों में हैं परन्तु आश्चर्य यह है कि उनके काले कारनामों से पर्दा हटने के बावजूद ऐसे दुराचारी स्वयंभू धर्मगुरुओं के अनुयायियों ख़ासकर महिला अनुयायियों में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बल्कि उनके प्रति अंधआस्था रखने वाले लोग यह कहते सुने जाते हैं कि उनके गुरु जी को जबरन फंसाया गया है। शायद यही वजह है कि हमारे देश में आये दिन इस तरह के नित नये मामले सामने आते रहते हैं। पिछले दिनों ऐसा ही हैरान करने वाला एक मामला महाराष्ट्र के नासिक से सामने आया। यहाँ कैप्टन अशोक खरात उर्फ़ अशोक कुमार उर्फ़ एकनाथ खरात नाम से प्रसिद्ध एक ज्योतिषी की हैरान कर देने वाली काली करतूत उजागर हुई। इस व्यक्ति का नासिक के कनाडा कॉर्नर क्षेत्र में ओकस प्रॉपर्टी डीलर्स एंड डेवलपर्स नाम से एक कार्यालय था जो ज्योतिष के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध था । उसके क़रीब ही सिन्नर में उसका एक विशाल फ़ार्म हाउस था जिसमें उसने ईशान्येश्वर मंदिर बना रखा था। वह एक ट्रस्ट बनाकर इस व्यवस्था को स्वयं संचालित करता था। वह ख़ुद ही ट्रस्ट का प्रमुख था। उसके पास और भी अनेक संपत्तियां थीं। खरात के नेताओं, अधिकारियों, सेलिब्रिटी और व्यापारियों से भी गहरे संबंध थे। इस 67 वर्षीय पूर्व मर्चेंट नेवी कर्मचारी जो कि स्वयं को कैप्टन बताता था उसने ज्योतिष और आध्यात्मिक शक्तियों के नाम पर अनेक महिलाओं को अपने जाल में फंसाया हुआ था । वह स्वयं को रसूख़दार व शक्तिशाली ज्योतिषी व आध्यात्मिक गुरु बताता था। यहां तक कि भगवान शिव का अवतार होने का दावा भी किया करता था। यह व्यक्ति संपन्न ऊंचे रसूख़ वाली उच्च पदों पर आसीन महिलाओं व उच्च पदों पर विराजमान लोगों की पत्नियों को उनके व्यक्तिगत , पारिवारिक, वैवाहिक या फिर भविष्य व कैरियर संबंधी समस्याओं का समाधान बताने के बहाने से अपने कार्यालय या अपने फ़ार्म हाउस पर बुलाया करता था। इसके बाद वह उन महिलाओं की कुंडली देखता था। फिर किसी महिला को उसके पति की मौत का ख़तरा बताता तो किसी को कोई और परिवारिक संकट बता देता। किसी को उसका भविष्य ख़राब होने की भविष्यवाणी कर देता तो किसी को गंभीर बीमारी का भय बता देता। और इसी की आड़ में वह पूजा-पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने की बातें किया करता था। यह स्वयंभू ज्योतिषी अपने कार्यालय या फ़ार्म हाउस के एक प्राइवेट केबिन में शुद्धिकरण या रीतियों के नाम पर अपना शिकार बनाने वाली महिलाओं को किसी पेय के माध्यम से ऐसा नशीला पदार्थ पिलाता जिससे वे बेहोश हो जातीं या फिर सम्मोहित हो जातीं। उसके बाद वह अपने कार्यालय में ही उन महिलाओं का यौन शोषण किया करता था। और वहां गुप्त रूप से लगे सी सी टी वी कैमरों से उनकी वीडियो रिकॉर्ड करता। बाद में इसी वीडियो के माध्यम से शिकार की गयी महिलाओं को डराता धमकाता। वह यह धमकी भी देता कि यदि उन्होंने किसी से इस घटना का ज़िक्र किया तो उनके पति की जान जा सकती है और उसका पूरा परिवार बर्बाद हो सकता है। वह उन महिलाओं को वीडियो वायरल करने की धमकी भी देता। और इसी के बहाने वह न केवल इन महिलाओं का बार-बार शारीरिक शोषण करता बल्कि उनसे पैसे भी ऐंठता रहता था। बहरहाल आख़िरकार उस स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु व स्वयंभू शिवावतार के पाप का घड़ा फूट ही गया। एक महिला ने पिछले दिनों उसकी पुलिस में शिकायत की कि तीन साल से भी अधिक समय तक उसने अपने इसी कुचक्र में उसे उलझाये रखा। जबकि अनेक महिलाएं या तो डर के मारे या अपनी बदनामी के भय से ख़ामोश रहीं। इसी महिला की शिकायत पर नासिक क्राइम ब्रांच ने पिछले दिनों उसके फ़ार्म हाउस पर छापा मारा। पुलिस को यहां से जो पेन ड्राइव मिले उसमें लगभग एक सौ के क़रीब महिलाओं की आपत्तिजनक वीडिओ प्राप्त हुई। इसके अलावा उसके ऑफ़िस और फ़ार्म हाउस से पिस्तौल, कारतूस व अनेक संदिग्ध दस्तावेज़ मिले व करोड़ों की संपत्ति का ख़ुलासा हुआ। हद तो यह है कि इस व्यक्ति ने महिलाओं के हितों की रक्षा करने वाली महाराष्ट्र महिला आयोग की एक पूर्व अध्यक्ष को भी नहीं बख़्शा।इस के साथ भी उसकी आपत्ति जनक तस्वीरें व वीडिओ वायरल हुये। अब जबकि खरात पुलिस हिरासत में है और एस आई टी मामले की जांच कर रही है ऐसे में अब और भी कई महिलाएं शिकायत दर्ज कराने के लिये सामने आ रही हैं। परन्तु कई महिलायें अभी भी भय व बदनामी के चलते ख़ामोश हैं। ऐसे में एक बार फिर वही सवाल पैदा होता है कि देश में पाखण्डी व दुराचारी प्रवृति के अनेकानेक धर्मगुरुओं, ज्योतषियों के तमाम काले कारनामों के उजागर होने के बावजूद भी आख़िर महिलायें क्योंकर ऐसे पाखंडियों के चंगुल में फँस जाती हैं? प्रायः अशिक्षित महिलाओं को तो ऐसे कुचक्रों में फंसता हुआ देखा ही जा चुका है परन्तु इस मामले ने तो सभी को इसलिये भी हैरान कर दिया है कि खरात ने शिक्षित व उच्च पदों पर रहने वाली या रसूख़दार परिवारों की महिलाओं को ही अपने जाल में फंसाया। इससे यह साफ़ ज़ाहिर है कि अंधआस्था व अंधविश्वास केवल ग़रीब व अशिक्षित महिलाओं में ही नहीं बल्कि शिक्षित महिलायें भी इसका शिकार हैं। इसलिये यह कहना ग़लत नहीं होगा कि महिलाओं का अंधविश्वासी होना भी उनके यौन शोषण का एक बड़ा कारण है।

# आज का राशिफल



शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, चैत्र शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमे तिथि, 15, पूर्णिमा, गुरुवासरे, हस्त नक्षत्रे, कन्या की चंद्रमा, धन योगे, तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होगी।

## आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक किसान, उद्यमी, विवेकवान, शिक्षक, लिपिक, कम्प्यूटर-ऑपरेटर, बैंक कर्मचारी, उद्योगपति, लेखापाल, लिपिक, शार्टहेण्ड-टाईपिस्ट तथा लिखने में चतुर कवि, लेखक होगा।

मेष राशि :- अधिक संघर्षशीलता से बचिये, भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, ध्यान दें।

वृष राशि :- विरोधी तत्व परेशान करें, कुछ शुद्ध गोचर रहने से समय व लाभ अवश्य होगा।

मिथुन राशि :- कार्य निश्चय ही बनें, समय की अनुकूलता का लाभ लेवें, मानसिक संतोष होगा।

कर्क राशि :- कुटुम्ब में शुभ समाचार, दैनिक व्यवसाय में अनुकूलता अवश्य ही बन जायेगी।

सिंह राशि :- सरकारी कार्य निपटा लें, सफलता का संघर्ष निश्चय फलदायी होगा।

कन्या राशि :- सामाजिक कार्यों में मान-प्रतिष्ठा, नवीन चेतना अवश्य फलप्रद होगी।

तुला राशि :- विवाद ग्रस्त होने से बचिये अन्यथा संकट में फंस सकते हैं, कार्य पर ध्यान दें।

वृश्चिक राशि :- समृद्धिवर्धक योग बनेंगे, अधिकारी वर्ग का लाभ मिलेगा, समय का ध्यान रखें।


धनु राशि :- मनोबल उत्साहवर्धक होगा, समय पर सोचे कार्य बनेंगे, अधिकारी वर्ग समर्थक बनेंगे।

मकर राशि :- मानसिक शांति बनाये रखें, विरोधी तत्व परेशान करेंगे, मार्ग अवश्य बनेंगे।

कुंभ राशि :- सफलता के साधन बनें, व्यर्थ भटकने से बचें, समय का ध्यान अवश्य रखें।

मीन राशि :- प्रत्येक कार्य में बाधा, कार्य में विलम्ब, किसी मित्र से धोखा अवश्य होगा।

# संकट हरता, सुखकर्ता, कलियुग के देवता हैं पवनपुत्र हनुमान



सनातन धर्म में सप्ताह के प्रत्येक दिन को किसी न किसी देवता को समर्पित किया गया है और भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त पवनपुत्र हनुमान को मंगलवार का दिन समर्पित माना गया है। हनुमान जयंती, जिसे 'हनुमान जन्मोत्सव' भी कहा जाता है, प्रतिवर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। इस वर्ष यह पावन पर्व 2 अप्रैल को मनाया जा रहा है। हनुमान जयंती को 'हनुमान जन्मोत्सव' इसीलिए कहा जाता है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि महाबली हनुमान आज भी धरती पर विद्यमान हैं और अपने भक्तों की सहायता के लिए सदैव उपस्थित रहते हैं। पुराणों के अनुसार, जब हनुमानजी ने भगवान श्रीराम की सेवा, भक्ति और समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया, तब माता सीता ने उन्हें अमरता का वरदान दिया था। यही कारण है कि उन्हें 'चिरंजीवी' माना जाता है और उनके जन्मोत्सव को विशेष श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व हिन्दू समाज के लिए केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सांस्कृतिक चेतना और आस्था का प्रतीक है। हनुमान जन्मोत्सव अच्छाई की विजय और न्याय की स्थापना के संकल्प का स्मरण कराता है। यह दिन सभी को प्रेरणा देता है कि वे धर्म के मार्ग पर चलते हुए जीवन में सच्चाई, सेवा और समर्पण को अपनाएं। भगवान श्रीराम का जन्म लगभग 5114 ईसा पूर्व अयोध्या में हुआ माना जाता है और यह मान्यता है कि हनुमानजी का जन्म श्रीराम के जन्म से पूर्व हुआ था ताकि वे श्रीराम की सेवा में समर्पित हो सकें। हनुमानजी हिन्दू धर्म के सबसे पूज्यनीय और लोकप्रिय देवताओं में से एक हैं। उनकी पूजा केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में फैले हिन्दू समुदाय द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव से की जाती है। भगवान हनुमान को कलियुग का देवता माना गया है, जो शीघ्र प्रसन्न होते हैं। यह मान्यता है कि सच्चे मन से उनकी पूजा करने से सभी प्रकार की बाधाएं दूर होती हैं, आरोग्यता प्राप्त होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विशेष रूप से मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी की पूजा अत्यंत फलदायक मानी जाती है। हनुमान चालीसा का पाठ इस दिन विशेष रूप से किया जाता है। 16वीं शताब्दी के महान संत, कवि और भक्त गोस्वामी तुलसीदास ने हनुमान चालीसा की रचना की थी, जो आज भी करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केन्द्र है। हनुमान चालीसा में हनुमानजी के गुण, पराक्रम, भक्ति और उनके चमत्कारों का विस्तारपूर्वक वर्णन है। ऐसा कहा जाता है कि इसका पाठ करने से भय और दुख दूर होते हैं और साधक को मानसिक शांति प्राप्त होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान हनुमान का जन्म त्रेतायुग में हुआ था, जब भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। भगवान शिव ने भगवान राम की सेवा हेतु रुद्रावतार हनुमान के रूप में जन्म लिया। वाल्मीकि रामायण, महाभारत, पुराणों और अन्य ग्रंथों में हनुमानजी के पराक्रम, भक्ति और सेवाभाव का विस्तारपूर्वक वर्णन मिलता है। माता अंजना और वानरराज केसरी के पुत्र हनुमान को जन्म से ही असाधारण शक्तियां प्राप्त थीं। उन्हें सूर्य से शिक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य मिला और अनेक देवी-देवताओं ने उन्हें अपने-अपने आशीर्वाद से शक्तिशाली बना दिया। हनुमानजी को अष्ट सिद्धियां और नव निधियां प्राप्त हैं। यही कारण है कि उन्हें अजेय, अमर और महाबली देवता माना गया है।

हनुमानजी की भक्ति और शक्ति का सबसे बड़ा प्रमाण रामायण में मिलता है, जब उन्होंने माता सीता की खोज में समुद्र पार किया, लंका दहन किया और संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मणजी के प्राणों की रक्षा की। उनका समर्पण, साहस और त्याग अप्रतिम है। वे केवल पराक्रमी योद्धा ही नहीं बल्कि एक अत्यंत बुद्धिमान और विनम्र भक्त भी हैं। 'संकटमोचन' कहे जाने वाले हनुमान अपने भक्तों को हर प्रकार के संकट से उबारते हैं और उन्हें भय, पीड़ा तथा क्लेश से मुक्त करते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति सच्चे मन से हनुमानजी की उपासना करता है, वह जीवन में आने वाली सभी बाधाओं को पार करते हुए सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है। हनुमानजी के नामकरण को लेकर भी एक विशेष कथा प्रचलित है। संस्कृत में 'हनु' का अर्थ होता है दाढ़ी। पौराणिक मान्यता के अनुसार, बाल्यावस्था में जब हनुमानजी को तीव्र भूख लगी तो उन्होंने सूर्य को एक लाल फल समझकर खाने के लिए दौड़ लगा दी। उसी समय राहु भी सूर्यग्रहण के लिए आया था लेकिन हनुमानजी ने राहु को भगा दिया और सूर्य को निगल लिया। इससे संसार में अंधकार फैल गया। राहु ने देवताओं से जाकर शिकायत की तो देवराज इंद्र ने क्रोधित होकर हनुमान पर अपने वज्र से प्रहार किया, जिससे उनकी दाढ़ी में चोट आई और वे मूर्छित हो गए। जब पवनदेव को यह ज्ञात हुआ तो उन्होंने पूरे ब्रह्मांड में वायु का प्रवाह रोक दिया। सृष्टि में हाहाकार मच गया और तब सभी देवताओं ने ब्रह्मा जी की अगुवाई में पवनदेव को मनाया और हनुमानजी को जीवनदान दिया। इस दिन को ही उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। हनुमानजी का चरित्र आज के युग के लिए प्रेरणास्रोत है। वे शक्ति, सेवा, समर्पण और विनम्रता के अद्भुत संगम हैं। उनका जीवन दर्शाता है कि किसी भी शक्ति का प्रयोग केवल धर्म और सेवा के लिए किया जाना चाहिए। वे निर्भयता और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक हैं। भक्तों का विश्वास है कि हनुमानजी की आराधना से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। आज जब संसार अनेक प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब हनुमान जन्मोत्सव का संदेश हमें शक्ति, साहस और संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उनकी भक्ति, निष्ठा और सेवा का भाव प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में होना चाहिए ताकि हम सभी अपने कर्त्तव्यों का निष्ठा से पालन करते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा कर सकें। हनुमान जन्मोत्सव न केवल एक धार्मिक पर्व है बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक एकता और अध्यात्मिक ऊर्जा का भी उत्सव है।

# लॉफिंग ज़ोन

अध्यापिका (छात्र से)- वो कौन सा डिपार्टमेंट है जिसमें औरतें काम नही कर सकती?

छात्र (अध्यापिका से)- फायर ब्रिगेड।

अध्यापिका- क्यों?

छात्र- क्योंकि औरतों का काम आग लगाना है बुझाना नही।

□ □ □

अध्यापिका (छात्रों से)- सोच और वहम में क्या फर्क है?

छात्र (अध्यापिका से)- आप मस्त आइटम हैं ये हमारी सोच है, और हम अभी बच्चे हैं ये आपका वहम है।

□ □ □

चिंटू पुरानी एलबम देखते हुए.. मम्मी ये फोटो में आपके साथ इतना स्मार्ट कौन है?

मम्मी (चिंटू से)- ये तुम्हारे पापा हैं।

चिंटू- तो हम इस गंजे के साथ क्यों रहते हैं।

□ □ □

सोनू (चिंटू से)- मेरे पापा के आगे अमीर से अमीर आदमी भी कटोरी लेकर खड़े रहते हैं।

चिंटू (सोनू से)- ऐसे कितने अमीर हो तुम?

सोनू- मेरे पापा गोल-गप्पे की रेडी लगाते हैं।

□ □ □

# आज का इतिहास 2 अप्रैल

1671 अकबर द्वारा समाप्त किया गया जजिया कर औरंगजेब ने पुनः लागू किया.

1872 अमेरिकी आविष्कारक एफ.बी. मोर्स का निधन.

1915 स्विटजरलैंड और इटली को जोड़ने वाली रेल सुरंग का उद्घाटन.

1933 क्रिकेट के प्रसिद्ध खिलाड़ी रणजीत सिंह का निधन.

1942 कांग्रेस ने क्रिप्स प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया.

1947 सुरक्षा परिषद ने जापान के कब्जे वाले प्रशांत सागर द्वीपों के लिए अमेरिका को न्यासी नियुक्त किया .

1961 फ्रांसीसी समुदाय के तहत मेडागास्कर स्वतंत्र हुआ.

1971 असम के भीतर ही मेघालय स्वायत्त पहाड़ी राज्य बना.

1996 रूस और बेलारूस ने राजनीतिक और आर्थिक सहयोग समझोता किया.

1998 कोंकण रेलमार्ग से हजरत निजामुद्दीन से तिरुवनंतपुरम तक राजधानी एक्सप्रेस की शुरुवात.

# हनुमान जयंती और हनुमानजी की उपासना

**शक्ति, भक्ति, कला, चातुर्य तथा बुद्धिमत्ता में श्रेष्ठ होते हुए भी प्रभु रामचंद्रजी के चरणों में सदैव लीन रहनेवाले हनुमान के जन्म का इतिहास, हनुमान जयंती पूजाविधि तथा हनुमान उपासना का शास्त्र सनातन संस्था द्वारा संकलित इस लेख में जान कर लेंगे ।**




1. जन्म का इतिहास : राजा दशरथजी ने पुत्रप्राप्ती के लिए 'पुत्रकामेष्टि यज्ञ' किया। तब अग्निदेव यज्ञ से प्रकट हुए और दशरथ की रानियों के लिए खीर (यज्ञ में अवशिष्ट प्रसाद) प्रदान किया। अंजनी, जो दशरथ की रानी की तरह तपस्या कर रही थी, उन्हे भी यह प्रसाद मिला और इसी कारण हनुमान का जन्म हुआ। उस दिन चैत्र पूर्णिमा थी। यह दिन 'हनुमान जयंती' के रूप में मनाया जाता है।

2. पवनपुत्र मारुति ने 'हनुमान' नाम कैसे धारण किया ? - जन्म होने के बाद उगते सूर्य का लाल गोला देखकर उसे पका फल समझकर हनुमान ने आकाश में सूर्य की दिशा में उड़ान भरी । इस पर इंद्र ने क्रोधित होकर उन पर अपना वज्र फेंका । इंद्र का वज्र मार ठोड़ी पर लगने के कारण उनका हनुमान नाम पड़ा। हनुमान शब्द की व्युत्पत्ति इसप्रकार है, हनुः अस्य अस्ति इति । अर्थात जिसकी ठोड़ी विशेष है, ऐसे वज्रांग (वज्र समान अंग है जिसका) कहलाने लगे । उसी का अपभ्रंश होकर बजरंग नाम पड़ा।

3. हनुमान जयंती की पूजाविधि : हनुमानजी का जन्मोत्सव प्रातः सूर्योदय के समय मनाया जाता है । हनुमानजी की मूर्ति अथवा प्रतिमा की यथासंभव पंचोपचार अथवा षोडशोपचार पद्धति से पूजा करनी चाहिए । सूर्योदय के समय शंखनाद कर पूजा आरंभ करें । भोग लगाने के लिए सोंठ और चीनी का मिश्रण ले सकते हैं । पश्चात वह मिश्रण प्रसाद के रूप में सबको बाटें। हनुमानजी को मदार (रुई) के फूल-पत्तों का हार अर्पण करें । पूजा के उपरांत श्रीराम एवं श्रीहनुमान की आरती करें ।

4. हनुमानजी की उपासना के अंतर्गत विविध कृतियां : हनुमानजी के मूर्ति को तील का तेल, सिंदूर, मदार के पत्ते व फूल अर्पण करने का कारण : तील का तेल, सिंदूर एवं मदार के फूल तथा पत्ते इन वस्तुओं में हनुमानजी के सूक्ष्मातिसूक्ष्म तत्व आकृष्ट करने की क्षमता होती है । इसीलिए हनुमानजी को तील का तेल, सिंदूर एवं मदार के पुष्प-पत्र इत्यादि अर्पण करते हैं । कुछ स्थानोंपर हनुमानजी को नारियल भी चढ़ाते हैं । हनुमानजी की पूजाविधि में केवडा, चमेली या अंबर, इन उदबत्तियों का उपयोग करें । हनुमानजी का पंचतत्वोपर नियंत्रण होने का प्रतीक उन्हें पांच या पांच की गुणा में परिक्रमाएं करें तथा इन्हीं संख्या में फुल अर्पण करें।

5. मारुति को नारियल अर्पण करने की पद्धति : हनुमान को नारियल अर्पण करने की प्रथा पूर्वापार चली आ रही है। नारियल अर्पण करने से पहले हनुमान की मूर्ति के सामने नारियल की शेंडी मूर्ति की ओर करके नारियल हाथ में लेना चाहिए। हनुमान के सात्त्विक स्पंदन नारियल में आने के लिए हनुमान से प्रार्थना करनी चाहिए। उसके बाद नारियल फोड़कर उसका आधा भाग अपने लिए रखना चाहिए और शेष आधा भाग वहां की स्थानदेवता को अर्पण करना चाहिए।

6. आध्यात्मिक कष्ट एवं शनि ग्रह पीडा निवारणार्थ हनुमानजी की उपासना : शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव को न्यून (कम) करने के लिए, आसुरी शक्तियां तथा आध्यात्मिक कष्टसे रक्षा करने हेतु हनुमानजी की उपासना विशेष फलदायी होती है I

7. नामजप एवं हनुमान चालीसा का पाठ : हनुमान जयंती के दिन नित्य की तुलना में वातावरण में हनुमानतत्त्व 1 सहस्त्र गुना अधिक सक्रिय रहता है। उसका आध्यात्मिक स्तर पर लाभ प्राप्त करने के लिए घर में सब लोग एक साथ बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करें । तथा दिनभर 'श्री हनुमते नमः ' ऐसा नामजप अधिकाधिक करें !


8. बलोपासना कर हनुमानजी की कृपा प्राप्त करें ! धर्म-अधर्म की लड़ाई में महत्त्वपूर्ण देवता अर्थात हनुमानजी ! हनुमानजी ने त्रेतायुग में रावण के विरुद्ध युद्ध में प्रभु श्रीराम को सहकार्य किया जबकि द्वापरयुग में महाभारत के भयंकर लड़ाई में वे कृष्णार्जुन के रथ पर विराजमान थे । हिंदुस्थान में मुगल सत्ता असीम अत्याचार कर रही थी, उस समय महाराष्ट्र में बलोपासना का महत्व अंकित करने हेतु समर्थ रामदासस्वामी जी ने हनुमानजी की मूर्ति की 11 स्थानों पर स्थापना की तथा हिंदुओं मे 'हिंदवी स्वराज्य' स्थापित करने की चेतना जगाई । इसलिए हनुमानजयंती की पार्श्वभूमि पर बलोपासना के साथ भगवान की भक्ति करने का संकल्प करेंगे ।

हनुमान जी को प्रार्थना : हनुमान जयंती के निमित्त हम हनुमान जी के चरणों में शरण जाकर प्रार्थना करें कि, हे हनुमान जी, आपने जैसे श्रीराम जी की भक्ति की, वैसी भक्ति मुझे भी करने के लिए सिखाएं। धर्मरक्षण के लिए मुझे भक्ति और शक्ति दें, यह आपके चरणों में प्रार्थना है।

श्रीमती बबीता गांगुली
सनातन संस्था

# दैनिक पंचांग

**2 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**गुरुवार** 2026 वर्ष का 92 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा 07.42 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 17.39 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 14.20 बजे को समाप्त।
**करण** बव 07.42 बजे तदनन्तर बालव 20.09 बजे को समाप्त।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.32 बजे से | **चन्द्रायु** 13.9 घण्टे |
| चंद्र | कन्या में | वृष | 08.12 बजे से | **रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 51' |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.10 बजे से | **सूर्य** उत्तरायन |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.24 बजे से | **कलि अहर्गण** 1872667 |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.40 बजे से | **जूलियन दिन** 2461132.5 |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.52 बजे से | **कलियुग संवत्** 5128 |
| शनि | मीन में | तुला | 19.02 बजे से | **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.17 ब.से | **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.33 बजे से | **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 |
| **राहुकाल** | | मकर | 01.38 बजे से | **हिजरी सन्** 1447 |
| 1.30 से 3.00 बजे तक | | कुंभ | 03.25 बजे से | **महीना** सव्वाल |
| | | मीन | 04.57 बजे से | **तारीख** 13 |
| | | | | **विशेष** हनुमान जयंती, धरती पुजा। |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# योगेश्वर रूप में जीवन का दर्शन देते हैं भगवान श्रीकृष्ण

भक्ति की परंपरा में भगवान श्रीकृष्ण सबसे ज्यादा आकर्षित करने वाले भगवान हैं। योगेश्वर रूप में वे जीवन का दर्शन देते हैं तो बाल रूप में उनकी लीलाएं भक्तों के मन को लुभाती है।आज पूरब से लेकर पश्चिम तक हर कोई कान्हा की भक्ति से सराबोर है। चैतन्य महाप्रभु के भक्ति आन्दोलन के समय श्रीकृष्ण का जो महामंत्र प्रसिद्ध हुआ, वह तब से लेकर अब तक लगातार देश दुनिया में गूंज रहा है। आप भी मुरली मनोहर श्रीकृष्ण की कृपा पाने के लिए उनके मंत्र के जाप की शुरुआत कर सकते हैं।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण
कृष्ण कृष्ण हरे हरे
हरे राम हरे राम
राम राम हरे हरे॥

१५वीं शताब्दी में चैतन्य महाप्रभु के भक्ति आन्दोलन के समय प्रसिद्ध हुए इस मंत्र को वैष्णव लोग महामन्त्र कहते हैं। इस्कान के संस्थापक के श्रील प्रभुपाद जी अनुसार इस महामंत्र का जप उसी प्रकार करना चाहिए जैसे एक शिशु अपनी माता का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए रोता है।

ॐ नमो भगवते श्री गोविन्दाय

भगवान श्रीकृष्ण के इस द्वादशाक्षर (12) मंत्र का जो भी साधक जाप करता है, उसे सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। प्रेम विवाह करने वाले अभिलाषा रखने वाले जातकों के लिए यह रामबाण साबित होता है।

कृं कृष्णाय नमः

यह पावन मंत्र स्वयं भगवान श्रीकृष्ण द्वारा बताया गया है। इसके जप से जीवन से जुड़ी तमाम बाधाएं दूर होती हैं और घर-परिवार में सुख और समृद्धि का वास होता है।

ॐ श्री कृष्णाय शरणं मम्।

जीवन में आई विपदा से उबरने के लिए भगवान श्रीकृष्ण का यह बहुत ही सरल और प्रभावी मंत्र है। इस महामंत्र का जाप करने से भगवान श्रीकृष्ण बिल्कुल उसी तरह मदद को दौड़े आते हैं जिस तरह उन्होंने द्रौपदी की मदद की थी।

आदौ देवकी देव गर्भजननं, गोपी गृहे वद्र्धनम्।
माया पूज निकासु ताप हरणं गौवद्र्धनोधरणम्।।
कंसच्छेदनं कौरवादिहननं, कुंतीसुपाजालनम्।
एतद् श्रीमद्भागवतम् पुराण कथितं श्रीकृष्ण लीलामृतम्।।
अच्युतं केशवं रामनारायणं कृष्णःदामोदरं वासुदेवं हरे।
श्रीधरं माधवं गोपिकावल्लभं जानकी नायकं रामचन्द्रं भजे।।



श्रद्धा और विश्वास के इस मंत्र का जाप करने से न सिर्फ तमाम संकटों से मुक्ति मिलती है, बल्कि सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। सुख, समृद्धि और शुभता बढ़ाने में यह महामंत्र काफी कारगर साबित होता है।

अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं हसितं मधुरम् ।
हृदयं मधुरं गमनं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।। 1 ।।
वचनं मधुरं चरितं मधुरं वसनं मधुरं वलितं मधुरम्
चलितं मधुरं भ्रमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।। 2 ।।
वेणुर्मधुरो रेणुर्मधुरः पाणिर्मधुरः पादौ मधुरौ ।
नृत्यं मधुरं सख्यं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।। 3 ।।
गीतं मधुरं पीतं मधुरं भुक्तं मधुरं सुप्तं मधुरम् ।
रूपं मधुरं तिलकं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।। 4 ।।
करणं मधुरं तरणं मधुरं हरणं मधुरं रमणं मधुरम् ।
वमितं मधुरं शमितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।। 5 ।।
गुञ्जा मधुरा माला मधुरा यमुना मधुरा वीची मधुरा ।
सलिलं मधुरं कमलं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।। 6 ।।
गोपी मधुरा लीला मधुरा युक्तं मधुरं मुक्तं मधुरम् ।
दृष्टं मधुरं शिष्टं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।। 7 ।।
गोपा मधुरा गावो मधुरा यष्टिर्मधुरा सृष्टिर्मधुरा ।
दलितं मधुरं फलितं मधुरं मधुराधिपतेरखिलं मधुरम् ।। 8 ।।

कन्हैया की स्तुति करने के लिए तमाम मंत्र हैं लेकिन यह मंत्र उनकी मधुर छवि का दर्शन कराती है। इस मंत्र की स्तुति में कान्हा की अत्यंत मनमोहक छवि उभर कर सामने आती है। साथ ही साथ योगेश्वर श्रीकृष्ण के सर्वव्यापी और विश्व के पालनकर्ता होने का भी भान होता है।

# शेयर बाजार भारी तेजी के साथ बंद सेंसेक्स 1186, निफ्टी 348 अंक उछला




मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। वित्त वर्ष के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ जारी संघर्ष के शीघ्र समाप्त होने के संकेतों से भी बाजार उछला है। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में कमी से भी बाजार धारणा मजबूत हुई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1186.77 अंक ऊपर आकर 73,134.32 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 348 अंकों की बढ़त के साथ ही 22,679.40 के स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले मार्च में दोनों प्रमुख इंडेक्स 11 फीसदी से ज्यादा गिरे थे। इससे निवेशकों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आज बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 13 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 425 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा पहुंच गया। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1814.88 अंकों की बढ़त के साथ 73,762.43 पर खुला जबकि निफ्टी 567 अंकों की तेजी के साथ 22,899 के स्तर पर पहुंचा। आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी मजबूत खरीदारी देखने को मिली, जहां निफ्टी मिडकैप 100 में 3.30 फीसदी और स्मॉलकैप 100 में 3.61 फीसदी की तेजी दर्ज की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 1.41 रुपये की बढ़त के साथ ही 93.44 पर बंद हुआ। बुधवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 15 पैसे बढ़कर 94.70 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से घरेलू मुद्रा को थोड़ा समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.62 प्रति डॉलर पर मजबूत खुला। हालांकि जल्द इसने थोड़ी बढ़त खो दी डॉलर के मुकाबले 94.70 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 15 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया सोमवार को कारोबार के दौरान पहली बार 95 के स्तर के पार चला गया था। हालांकि अंत में थोड़ा संभलता हुआ 94.85 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। श्री महावीर जयंती के अवकाश के उपलक्ष्य में मंगलवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 99.63 पर रहा।

### डॉलर लहर ने सैफ अली खान के साथ पेश किया साइ-फाई विज्ञापन अभियान

इंदौर (ईएमएस)। प्रमुख इनरवियर ब्रांड डॉलर लहर ने गर्मी के सीजन के लिए अपना नया विज्ञापन अभियान लॉन्च किया है। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान अभिनीत यह अभियान हास्य, कल्पना और साइ-फाई तत्वों का एक अनूठा मिश्रण है। हाईवे ढाबे की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में दोस्तों के एक समूह और एलियंस के बीच की मुलाकात को यान और बनियान के मजेदार शब्द-खेल के जरिए दिखाया गया है। TBWA/ Lintas द्वारा तैयार और उजेर खान द्वारा निर्देशित यह विज्ञापन ब्रांड को एक विश्वसनीय डेली एसेंशियल के रूप में स्थापित करता है। डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एमडी विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि सैफ अली खान की हाजिरजवाबी और लोकप्रियता ने ब्रांड को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है। यह अभियान डिजिटल प्लेटफॉर्म समेत सभी प्रमुख मीडिया माध्यमों पर जारी कर दिया गया है।

### हुंदै मोटर इंडिया की बिक्री मार्च में 2.5 प्रतिशत बढ़कर 69,004 इकाई हुई

नई दिल्ली (ईएमएस)। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की मार्च में कुल बिक्री सालाना आधार पर 2.5 प्रतिशत बढ़कर 69,004 इकाई रही। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि मार्च 2026 की बिक्री में घरेलू बिक्री की 55,064 इकाई और 13,940 इकाई का निर्यात शामिल हैं। घरेलू बिक्री मार्च के किसी भी महीने की अब तक की सबसे अधिक रही और इसमें सालाना आधार पर 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें कहा गया कि जनवरी से मार्च 2026 की अवधि में कुल बिक्री 2,08,275 इकाई रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.7 प्रतिशत अधिक है। इसमें चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च) में घरेलू बिक्री 1,66,578 इकाई रही, जो सालाना आधार पर 8.5 प्रतिशत अधिक है जो उसकी स्थापना के बाद से सर्वाधिक रही। कंपनी ने बताया कि चौथी तिमाही में निर्यात 41,697 इकाई रहा जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत अधिक है।

### सरकार ने आरओडीटीईपी योजना का लाभ 30 सितंबर तक बढ़ाया

**पहले यह योजना 31 मार्च 2026 तक मान्य थी**

नई दिल्ली (ईएमएस)। पश्चिम एशिया में हालिया संघर्ष के कारण वैश्विक व्यापार में व्यवधान को देखते हुए सरकार ने निर्यातित उत्पादों पर शुल्क एवं कर की छूट (आरओडीटीईपी) योजना के तहत निर्यातकों को मिलने वाला वित्तीय लाभ छह महीने के लिए बढ़ाकर 30 सितंबर 2026 कर दिया है। आरओडीटीईपी योजना 2021 में शुरू हुई थी और इसके तहत निर्यातकों पर लगाए गए कर, शुल्क और उपकरों की वापसी 0.3 फीसदी से 3.9 फीसदी तक होती है। पहले यह योजना 31 मार्च 2026 तक मान्य थी। डीजीएफटी ने कहा कि एक अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किए गए पात्र निर्यात पर वही दरें लागू रहेंगी। पश्चिम एशिया संकट के कारण समुद्री और हवाई मालभाड़ा बढ़ा है, जबकि बीमा प्रीमियम भी महंगा हो गया है। फरवरी में भारतीय निर्यात 36.61 अरब डॉलर पर घट गया। सरकार ने 487 करोड़ रुपए की 'रिलीफ' योजना भी शुरू की। इसके अलावा तूर, उड़द और पीली मटर का आयात बिना प्रतिबंध के बढ़ाया गया है। वर्जिन मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड का न्यूनतम आयात मूल्य एक महीने के लिए 67,220 रुपए प्रति टन किया गया। इन कदमों का उद्देश्य बढ़े खर्च और जोखिम से जूझ रहे निर्यातकों को समय पर समर्थन देना है।

### सरकार ने एसईजेड इकाइयों को घरेलू बाजार में रियायती शुल्क पर बिक्री की मंजूरी दी

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) की विनिर्माण इकाइयों के लिए एकमुश्त विशेष राहत योजना की घोषणा की है। इस कदम का उद्देश्य वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एसईजेड इकाइयों की उत्पादन क्षमता का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना और उनके वित्तीय दबाव को कम करना है। यह छूट केवल उन्हीं इकाइयों को मिलेगी जिन्होंने 31 मार्च 2025 या उससे पहले उत्पादन शुरू किया हो। लाभ के लिए यह भी आवश्यक है कि वस्तुएं एसईजेड में निर्मित हों और उनमें कम से कम 20 प्रतिशत मूल्य संवर्धन हुआ हो। इकाइयों को यह प्रमाणित करना होगा कि ये सभी शर्तें पूरी हुई हैं। विनिर्माण इकाइयां अब अपने उत्पाद घरेलू शुल्क क्षेत्र (डीटीए) में रियायती दरों पर बेच सकती हैं। इसके तहत मूल सीमा शुल्क और कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर में 6.5 फीसदी से 12.5 फीसदी तक की छूट मिलेगी, जो उत्पाद के अनुसार भिन्न है। यह योजना फिलहाल 2026-27 के लिए है, लेकिन परिस्थितियों के अनुसार इसे बढ़ाया जा सकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, कई एसईजेड इकाइयों के पास अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, और यह कदम उन्हें घरेलू बाजार में बिक्री बढ़ाने में मदद करेगा। इससे न केवल आयात में कमी आएगी, बल्कि एसईजेड की इकाइयों की वित्तीय स्थिति और उत्पादन क्षमता का बेहतर उपयोग भी संभव होगा।

### अप्रैल महिने में लांच होगी 5 बड़ी कारें

नई दिल्ली (ईएमएस)। कई बड़ी कार निर्माता कंपनियां अप्रैल महीने अपने नए मॉडल्स लॉन्च करने की तैयारी में हैं। सबसे पहले फाक्सवैगन अपनी मिड-साइज एसयूवी फाक्सवैगन टाइगुन का फेसलिफ्ट वर्जन 9 अप्रैल को पेश करेगी। इसमें नया आक्रामक डिजाइन, कनेक्टेड हेडलैंप्स, 10.25-इंच डिजिटल क्लस्टर और बेहतर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन जैसे फीचर्स मिलेंगे। वहीं एमजी मोटर अपनी नई एसयूवी 'मेजेस्टर' को लॉन्च करने जा रही है, जो टोयोटा फार्च्यूनर को कड़ी टक्कर दे सकती है। यह एमजी ग्लोस्टर का अपडेटेड वर्जन होगा, जिसमें 12.3-इंच डिजिटल क्लस्टर, मसाज सीट्स और एडवांस अडास फीचर्स दिए जाएंगे। इलेक्ट्रिक सेगमेंट में टोयोटा अपनी नई टोयोटा अर्बन क्रूजर ईवी (एबेला) लॉन्च करेगी। यह कार 440 किमी से 543 किमी तक की रेंज के साथ आएगी और प्रीमियम डिजाइन के साथ पेश की जाएगी। निसान भी 'टेक्टॉन' नाम से नई मिड-साइज एसयूवी लाने की तैयारी में है, जो रेनॉ डस्टर के प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी। इसमें 1.0 और 1.3 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन मिलेंगे और भविष्य में इसका हाइब्रिड वर्जन भी आ सकता है। लग्जरी सेगमेंट में मर्सिडिज बेंझ अपनी नई मर्सिडिज ए-क्लास बेंझ ईवी लॉन्च करेगी।

### एटीएफ की कीमतों में भी बड़ा उछाल

नई दिल्ली (ईएमएस)। वेस्ट एशिया में जारी तनाव के असर अब भारत में भी दिखने लगे हैं। सरकारी तेल कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 195.50 रुपये बढ़ाई है। वहीं विमान ईंधन यानी एटीएफ की कीमतों में भी बड़ा उछाल देखने को मिला है। 1 अप्रैल से दिल्ली में एटीएफ की कीमत बढ़कर 2.07 लाख रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है, जो पिछले महीने 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर थी। यह बढ़ोतरी वैश्विक तेल संकट और वेस्ट एशिया में चल रहे तनाव के कारण हुई है। इससे एयरलाइंस की लागत बढ़ेगी और आने वाले समय में हवाई किराए महंगे हो सकते हैं।

## मार्च में जीएसटी संग्रह 2 लाख करोड़ पार, 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी

**- घरेलू बिक्री और आयात से कर संग्रह में बढ़ोतरी देखी गई**




नई दिल्ली (ईएमएस)। मोदी सरकार के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 8.8 प्रतिशत बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। मार्च 2025 में यह संग्रह 1.83 लाख करोड़ रुपये था। वृद्धि का मुख्य कारण घरेलू बिक्री और आयात से राजस्व में बढ़ोतरी को बताया गया है। घरेलू राजस्व 5.9 प्रतिशत बढ़कर 1.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ। वहीं, आयात से प्राप्त राजस्व में 17.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 53,861 करोड़ रुपये रहा। मार्च में रिफंड राशि 13.8 प्रतिशत बढ़कर 22,074 करोड़ रुपये हो गई। रिफंड समायोजित करने पर शुद्ध जीएसटी राजस्व करीब 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत अधिक है। पूरा वित्त वर्ष 2025-26 में सकल जीएसटी संग्रह 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ, जबकि रिफंड समायोजित शुद्ध राजस्व 19.34 लाख करोड़ रुपये रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह आर्थिक गतिविधियों में स्थिरता और नकदी प्रवाह में सुधार का संकेत है। रेवेन्यू के अलग-अलग हिस्सों पर नजर डालें तो घरेलू लेनदेन से मिलने वाला ग्रॉस रेवेन्यू 1.46 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें 5.9 प्रतिशत की बढ़त हुई। वहीं, इंपोर्ट से मिलने वाला रेवेन्यू 0.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें 17.8 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी दिखाई दी। इसका मतलब है कि देश में आयात गतिविधियां भी काफी मजबूत रही हैं। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के अनुसार ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 8.3 प्रतिशत बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया। वहीं नेट जीएसटी रेवेन्यू 7.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19.34 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। राज्यों में महाराष्ट्र ने सबसे ज्यादा योगदान दिया, जहां से करीब 0.13 लाख करोड़ रुपये का टैक्स कलेक्शन हुआ।


## अपग्रेड की योजना ऑफलाइन शिक्षा विस्तार, 12 महीनों में 50 केंद्रों का लक्ष्य

**कंपनी वर्तमान में 20 शहरों में कर रही है 23 केंद्र संचालित**




नई दिल्ली (ईएमएस)। एडटेक कंपनी अपग्रेड ऑफलाइन शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विस्तार कर रही है। कंपनी ने वित्त वर्ष 27 के अंत तक 50 केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है। मौजूदा समय में कंपनी के पास 23 केंद्र हैं और अप्रैल में पानीपत, सिलीगुड़ी और चंडीगढ़ में नए केंद्र शुरू होने वाले हैं। कंपनी वर्तमान में 20 शहरों में 23 केंद्र संचालित कर रही है। इनमें पुणे, बेंगलूरु, अहमदाबाद, भोपाल, हैदराबाद, गुरुग्राम, रायपुर, जयपुर जैसे बड़े शहर शामिल हैं। कंपनी का उद्देश्य मझोले और छोटे शहरों में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है। ऑफलाइन कारोबार के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि योजना अगले 12 महीनों में पूरी होने की संभावना है। अपग्रेड के ऑफलाइन पाठ्यक्रम मुख्य रूप से 21 से 26 वर्ष के युवाओं को लक्षित करते हैं, जो स्नातक या स्नातक पूर्ण कर चुके हैं और नौकरी के लिए नवीनतम कौशल सीखना चाहते हैं। इनमें से लगभग 70 प्रतिशत छात्र एसटीईएम क्षेत्र से हैं। कंपनी क्लासरूम शिक्षण और प्रैक्टिकल प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम बनाती है। बेंगलूरु, पुणे और हैदराबाद में कामकाजी पेशेवरों के लिए वीकेंड क्लासेस उपलब्ध हैं। ये छात्र प्रशिक्षक से सीखने, अभ्यास करने और मॉक इंटरव्यू के माध्यम से नौकरी के अगले स्तर के लिए तैयार हो सकते हैं। ऑफलाइन पाठ्यक्रम की औसत कीमत 6 महीने के लिए 75,000 रुपए है। तकनीकी कौशल में सबसे अधिक मांग डेटा साइंस की है। इसके साथ ही कंपनी सॉफ्ट स्किल्स, अभ्यास और मॉक इंटरव्यू के जरिए विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करती है।

## महाराष्ट्र में प्याज हुआ सस्ता, उत्पादक संघ ने की एमआईएस लागू करने की मांग



**किसानों के वित्तीय संकट को देखते हुए सरकार से तुरंत कदम उठाने की अपील**

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने सरकार से बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) को तुरंत लागू करने की मांग की है। संघ का कहना है कि प्याज की कीमतों में तेज गिरावट ने किसानों को गंभीर वित्तीय संकट में डाल दिया है। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ के एक पदाधिकारी ने कहा कि कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी स्पष्ट रूप से संकटग्रस्त बिक्री की स्थिति को दर्शाती है और एमआईएस लागू करने के मानदंड पूरे करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तुरंत कदम नहीं उठाए गए तो राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।

उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार को ज्ञापन भेजकर बताया कि पूरे राज्य में प्याज उत्पादक मंडियों में कीमतों में गिरावट से भारी नुकसान झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमआईएस लागू होने पर सरकार खरीदार के रूप में प्रवेश करके कीमतों को स्थिर, घबराहट में बिक्री रोकने और व्यापारियों द्वारा दरें दबाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने में मदद कर सकती है। किसानों को फिलहाल प्याज के लिए *300–800 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहे हैं, जबकि उत्पादन लागत 1,500–1,800 रुपये प्रति क्विंटल है। इस स्थिति में किसान मजबूरी में कम दाम पर बिक्री कर रहे हैं और कई मामलों में सड़क पर प्याज फेंकने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग की कि तालुका स्तर पर सरकारी खरीद केंद्र स्थापित किए जाएं, न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाए और मूल्य कमी भुगतान योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

## पश्चिम एशिया तनाव के बावजूद भारत की इंडस्ट्रियल ग्रोथ मजबूत

**करीब 78 फीसदी हिस्सेदारी वाले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 6 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई**

नई दिल्ली (ईएमएस)। फरवरी 2026 में देश का औद्योगिक उत्पादन उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। एंटीक स्टॉक ब्रोकरेज की रिपोर्ट के अनुसार औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) सालाना आधार पर 5.2 फीसदी बढ़ा, जो बाजार के अनुमान 4.2 फीसदी से अधिक और पिछले महीने के संशोधित आंकड़े 5.1 फीसदी से बेहतर है। हालांकि, उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुएं और प्राथमिक वस्तुओं में धीमी वृद्धि कुछ चिंता बढ़ा रही है। करीब 78 फीसदी हिस्सेदारी वाले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। खनन में 3.1 फीसदी और बिजली उत्पादन में 2.3 फीसदी की बढ़त रही। मोटर वाहन, मशीनरी, बेसिक मेटल और इलेक्ट्रिकल उपकरण जैसे सेक्टर ने मजबूत प्रदर्शन किया। वहीं, तंबाकू, कपड़ा, दवा और पेय पदार्थ जैसे सेक्टर कमजोर दिखे। रिपोर्ट के अनुसार, कैपिटल गुड्स में 12.5 फीसदी और इंफ्रास्ट्रक्चर व कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 11.2 फीसदी की तेजी रही। यह संकेत देता है कि निवेश और पूंजीगत खर्च मजबूत हैं। सरकार मई 2026 से औद्योगिक उत्पादन का बेस ईयर 2012 से बदलकर 2023 करने की तैयारी कर रही है।

## झारखंड में बिजली हुई महंगी, अब प्रति यूनिट 50–55 पैसे बढ़े

**1 अप्रैल से नई बिजली दरें लागू**

रांची (ईएमएस)। झारखंड में 1 अप्रैल से नई बिजली दरें लागू कर दी गई हैं। राज्य विद्युत नियामक आयोग (जेएसईआरसी) के नए आदेश के अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली के लिए प्रति यूनिट 50 से 55 पैसे अधिक चुकाने होंगे। 200-400 यूनिट बिजली उपयोग करने वालों के लिए दर बढ़कर 5.35 रुपये प्रति यूनिट हो गई है, जबकि 400 यूनिट से अधिक खपत करने वालों के लिए यह बढ़कर 7.40 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। मध्यम और उच्च खपत वाले परिवारों पर यह वृद्धि सबसे ज्यादा प्रभाव डालेगी। गर्मियों में बिजली खपत चरम पर होने के कारण मासिक बिल में खासा इजाफा देखने को मिलेगा। छोटे व्यापारी और किराएदार परिवार भी महंगी बिजली से प्रभावित होंगे। झारखंड विद्युत विभाग का कहना है कि उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण की लागत बढ़ने के कारण दर बढ़ाना आवश्यक था। उपभोक्ता संगठनों ने इसे आलोचना करते हुए कहा कि बिना गुणवत्ता सुधार के वृद्धि अन्यायपूर्ण है। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को बिजली खपत नियंत्रित करने और अनावश्यक उपयोग से बचने की सलाह दी है।

## रेटगेन शेयर में उछाल की संभावना इन्वेसटेक ने दी बाय रेटिंग

**रेटगेन शेयर बीएसई पर बढ़त के साथ 480 रुपए पर कारोबार कर रहा था**




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार ने नए वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दिन बुधवार को सकारात्मक शुरुआत की। एशियाई बाजारों की मजबूती और अमेरिका-ईरान युद्ध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के आश्वासन से कि संघर्ष दो-तीन हफ्तों में समाप्त हो सकता है, से निवेशकों का विश्वास बढ़ा।

इस बीच निचले स्तरों पर खरीदारी ने भी बाजार को सहारा दिया। सॉफ्टवेयर और ट्रैवल-टेक कंपनी रेटगेन का शेयर बुधवार को बीएसई पर सुबह 10 बजे 9.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 480 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। ब्रोकरेज हाउस इन्वेसटेक ने कंपनी पर मजबूत आउटलुक जताते हुए इसे बीयूवाय रेटिंग दी है और 775 रुपये का टारगेट प्राइस रखा है। इसका मतलब निवेशकों को वर्तमान स्तर पर लगभग 76 प्रतिशत रिटर्न मिलने की संभावना है। रेटगेन का शेयर अपने 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 740 रुपए से लगभग 40 नीचे कारोबार कर रहा है। 52 वीक का निचला स्तर 365 रुपए है। एक महीने में शेयर में लगभग 10 प्रतिशत गिरावट आई है, जबकि तीन और छह महीने में क्रमशः 31.9 फीसदी और 30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। बीते एक साल में शेयर ने 6 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, वहीं दो साल में 35 प्रतिशत की गिरावट आई है। इन्वेसटेक ने रेटगेन को ट्रैवल-टेक सेक्टर में बेजोड़ बताया। ब्रोकरेज ने कहा कि कंपनी के पास मजबूत और इंटीग्रेट क्षमताओं का ऐसा ढांचा है, जो इसे प्रतियोगियों से अलग करता है। साथ ही एआई से संभावित व्यवधान फिलहाल सीमित रहने की उम्मीद है। रणनीतिक लाभ और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखना कंपनी की सफलता में अहम भूमिका निभाएगा।

## भारतीय रेलवे तैयार कर रहा है कन्फर्म टिकट कैंसिलेशन में बड़ा बदलाव



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रेलवे कन्फर्म टिकट कैंसिलेशन नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है। आधिकारिक घोषणा की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार इसे जल्द ही सार्वजनिक किया जा सकता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में इस दिशा में संकेत दिए थे।
नई नीति का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को समय पर अपने टिकट रद्द करने के लिए प्रेरित करना और आखिरी समय पर कैंसिलेशन से होने वाले नुकसान को कम करना है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार रिफंड राशि यात्रा शुरू होने से पहले कितने घंटे में टिकट कैंसिल किया गया, इस पर निर्भर करेगी-

* 72 घंटे से पहले कैंसिलेशनः अधिकतम रिफंड मिलेगा, केवल न्यूनतम फ्लैट शुल्क कटेगा।
* 24 से 72 घंटे पहलेः कुल किराए का 25 प्रतिशत काटा जाएगा।
* 8 से 24 घंटे पहलेः केवल 50 प्रतिशत राशि वापस मिलेगी।
* 8 घंटे से कम समय मेंः कोई रिफंड नहीं मिलेगा।

नई व्यवस्था का सबसे अधिक असर उन यात्रियों पर पड़ेगा जिनकी यात्रा योजनाएं अक्सर बदलती रहती हैं। इसमें व्यवसायी यात्री, तत्काल टिकट लेने वाले और ऐसे परिवार शामिल हैं जिनकी प्लानिंग अचानक बदल जाती है। ऐसे यात्रियों को अब समय पर कैंसिलेशन का निर्णय लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन्हें अधिक शुल्क देना पड़ेगा। रेलवे का लक्ष्य है कि यात्रियों को समय पर निर्णय लेने की आदत विकसित हो और आखिरी समय पर टिकट कैंसिल करने पर अधिक वित्तीय नुकसान को रोका जा सके। इससे रेलवे का रिफंड प्रबंधन भी सरल होगा और टिकट की बुकिंग सिस्टम अधिक पारदर्शी और सुनिश्चित बनेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश में खसरा का प्रकोप तेजी से फैला, 24 घंटों में चार बच्चों की मौत

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश में खसरा का प्रकोप तेजी से फैल रहा है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। बीते 24 घंटों में चार बच्चों की मौत हो गई, जिसके बाद इस साल मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 44 पहुंच गई है। यह स्थिति खासतौर पर बच्चों और शिशुओं के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है। राजशाही मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के अनुसार, पिछले एक दिन में दो बच्चों की मौत संदिग्ध खसरे के कारण हुई, जिससे वहां मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। अस्पताल में खसरे के लक्षण वाले 98 मरीज भर्ती हैं, जो संक्रमण की गंभीरता को दर्शाता है। वहीं, इंफेक्शियस डिजिज हॉस्पिटल (आईडीएच) में भी एक बच्चे की मौत दर्ज की गई, जिससे वहां कुल मौतों की संख्या 25 हो गई है। जनवरी से अब तक इस अस्पताल में 617 संदिग्ध मरीजों का इलाज किया जा चुका है। चटोग्राम मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में साढ़े पांच महीने के एक शिशु की मौत ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया है कि यह बीमारी छोटे बच्चों के लिए अत्यंत घातक है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकोप का मुख्य कारण टीकाकरण में कमी है। कई बच्चे 'एक्सपेंडेड प्रोग्राम ऑन इम्युनाइजेशन' (ईपीआई) के तहत पूरी तरह टीकाकरण नहीं करा पाए, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर रह गई। खसरा एक अत्यधिक संक्रामक बीमारी है, जिसमें एक संक्रमित व्यक्ति 16 से 18 लोगों को संक्रमित कर सकता है। वैक्सीन की आपूर्ति में देरी और सिरिंज की कमी के कारण राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान भी 1.5 से 2 महीने तक टल गया है। विशेषज्ञों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए सरकार से तत्काल कदम उठाने की मांग की है, ताकि इस फैलते संक्रमण पर जल्द काबू पाया जा सके और बच्चों की जान बचाई जा सके।

### क्रीमिया में चट्टान से भिड़ा रूसी सैन्य विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त, 29 लोगों की मौत

मॉस्को(ईएमएस)। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक दुखद घटना की पुष्टि करते हुए बताया है कि उसका एक सैन्य परिवहन विमान एएन-26 (एएन-26) क्रीमिया के पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटना का शिकार हो गया है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, यह विमान एक ऊंची चट्टान से टकराकर क्रैश हुआ, जिसमें सवार सभी 29 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा संभवतः किसी गंभीर तकनीकी खराबी के कारण हुआ है, हालांकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, स्थानीय समय के अनुसार मंगलवार शाम लगभग छह बजे विमान का रडार से संपर्क टूट गया था। यह दुर्घटना क्रीमिया के उस प्रायद्वीपीय इलाके में हुई है जो काले सागर के तट तक फैली विशाल पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा हुआ है। उल्लेखनीय है कि इस भौगोलिक क्षेत्र को रूस ने साल 2014 में अपने अधिकार में ले लिया था, जिस पर पहले यूक्रेन का नियंत्रण था। एएन-26 विमान मॉडल का इतिहास काफी पुराना है और यह 1960 के दशक से ही रूसी सेना की सेवा में तैनात है। हाल के वर्षों में इस श्रेणी के विमान कई बार बड़े हादसों का शिकार हो चुके हैं। इससे पहले साल 2020 में भी एक ऐसा ही विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था जिसमें 27 लोगों की जान गई थी, वहीं 2022 में यूक्रेन के जापोरिज्या क्षेत्र में भी एक एएन-26 विमान क्रैश हुआ था। वर्तमान हादसे ने एक बार फिर इन पुराने होते विमानों की सुरक्षा और रखरखाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल दुर्घटनास्थल पर राहत कार्य जारी है और मलबे से शवों को निकालने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### ईरान होर्मुज से निकलने वाले जहाजों से लेगा टैक्स, समुद्र के अधिकारों पर उठे सवाल

तेहरान,(ईएमएस)। पश्चिम एशिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय तनाव एक बार फिर चरम पर है। ईरान ने इस पूरे क्षेत्र पर अपना संप्रभु दावा जताते हुए यहाँ से गुजरने वाले जहाजों से टोल वसूलने की बात कही है, जिसने इस रणनीतिक जलमार्ग पर अधिकार और नियंत्रण की एक नई वैश्विक बहस छेड़ दी है। लगभग 50 किलोमीटर चौड़े इस जलडमरूमध्य का मुख्य नौवहन मार्ग मात्र 15 किलोमीटर चौड़ा है, जो दुनिया के सबसे व्यस्त तेल परिवहन रास्तों में गिना जाता है। समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र के नियमों के अनुसार, कोई भी देश अपनी तटरेखा से केवल 12 समुद्री मील तक के जल क्षेत्र पर ही पूर्ण अधिकार रख सकता है। इसी आधार पर ईरान खुद को खाड़ी क्षेत्र की सबसे प्रभावशाली शक्ति मानते हुए नियंत्रण की बात कर रहा है। हालांकि, भौगोलिक और कानूनी दृष्टि से यह दावा एकपक्षीय प्रतीत होता है क्योंकि ओमान भी खुद को इस जलमार्ग का गेटकीपर मानता है। ओमान का मुसंदम प्रायद्वीप इस मार्ग के मुहाने पर स्थित है और अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए सबसे सुरक्षित और गहरा समुद्री रास्ता ओमान के क्षेत्रीय जल क्षेत्र से होकर गुजरता है। यही कारण है कि इस क्षेत्र में ओमान और ईरान के बीच समन्वय के पुराने समझौते अस्तित्व में हैं। इसके अतिरिक्त, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की समुद्री सीमाएं भी इस क्षेत्र से जुड़ी हैं। ईरान और यूएई के बीच अबू मूसा और टुनब द्वीपों को लेकर चल रहा पुराना विवाद इस क्षेत्र की सामरिक जटिलता को और बढ़ा देता है। अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत यहाँ मीडियन लाइन यानी मध्य रेखा का सिद्धांत लागू होता है, जिसके अनुसार समुद्र को संबंधित देशों के बीच बराबर बांटा जाता है।

### जिस तेल टेंकर को कुवैती तेल टैंकर समझ ईरान ने बनाया निशाना, वह निकला चीन का

तेहरान,(ईएमएस)। ईरान को चीन का सबसे करीबी रणनीतिक और ट्रेड पार्टनर है। ईरान को इस जंग में चीन से सपोर्ट मिलने की बात भी कही जा रही है, लेकिन खबर मिली है कि यूएई के तट के पास जिस कुवैती तेल टैंकर को ईरान ने निशाना बनाया, वह चीन का 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट में समुद्री खुफिया कंपनी के मुताबिक कुवैती ध्वज वाले विशालकाय टैंकर 'अल-सलमी' पर यूएई के तट से दूर अंधेरे में एक मिसाइल से हमला किया गया। हमले के बाद टैंकर में भीषण आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि, जहाज के चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और फिलहाल तेल रिसाव की कोई बड़ी रिपोर्ट सामने नहीं आई है। दुबई के अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि की है, लेकिन अपनी पुरानी परंपरा के मुताबिक उन्होंने जहाज के नाम का आधिकारिक खुलासा करने से परहेज किया। आंकड़ों के मुताबिक इस जहाज पर करीब 1.2 मिलियन बैरल सऊदी कच्चा तेल और 800,000 बैरल कुवैती कच्चा तेल लदा था। यह जहाज पिछले महीने ही लोड हुआ था और यह चीन का प्रमुख औद्योगिक शहर किंगदाओ जा रहा था। चीन अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है और ईरान उसका एक बड़ा सहयोगी है। ऐसे में ईरान के प्रभाव वाले क्षेत्र में चीन की ओर जा रहे टैंकर पर हमला होना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या यह हमला किसी 'गलत पहचान' की वजह से हुआ?

### इराक में अवार्डी अमेरिकी पत्रकार का अपहरण, घसीटकर कार में बैठाकर हुए फरार

बगदाद,(ईएमएस)। इराक की राजधानी बगदाद में मंगलवार को सड़कों पर चहल-पहल थी, तभी कुछ अज्ञात नकाबपोश आए और एक अमेरिकी पत्रकार को पकड़कर ले गए। ये अवॉर्ड विनिंग अमेरिकी पत्रकार शेली किटल्सन थीं, जिनका बीच बाजार अपहरण कर लिया गया है। इराकी आंतरिक मंत्रालय और पुलिस सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। ये पूरी खौफनाक घटना सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रही है। मीडिया रिपोर्ट में चश्मदीदों और पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शेली किटल्सन अपनी कार से कहीं जा रही थीं, तभी दो गाड़ियों ने उनका रास्ता रोक लिया। फुटेज में दिख रहा है कि हथियारबंद नकाबपोशों ने शेली की कार का दरवाजा जबरन खोला और उन्हें अपनी गाड़ी की ओर ले गए। चश्मदीदों का कहना है कि शेली चिल्लाती रहीं, लेकिन अपहरणकर्ता ने उन्हें बंदूक की बट मारकर चुप करा दिया और अपनी गाड़ी में बैठाकर फरार हो गए। शेली किटल्सन कोई साधारण नाम नहीं हैं, वे एक जांबाज और अवॉर्ड विनिंग जर्नलिस्ट हैं जो लंबे समय से मिडिल ईस्ट के खतरनाक इलाकों से रिपोर्टिंग कर रही हैं। शेली के पास अमेरिकी पासपोर्ट है, जो इस किडनैपिंग को एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मुद्दा बनाता है। शेली अक्सर इराक और सीरिया में सक्रिय आतंकी गुटों और मिलिशिया के खिलाफ लिखती रही हैं।

# परमाणु हथियारों की होड़ का जिन्न आया बोतल से बाहर, सऊदी, तुर्की, जापान ने भरी हुंकार

## ग्रॉसी बोले- ज्यादा देशों के पास परमाणु से दुनिया सुरक्षित नहीं, बारुद के ढेर पर बैठ जाएगी



नई दिल्ली,(ईएमएस)। अमेरिका-इजराल लगातार ईरान पर बमबारी कर रहे हैं। वहीं ईरान भी लगातार उनके हमलों का जवाब पूरी ताकत से दे रहा है। इस युद्ध ने दुनिया को एक ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां से वापसी का रास्ता धुंधला नजर आता है। पिछले एक साल में अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर दो बड़े हमले किए। इन हमलों का मुख्य मकसद ईरान की परमाणु क्षमता को खत्म करना था, जिसे अमेरिका और इजराइल अपने लिए खतरा मानते हैं। ईरान में पिछले पांच हफ्तों से सैन्य अभियान जारी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जानकारों का मानना है कि इस जंग ने दुनिया भर में परमाणु हथियारों की होड़ के उस जिन्न को बोतल से बाहर निकाल दिया है, जिसे दशकों तक काबू में रखने की कोशिश की गई थी। ईरान में शासन बदलने और उसके परमाणु कार्यक्रम को जमींदोज करने की जिद अब उल्टी पड़ती नजर आ रही है। यूरोप से लेकर पूर्वी एशिया तक के देश अपनी परमाणु नीति पर दोबारा विचार करने को मजबूर हैं। कई देश अब इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि क्या उन्हें अपने शक्तिशाली सहयोगियों पर आंख मूंदकर भरोसा करना चाहिए? ट्रंप प्रशासन की अनिश्चितता और बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच, अब अपनी संप्रभुता बचाने के लिए खुद के परमाणु हथियार बनाने का विकल्प सबसे ऊपर आ गया है। यह शीत युद्ध के बाद बनी वैश्विक व्यवस्था से एक बहुत बड़ा भटकाव है।

एक वक्त था जब कई देश अमेरिका की परमाणु छतरी के नीचे खुद को महफूज मानते थे, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। यूरोप में जर्मनी और पोलैंड जैसे देश अब फ्रांस के उस प्रस्ताव पर गंभीरता से चर्चा कर रहे हैं, जिसमें यूरोपीय परमाणु गारंटी की बात कही गई है। उन्हें डर है कि अमेरिका किसी भी वक्त अपने हाथ खींच सकता है। वहीं, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में जापान और दक्षिण कोरिया की चिंताएं भी चरम पर हैं।

खुद अमेरिका ने भी संकेत दिए हैं कि वह 33 साल के अंतराल के बाद परमाणु परीक्षण फिर से शुरू कर सकता है। रूस की पोसीडॉन अंडरवाटर ड्रोन और ब्यूरेवेस्टनिक क्रूज मिसाइल जैसी तकनीक ने अमेरिका की नींद उड़ा दी है। सऊदी अधिकारियों ने पहले ही साफ कर दिया था कि अगर ईरान बम बनाता है, तो वे भी पीछे नहीं रहेंगे। हाल ही में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए रक्षा समझौते ने इस आग में घी डालने का काम किया है। पाकिस्तान ने संकेत दिए हैं कि जरूरत पड़ने पर उसके परमाणु हथियार सऊदी अरब के लिए उपलब्ध रहेंगे। नाटो सदस्य तुर्की भी इस दौड़ से बाहर नहीं रहना चाहता। तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान परमाणु शक्ति बनता है, तो तुर्की को भी इस रेस में शामिल होना पड़ेगा। ईरान के खिलाफ मौजूदा सैन्य कार्रवाई ने दुनिया को एक कड़ा सबक दिया है। लीबिया और यूक्रेन जैसे देशों का उदाहरण सबके सामने है, जिन्होंने अपने परमाणु विकल्प छोड़ दिए और बाद में उन्हें बाहरी हमलों का सामना करना पड़ा।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने इस प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ज्यादा देशों के पास परमाणु हथियार होने से दुनिया सुरक्षित नहीं, बल्कि और भी खतरनाक हो जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि आज का माहौल परमाणु हथियारों के पक्ष में वैसा ही है जैसा पहले कभी नहीं था। अगर देशों को लगता है कि सामूहिक सुरक्षा का वादा सिर्फ एक दिखावा है, तो वे निश्चित रूप से सबसे बड़े हथियार की ओर ही देखेंगे। ईरान युद्ध ने उस अंतरराष्ट्रीय तंत्र की पोल खोल दी है जो परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए बनाया गया था। ईरान की संसद में अब एनपीटी से बाहर निकलने के लिए बिल पेश किया जा रहा है। उनका तर्क है कि जब यह संधि उनके ठिकानों की रक्षा नहीं कर सकती, तो इसमें रहने का कोई मतलब नहीं है।

अप्रैल 2026 में न्यूयॉर्क में होने वाली एनपीटी रिव्यू कॉन्फ्रेंस में बड़े टकराव की आशंका है।

### अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का दावा कहा

## अमेरिका अपने ऐतिहासिक लक्ष्य में हो रहा है कामयाब



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान के संदर्भ में जारी सैन्य कार्रवाई और कूटनीतिक रुख पर कड़ा बयान देते हुए कहा है कि अमेरिका अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में अत्यंत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने एक साक्षात्कार के दौरान विश्वास व्यक्त किया कि अमेरिकी सेना द्वारा चलाए जा रहे सैन्य अभियान असाधारण दक्षता का प्रदर्शन कर रहे हैं और वर्तमान में यह अभियान निर्धारित समय सीमा से काफी आगे चल रहा है।

मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका अब अपनी मंजिल के बेहद करीब है। उन्होंने इन सैन्य कार्रवाइयों को आधुनिक सैन्य इतिहास के सबसे सफल सामरिक अभियानों में से एक बताया। रुबियो के अनुसार, अमेरिकी सेना ने जिस सटीकता और प्रभावशीलता के साथ अपने लक्ष्यों को साधा है, वह भविष्य के लिए एक मिसाल कायम करेगा। उन्होंने उन आलोचनाओं को पूरी तरह से खारिज कर दिया, जिनमें यह कहा जा रहा था कि वर्तमान स्थिति को कूटनीति के माध्यम से टाला जा सकता था। विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि ईरान को कई बार बातचीत के अवसर दिए गए थे, लेकिन तेहरान ने हर बार गंभीरता दिखाने के बजाय टालमटोल की रणनीति अपनाई। रूबियो ने जोर देकर कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में इस तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस सैन्य हस्तक्षेप को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि ईरान एक ऐसे अगले उत्तर कोरिया बनने की राह पर था, जिसका नेतृत्व कट्टरपंथी धर्मगुरुओं के हाथ में होता। रुबियो ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि समय रहते ये कदम नहीं उठाए जाते, तो ईरान के पास ऐसी अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें विकसित हो जातीं, जो सीधे अमेरिका तक पहुंचने में सक्षम होतीं।

वाशिंगटन के रुख को स्पष्ट करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका भविष्य में भी बातचीत के लिए अपने दरवाजे खुले रखेगा, लेकिन वह कूटनीति को किसी भी प्रकार की देरी करने की चाल के रूप में इस्तेमाल नहीं होने देगा। उन्होंने साफ किया कि बातचीत की विफलता को अमेरिका की रक्षा करने और किसी भी वास्तविक खतरे को खत्म करने की क्षमता में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। रुबियो का यह बयान अमेरिका के उस दोहरे और सख्त दृष्टिकोण को रेखांकित करता है, जहां एक तरफ सैन्य अभियानों की गति और प्रभावशीलता पर अटूट विश्वास है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कूटनीतिक विकल्पों को सीमित और परिणामोन्मुखी बनाने की तैयारी है।

## दुर्घटनाग्रस्त हुआ अमेरिका का एफ-35 फाइटर जेट

नेवादा(ईएमएस)। अमेरिका के नेवादा राज्य में लास वेगास के पास स्थित नेलिस एयर फोर्स बेस पर एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहाँ वायुसेना का एक अत्याधुनिक एफ-35 फाइटर जेट उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शुरुआती अपुष्ट खबरों में इस विमान के एफ -15 होने की चर्चा थी, लेकिन बाद में आधिकारिक सूत्रों और सैन्य बयानों के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि क्रैश होने वाला विमान वास्तव में एफ -35 फाइटर जेट था। यह घटना नेवादा के क्लार्क काउंटी इलाके में हुई, जिससे सैन्य हलकों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वायुसेना द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, यह हादसा अमेरिकी समयानुसार शाम करीब 5 बजे के आसपास हुआ। जैसे ही विमान में तकनीकी खराबी या असंतुलन की स्थिति पैदा हुई, बेस पर तुरंत इमरजेंसी अलर्ट जारी कर दिया गया। राहत की बात यह रही कि विमान के जमीन से टकराने से ठीक पहले पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित तरीके से इजेक्ट कर लिया। हालांकि, हादसे के शुरुआती कुछ समय तक पायलट का लोकेशन स्पष्ट नहीं हो पा रहा था, जिसके कारण तत्काल प्रभाव से एक सघन सर्च ऑपरेशन (खोजी अभियान) चलाया गया।करीब 5 बजकर 42 मिनट पर राहत टीमों को पायलट को खोजने में सफलता मिली। जांच के बाद पता चला कि पायलट सुरक्षित है और उसे केवल मामूली चोटें आई हैं, जिसके बाद उसे उपचार के लिए मेडिकल टीम के पास भेज दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, विमान का मलबा लास वेगास से लगभग 25 मील उत्तर-पूर्व में स्थित इंडियन स्प्रिंग्स इलाके के पास मिला है। यह इलाका आबादी से दूर होने के कारण जमीन पर किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

## ईरान में अमेरिका के निशाने पर हैं अल कायदा के आतंकी : रक्षा मंत्री हेगसेथ

वॉशिंगटन(ईएमएस)। ईरान के साथ बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ अपने अभियान को और अधिक विस्तार देने के संकेत दिए हैं। पेंटागन ने स्पष्ट किया है कि ईरान के भीतर सक्रिय अल-कायदा से जुड़े तत्व अब अमेरिकी सेना के सीधे निशाने पर हैं। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस बात पर जोर दिया कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों के बावजूद, अमेरिका का प्राथमिक ध्यान आतंकवाद-रोधी कार्रवाइयों पर पूरी तरह केंद्रित है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कड़े शब्दों में कहा कि अल-कायदा अभी भी अमेरिका का प्रमुख दुश्मन बना हुआ है और ईरान में इस संगठन के कई सदस्य उनकी टारगेट लिस्ट में शामिल हैं।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति अल-कायदा से जुड़ा है और ईरानी क्षेत्र का उपयोग अपनी गतिविधियों के लिए कर रहा है, तो उसे एक वैध सैन्य लक्ष्य माना जाएगा। पेंटागन के इस रुख से यह स्पष्ट हो गया है कि अगर ईरानी शासन आतंकवादियों को शरण देना जारी रखता है, तो उन ठिकानों पर अमेरिकी हमले निश्चित हैं। यह बयान उन खुफिया रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें ईरान के भीतर अल-कायदा नेतृत्व की मौजूदगी की आशंका जताई गई थी।

इस सैन्य रणनीति के साथ-साथ जॉइंट चीफ्स के चेयरमैन जनरल डैन केन ने भी संकेत दिया कि ईरान की सैन्य संरचना पर दबाव लगातार बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग केंद्रों, हथियारों के भंडारण स्थलों और अनुसंधान सुविधाओं के खिलाफ सटीक हमले जारी रखे हुए है। इस दबाव का उद्देश्य न केवल ईरान की सैन्य शक्ति को कम करना है, बल्कि उग्रवादी समूहों के लिए उपलब्ध संसाधनों और सुरक्षित पनाहगाहों को भी नष्ट करना है।

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी सैन्य अभियान अंतरराष्ट्रीय कानूनों और स्थापित प्रक्रियाओं के तहत ही संचालित किए जा रहे हैं। जनरल केन के अनुसार, किसी भी हमले से पहले नागरिक जोखिमों और कानूनी पहलुओं पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाता है। अमेरिका के इन ताजा बयानों से यह संकेत मिलता है कि अब यह संघर्ष केवल दो देशों की पारंपरिक सेनाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह ईरानी क्षेत्र में मौजूद गैर-राज्य तत्वों और आतंकवादी नेटवर्कों के खिलाफ एक व्यापक युद्ध का रूप ले सकता है। अमेरिका ने साफ कर दिया है कि वह अपनी क्षेत्रीय स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे को निष्क्रिय करने में संकोच नहीं करेगा।

## गुप्त तरीके से मिडिल ईस्ट पहुंचे अमेरिकी रक्षा मंत्री, ईरान को भनक तक नहीं लगी

### इस सीक्रेट विजिट में हेगसेथ बड़े हमले की तैयारी करके आए, वहां बेहतरीन योद्धा तैनात

वाशिंगटन,(ईएमएस)। मिडिल ईस्ट की जंग में अमेरिका एक बार फिर से कंफ्यूज है। एक तरफ ट्रंप और उनकी सेना मिलकर पीस टॉक की बात कर रहे हैं तो दूसरी तरफ ईरान पर हमले की तैयारी की जा रही है। हालांकि, ट्रंप और उनके रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ लगातार मीडिया के साथ बात कर रहे हैं। बुधवार को प्रेस ब्रीफिंग में हेगसेथ ने खुलासा किया कि पिछले हफ्ते वो खुद मिडिल ईस्ट दौरे पर पहुंचे थे, इस सीक्रेट विजिट में वह ट्रंप के आदेश पर एक बड़े हमले की तैयारी करके आए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अज्ञात इलाके में हेगसेथ का दौरा ऐसे वक्त पर हुआ है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ एक बड़े 'ग्राउंड इन्वेजन' यानी जमीनी हमले का आदेश देने की तैयारी में हैं। हेगसेथ ने सुरक्षा कारणों से उन ठिकानों के नाम बताने से मना कर दिया जहां वे गए थे, ताकि वे ईरान के निशाने पर न आ जाएं। उन्होंने बताया कि ये दौरा पूरी तरह से सरप्राइज था और सैनिकों को उनके आने की भनक तक नहीं थी। उन्होंने कहा कि ये दौरा मेरे लिए सम्मान की बात थी। मैंने वहां अमेरिका के दुनिया के सबसे बेहतरीन योद्धाओं को देखा, एक ऐसा ब्रदरहुड जो अपने मिशन के प्रति पूरी तरह समर्पित था।

हेगसेथ ने ईरान को मनोवैज्ञानिक चेतावनी दे डाली।

उन्होंने कहा कि आप तब तक युद्ध नहीं जीत सकते जब तक आप अपने दुश्मन को ये बताते रहें कि आप क्या करने वाले हैं या क्या नहीं। हमारा दुश्मन इस वक्त सोच रहा होगा कि हम 15 अलग-अलग तरीकों से उन पर जमीनी हमला कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पेंटागन ईरान में हफ्तों तक चलने वाले जमीनी ऑपरेशनों की तैयारी कर रहा है, जिसमें हजारों सैनिक और मरीन शामिल हो सकते हैं।

इस बीच, अमेरिका ने ईरान के उस हथियार डिपो पर भीषण हवाई हमला किया है, जहां एनरिच्ड यूरेनियम रखे होने का शक था। ट्रंप ने खुद 'ट्रुथ सोशल' पर इस्फहान में हुए हमले का वीडियो शेयर किया है, जिसमें 2,000 पाउंड के बंकर-बस्टर बम रात के अंधेरे में तबाही मचाते दिख रहे हैं। खबरें है कि ट्रंप ईरान के भीतर अपनी 'स्पेशल फोर्सेस' भेजकर इस्फहान जैसे ठिकानों से यूरेनियम का भंडार जब्त करने की योजना बना रहे हैं।

नासा के सैटेलाइट डेटा ने भी इस्फहान के पास माउंट सोफेह इलाके में भीषण आग और धमाकों की पुष्टि की है।

# ईरान में सरकार और धार्मिक सेना के बीच टकराव

## रिपोर्ट में दावा- मुजतबा खामेनेई से नहीं मिल पा रहे राष्ट्रपति, कंट्रोल आईआरजीसी के हाथ में

तेहरान(ईएमएस)। ईरान में सरकार और धार्मिक सेना (आईआरजीसी) के बीच टकराव बढने की खबर है। ईरान की ताकतवर सेना जैसी संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स (आईआरजीसी) और राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के बीच सत्ता को लेकर खींचतान चल रही है। जानकारी के मुताबिक आईआरजीसी ने देश का कंट्रोल अब अपने हाथ में ले लिया है। दावा यह भी है कि राष्ट्रपति पजशकियान की मुलाकात सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से नहीं हो पा रही है। दरअसल इस हफ्ते की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को लेकर एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। ट्रम्प के मुताबिक, उनकी टीम कुछ 'समझदार' ईरानी नेताओं के संपर्क में है और बातचीत के जरिए हालात को शांत करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, ईरान ने ट्रम्प के इस दावे को तुरंत खारिज कर दिया। ईरानी अधिकारियों ने साफ कहा कि किसी भी तरह की सीधी बातचीत नहीं चल रही है। ट्रम्प का दावा खारिज होने के बाद यह सवाल उठने लगा कि आखिर ईरान में असली कंट्रोल किसके पास है।

### राष्ट्रपति के फैसलों में दखल दे रही आईआरजीसी



रिपोर्ट के मुताबिक पजशकियान कोई बड़ा फैसला नहीं ले पा रहे हैं। आईआरजीसी जिसका काम अमेरिका के हमलों का जवाब देना था, अब सरकार की अहम फैसले भी ले रहा है। सूत्रों के ने बताया है कि पजशकियान ने 26 मार्च को नया खुफिया मंत्री नियुक्त करने की कोशिश की थी। वे हुसैन देहगान को यह पद देना चाहते थे, लेकिन आईआरजीसी चीफ अहमद वहीदी ने इसे रोक दिया। वहीदी ने यह पद तब संभाला था, जब युद्ध की शुरुआत में पिछले कमांडर मोहम्मद पाकपुर मारे गए थे। वहीदी का कहना है कि युद्ध की स्थिति में सभी अहम और संवेदनशील पदों पर नियुक्ति आईआरजीसी ही करेगा और वही उन्हें संभालेगा।

आमतौर पर ईरान की व्यवस्था में राष्ट्रपति खुफिया मंत्री का नाम तभी तय करते हैं, जब सुप्रीम लीडर की मंजूरी मिल जाती है, क्योंकि सुरक्षा से जुड़े मामलों में अंतिम अधिकार उन्हीं के पास होता है। ईरान में सुप्रीम लीडर कौन है, इसे लेकर स्थिति साफ नहीं है। 28 फरवरी को जब जंग शुरू हुई उसी दिन अयातुल्लाह अली खामेनेई और कई बड़े नेता मारे गए थे।

कुछ दिनों बाद खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को सर्वोच्च नेता बनाया गया, लेकिन तब से वे न तो सामने आए हैं और न ही सीधे कोई बयान दिया है। उनके संदेश सिर्फ टीवी पर पढ़कर सुनाए जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अब आईआरजीसी के बड़े अधिकारियों की एक 'मिलिट्री काउंसिल' रोज के फैसले ले रही है। इतना ही नहीं, आईआरजीसी ने मुजतबा के चारों तरफ कड़ी सुरक्षा लगा दी है।

## आईपीएल में आज केकेआर और सनराइजर्स जीत के इरादे से उतरेंगे



कोलकाता (ईएमएस। यहां के ईडन गार्डन में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। दोनो ही टीम अपने-अपने शुरुआती मुकाबले में हारी हैं, ऐसे में दोनो का ही लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। पिछले आईपीएल सत्र में इन दोनों ही टीमों के बीच कुल दो मुकाबले खेले गए हैं जिसमें से एक केकेआर और एक सनराइजर्स हैदराबाद ने जीता था। इनके बीच अंतिम बार मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हुआ था जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने केकेआर को आसान से हराया था। केकेआर को इस बार कोलकाता में अपने घरेलू मैदान का लाभ मिल सकता है। इस मैदान पर खेले गए आखिरी पांच टी20 मैचों में से तीन मैच लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने जीता है। ऐसे में टॉस की भी अहम भूमिका रहेगी। इस मैच पर औसत स्कोर 165 के करीब रहा है। आंकड़ों की बात करें तो अब तक केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 30 मुकाबले हुए हैं जिसमें से केकेआर ने 20 जबकि सनराइजर्स ने 10 जीते हैं।

केकेआर की टीम को कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। केकेआर अपने गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले रहाणे एक बार फिर अच्छी शुरुआत दिलाने की कोशिश करेंगे।

वहीं सनराइजर्स की ओर से ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और अभिषेक शर्मा पर पारी का दारोमदार रहेगा। कुल मिलाकर देखा जाये तो मैच भी रोमांचक होना तय है। नियमित कप्तान पैट कमिंस के फिट नहीं होने से सनराइजर्स की कमान ईशान के पास ही रहेगी। ईशान ने पहले ही मैच में 80 रनों की शानदार पारी खेली थी जिसे वह दोहराना चाहेंगे।

# दिल्ली ने लखनऊ को 6 विकेट हराया





### रिजवी की फिफ्टी; नटराजन-एनगिडी को 3-3 विकेट

लखनऊ (ईएमएस) । दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। यह DC की LSG पर लगातार पांचवीं जीत रही। इकाना स्टेडियम में बुधवार को दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। लखनऊ 18.4 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। दिल्ली ने 17.1 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।लखनऊ ने 105 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां शाहबाज अहमद इम्पैक्ट प्लेयर बनकर आए और टीम का स्कोर 141 तक पहुंचा दिया। दिल्ली ने भी पावरप्ले में ही 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां इम्पैक्ट प्लेयर समीर रिजवी ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की और टीम को जीत दिलाई। दिल्ली से समीर रिजवी ने 70 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 39 रन बनाए। थंगारसु नटराजन और लुंगी एनगिडी ने 3-3 विकेट लिए।

कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। वहीं लखनऊ से प्रिंस यादव ने 2 विकेट लिए। मोहसिन खान और मोहम्मद शमी को 1-1 विकेट लिया। अब्दुल समद ने 36 और मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में बेथ को पीछे छोड़कर जॉर्जिया शीर्ष पर पहुंची



दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर परिषद (आईसीसी) की महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल नंबर एक स्थान पर पहुंच गयी हैं। जॉर्जिया वॉल ने अपनी ही साथी खिलाड़ी बेथ मूनी को पीछे छोड़ा है। जॉर्जिया 8 स्थान ऊपर आयी हैं। वहीं भारत की स्मृति मंधाना दूसरे से तीसरे नंबर पर फिसल गयी हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग की बात करें तो न्यूजीलैंड की अमेलिया केर पहले नंबर पर हैं। वहीं वेस्टइंडीज की हीली मैथ्यूज अब दूसरे स्थान पर आ गयी हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में रेणुका सिंह ठाकुर पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो शीर्ष पर सादिया इकबाल हैं, जबकि दूसरे स्थान पर सोफी एक्लेस्टोन हैं। तीसरे पायदान पर दीप्ति शर्मा, चौथे नंबर पर लॉरेन बेल और पांचवें पायदान पर रेणुका सिंह ठाकुर हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग पर नजर डालें तो शीर्ष पर अमेलिया केर हैं। दूसरे पायदान पर हीली मैथ्यूज, तीसरे पर दीप्ति शर्मा, चौथे पर एश्ली गार्डनर और चमारी अट्टापट्टू पांचवें नंबर पर हैं। नई रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। आईसीसी ने जो लेटेस्ट रैंकिंग जारी की है, उसमें नई नंबर वन बल्लेबाज और नई नंबर वन ऑलराउंडर देखने को मिली है। जॉर्जिया वॉल ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए नंबर वन स्थान हासिल कया है।

## श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख जुर्माना

मुल्लापुर(ईएमएस)। आईपीएल मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में पंजाब टीम की धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए श्रेयस पर ये जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से कहा गया है कि पंजाब किंग्स ने धीमी ओवर गति के साथ ही आचार संहिता का उल्लंघन किया है। इसी कारण पंजाब के कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। । टीम पंजाब किंग्स टीम अपने घरेलू मैदान में खेले गये इस मैच में टाइटन्स के खिलाफ समय पर आखिरी ओवर को शुरू नहीं कर पाई थी। पहली पेनल्टी तो मैच में ही पंजाब किंग्स पर लग गई थी, जब एक फील्डर को टीम बाहर नहीं रख पाई थी। पांच की जगह चार ही फील्डर बाउंड्री लाइन पर थे। वहीं, अब उन पर स्लो ओवर रेट के लिए फाइन भी लगा है। नियम के अनुसार एक बार टीम इस अपराध के लिए दोषी पाई जाती है तो टीम की मैच फीस भी काटी जाती है कप्तान को दोगुन जुर्माना भरना पड़ता है। इसके अलावा कप्तान पर एक मैच के लिए प्रतिबंध भी लगता है।

## आईपीएल में ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में रिकेल्टन और डफी



मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सत्र के शुरुआती मैच जारी है। ऐसे में अभी से सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप के लिए संभावितों के नाम आने शुरु हो गये हैं। अभी तक सबसे अधिक रनों के मामले में शीर्ष पांच पर मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन हैं। जिन्होंने एक ही मैच में 81 रन बनाये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर सनराइजर्स के ईशान किशन हैं जिनके 80 रन हैं। वहीं तीसरे नंबर पर मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा 78 रनों के साथ हैं। चौथे स्थान पर कूपर कोनोली हैं उनके 72 रन हैं जबकि विराट कोहली 69 रनों के साथ ही पांचवें नंबर पर हैं। वहीं आईपीएल 2026 पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष पर जैकब डफी जबकि दूसरे स्थान पर प्रसिद्ध कृष्णा हैं। तीसरे स्थान पर विजयकुमार विषाक जबकि चौथे पर शार्दुल ठाकुर हैं और पांचवें स्थान पर रोमारियो शेफर्ड हैं। इन सभी गेंदबाजों के नाम 3-3 विकेट हैं पर जैकब डफी का औसत 7.33 का है इसी कारण वह नंबर एक पर हैं। ।

## मोटे बल्ले से बल्लेबाजी करते हुए पकड़े गये राहुल तेवतिया



मुल्लापुर(ईएमएस)। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज राहुल तेवतिया आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उस समय फंस गये जब अंपायर ने मोटे बल्ले का प्रयोग करने के लिए उन्हें पकड़ लिया। अंपायर ने जांच में पाया कि तेवतिया का बल्ला मोटा था। इस प्रकार के बल्ले को वैध नहीं माना जाता है। इसके बाद अंपायर ने तेवतिया को बल्ला बदलने के लिए कहा। तेवतिया ने अंपायर की बात मानते हुए एकदम से बल्ला बदल लिया। आईपीएल में मैच के दौरान कभी भी बल्ले की जांच हो जाती है। अंपायरों के पास एक बैट गेज होता है, जिसकी जांच में अगर बल्ला अगर नहीं निकलता है तो उस बल्ले को बदल दिया जाता है। तेवतिया के मामले में भी ऐसा ही हुआ। वहीं तेवतिया ने कहा कि उनके बल्ले के पीछे स्टीकर लगा हुआ है, जिसकी वजह से बल्ला मोटा नजर आ रहा है पर अंपायरों ने उनकी नहीं सुनी और बल्ला बदलवा दिया।

एमसीसी के नियमों के अनुसार बल्लेब की मोटाई 67एमएम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए और किनारे 40एमएस से ज्यादा मोटे न हों। मोटे बल्ले के लिए कोई तय सजा नहीं है पर आईपीएल आचारसहिता के हिसाब ने 50 फीसदी तक की मैच फीस काटी जा सकती है।

## अर्शदीप आईपीएल में सबसे लंबा ओवर फेंकने वाले संयुक्त रुप से छठे खिलाड़ी बने

न्यू चंडीगढ़ (ईएमएस)। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले के एक ही ओवर में 11 गेंदें फेंककर एक अनचाहा रिकार्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ ही वह सबसे लंबा ओवर फेंकने वाले संयुक्त रुप से छठे गेंदबाज बन गये हैं। अर्शदीप से पहले मोहम्मद सिराज, तुषार देशपांडे, शार्दुल ठाकुर, संदीप शर्मा और हार्दिक पंड्या सहित पांच गेंदबाजों के नाम संयुक्त रुप से आईपीएल में सबसे लंबा ओवर करने का रिकार्ड है। वहीं गुजरात के खिलाफ मुकाबले में अर्शदीप ने पारी के 20वें ओवर में कुल 11 गेंदें फेंकी। इसके बाद अर्शदीप ने नए ओवर की पहली ही गेंद वाइड की। अगली दो गेंदों पर कोई रन नहीं बना। राहुल ओवर की तीसरी गेंद पर तेवतिया ने चौका लगा दिया। अर्शदीप ने इसके बाद एक नो-बॉल और दो वाइड गेंदें की। वहीं पांचवीं गेंद पर तेवतिया ने एक रन लिया। वहीं अगली ही गेंद अर्शदीप ने वाइड की।



वेलड्रोम में एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप के अंतिम चरण में पहुंचे प्रतियोगी।



मैक्सको में फीफा विश्वकप फुटबॉल के लिए जारी प्लेऑफ मुकाबलें में जीत के बाद विश्व कप के लिए प्रवेश मिलने से उत्साहित कांगो के खिलाड़ी।

## आरसीबी में सभी को अपनी भूमिका पता है : कुणाल



बेंगलुरू (ईएमएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने आईपीएल में 19 वें सत्र की शुरुआत शानदार जीत से की है। जिसके बाद से ही टीम में उत्साह का माहौल है। इस प्रकार टीम अपना खिताब बरकरार रखने के लिए तैयार नजर आती है। पहले मैच में टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिन ऑलाउंडर कुणाल पंड्या का कहना है कि टीम पिछले साल की तुलना में काफी बेहतर हुई है। कुणाल के अनुसार पिछले साथ पिछले साल टीम नई थी पर इस बार खिलाड़ी एकदूसरे से घुल मिल गये हैं और सभी को अपनी भूमिका पता है। इससे किसी प्रकार का संशय नहीं रहता है। आरसीबी ने पिछले सत्र में पहली बार । खिताबी जीत दर्ज की थी। कृणाल ने कहा, इस साल टीम में बदलाव नहीं हुए है। सभी पहले से खेल रहे हैं, ऐसे में टीम संतुलन भी बेहतर हुआ है। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका के साथ ही ताकत और कमजोरी पता है। उन्होंने कहा, जब मैं बड़े अवसरों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाए हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिए ही बने हैं। मुझे पहले दबाव महसूस होता था पर अब में शांत रहने का प्रयास करता हूं। जिससे की बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। उन्होंने कहा कि टीम में अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली से सभी प्रेरित रहते हैं। उनका खेल के प्रति जो जुनून है उसकी कोई बराबरी नहीं सकता है।

## बीसीसीआई ने भारतीय टीम के जिम्बाब्वे दौरे का कार्यक्रम जारी किया

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि टीम इंडिया जुलाई में टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। बीसीसीआई के अनुसार पांच मैचों की इस सीरीज के सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे। सीरीज 23 जुलाई से शुरु होगी और सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था, जहां दोनों टीमों के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज खेली गई थी। बोर्ड ने ये भी कहा है कि जिम्बाब्वे टीम जनवरी 2027 में भारत का दौरा करेगी। इस दौरे में दोनो के बची तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेली जाएगी। यह मैच कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में खेले जाएंगे। इसका कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। वहीं जिम्बावे क्रिकेट बोर्ड भारतीय टीम के दौरे को लेकर उत्साहित है। बोर्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा, भारत के खिलाफ मैच से हमारी टीम को काफी कुछ सीखने को मिलता है। ये मुकाबले हमारे खिलाड़ियों के लिए विश्व विजेता टीम के खिलाफ अपने को परखने का अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा, भारत का दौरा करना हमारे लिए सम्मान की बात है और इससे दोनों देशों के क्रिकेट संबंध और बेहतर होंगे।

**भारत का जिम्बाब्वे दौरा** 23 जुलाई, पहला टी20 मैच, हरारे, 25 जुलाई, दूसरा टी20 मैच, हरारे, 26 जुलाई, तीसरा टीम20 मैच, हरारे।

## सीए ने केन्द्रीय अनुबंध में 21 खिलाड़ियों को शामिल किया

### मैक्सवेल सहित कई दिग्गजों को नहीं मिली जगह

सिडनी (ईएमएस)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने नए केन्द्रीय अनुबंध की घोषणा कर दी है। इसमें 21 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। वहीं ग्लेन मैक्सवेल सहित कई खिलाड़ियों को इसमें जगह नहीं मिली है। इस करार में कुछ नये खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। वहीं कुछ खिलाड़ियों को अधिक रकम मिली है। कॉन्सट्स, मैट रेनशॉ और झाय रिचर्डसन को केन्द्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने नये टेस्ट खिलाड़ियों ब्रेंडन डॉगेट और जेक वेदरल्ड को इस बार शामिल किया है। वहीं माइकल नेसर और टॉड मर्फी को भी इस सूची में जगह मिली है।

झाय रिचर्डसन, लांस मॉरिस, पूर्व टेस्ट ओपनर सैम कोंस्टास के अलावा ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और विक्टोरियन मैट शॉर्ट को इस सूची से हटा दिया गया है। इसके अलावा उस्मान ख्वाजा को भी अनुबंध में जगह नहीं मिली है। ख्वाजा ने एशेज के के बाद टेस्ट से संन्यास ले लिया था। अनुबंधित खिलाड़ी हैं। जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, ब्रेंडन डॉगेट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर और एडम जैम्पा। सीए के अनुसार जिन खिलाड़ियों के साथ अनुबंध नहीं है, वे अगले 12 महीनों में अनुबंध पा सकते हैं।



तुर्की में मैत्री फुटबॉल मैच को देखने पहुंचे फीफा प्रेसीडेंट गियानी इनफेनटीनो।

## शुभमन ने हार के लिए कमजोर बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया



मुल्लापुर (ईएमएस)। गुजरात टाइटंस टीम को आईपीएल के 19 वें सत्र के अपने पहले ही मैच में पंजाब किंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। 3 विकेट से मिली इस हार से गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल निराश है। शुभमन ने हार के लिए टीम के बल्लेबाजों को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि हम अगर 10 से 15 रन और बनाते तो हालात अलग होते।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 162 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले इस लक्ष्य को पंजाब किंग्स ने 19.1 ओवर में ही 7 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। मैच में हार के लिए शुभमन ने खराब बल्लेबाज को कारण बताया है। उन्होंने कहा कि टीम ने अगर 10 से 15 रन और ज्यादा बनाए होते तो ये मैच उनके हाथों में आ जाता।

शुभमन ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने अच्छी गेंदबाजी की, पर अंतिम पांच-छह ओवरों में रन नहीं बना पाये। उन्होंने स्वीकार किया है कि टीम 10 से 15 रन कम बना पायी थी। साथ ही कहा कि इस पिच पर 200 से अधिक रन नहीं बन सकते थे पर कहा कि 162 के लक्ष्य का बचाव करना आसान नहीं था। शुभमन ने कहा "बल्लेबाजी करते समय यह 210-220 रन वाली पिच नहीं लग रही थी पर मुझे लगता है कि अगर हमने 175 रन बना लिए होते तो हालात कुछ और होते।"

उन्होंने कहा कि पहली पारी में गेंद के पुरानी हो जाने के बाद उस पर रन बनाना कठिन हो गया था, जबकि दूसरी पारी में बारिश के कारण पिच पर गेंद तेजी से आर रही थी जिसके कारण विरोध टीम के बल्लेबाजों के लिए खेलना आसान हो गया। गिल ने कहा कि गेंद पुरानी होने के बाद उसे सीधे मैदान पर मारना कठिन हो गया। दूसरी पारी में बारिश जारी रही, जिससे गेंद गीली हो गई, इसका लाभ बल्लेबाजों को मिला। इसलिए मुझे नहीं लगता कि दूसरी पारी में बारिश उतनी रुकी। फिर भी, मुझे लगता है कि हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमने दबाव बनाए रखा।

वहीं प्रसिद्ध कृष्णा को देर से गेंदबाजी में लाने को लेकर गिल ने कहा "मैं सोच सकता था, लेकिन वह सही समय पर आए विकेट लिए और हमें 17वें और 18वें ओवर तक मैच में बनाए रखा। उस समय हमने सोचा, जब पिच थोड़ी धीमी हो रही थी, तो शायद कोई तेज और पतला गेंदबाज हमें कुछ विकेट दिला सकता था। वो नेट प्रैक्टिस में काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे।" वहीं शुभमन ने नए गेंदबाज हैं। उन्होंने शुरुआत में अच्छी गेंदबाजी की और मुझे लगता है कि अंत में भी वो काफी अच्छे खिलाड़ी साबित होंगे। वह काफी मेहनत करते हैं और हमारे लिए एक अच्छे फील्डर भी हैं। दरअसल, मैं उनसे कुछ महीने पहले कैंप के दौरान मिला था और नई गेंद से उनकी गेंदबाजी से मैं बहुत प्रभावित हुआ था। उम्मीद है कि उन्हें कुछ मैचों में नई गेंदबाजी का अवसर मिलेगा।"

## माल्टा और गोजो में खेले जाएंगे राष्ट्रमंडल युवा खेल : सैडलियर

नई दिल्ली (ईएमएस)। राष्ट्रमंडल युवा खेल अगले साल 29 अक्टूबर से चार नवंबर तक माल्टा और गोजो में खेले जाएंगे। इन खेलों का उद्घाटन समारोह 29 अक्टूबर को होगा जिसके बाद 30 अक्टूबर से चार नवंबर तक खेल स्पर्धायें होंगी। इससे युवाओं को अभी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर मिलेगा। इन खेलों में आठ स्पर्धाएं तैराकी और पैरा तैराकी, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, नेटबॉल, सेलिंग, स्क्वाश, ट्रायथलॉन, वॉटर पोलो और भारोत्तोलन शामिल रहेंगी। राष्ट्रमंडल खेलों की मुख्य कार्यकारी केटी सैडलियर ने कहा, माल्टा 2027 एक रोमांचक और अच्छे खेलों का वादा करता है। साथ ही कहा विश्व स्तर की सुविधाएं भी इसमें युवाओं को मिलेंगी जिससे भविष्य के सितारे निकलेंगे। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को अच्छा अनुभव और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इन खेलों में नौकायन और वाटर पोलो का भी पहली बार आयोजन होगा। माल्टा में राष्ट्रमंडल के 74 देशों और क्षेत्रों से लगभग 1,200 एथलीटों के 14 से 18 वर्ष की आयु वर्ग में भाग लेने की उम्मीद है।

### फीफा विश्वकप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी इटली

# बोस्निया ने पेनल्टी शूट आउट में 4-1 से हराया



बर्लिन (ईएमएस)। इटली की टीम एक बार फिर फीफा विश्वकप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी है। इटली को बोस्निया के खिलाफ हुए क्वालीफाइंग मुकाबले में पेनल्टी शूट आउट में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा है। ये तीसरी बार बार है जब इटली की टीम विश्वकप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी है। ये मुकाबला अतिरिक्त समय में भी 1-1 से बराबरी पर रहा। वहीं इसके बाद शूटआउट में बोस्निया की टीम जीत गयी। इस जीत के साथ ही बोस्निया की टीम करीब 12 साल बाद विश्कवप के लिए क्वालीफाई कर पायी है। इससे पहले बोस्निया ने साल 2014 के बाद पहली बार विश्व कप मेंजगह बनायी है। इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनाजोला कहा है कि विश्वकप से बाहर होने से हम सब निराश हैं। वहीं मुख्य कोच ने भी कहा है कि वह प्रशंसकों से माफी मांगते हैं। टीम काफी प्रयासों के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर पायी है।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इटली की शुरुआत सही रही थी पर मोइज कीन ने बोस्निया के गोलकीपर निकोला वासिलज को छका कर अपनी टीम को 15वें मिनट में ही एक गोल से बढ़त दिला दी। हाफटाइम से पहले इटली के सेंटर-बैक एलेसेंड्रो बास्टोनी को फाउल के कारण बाहर कर दिया गया।

इसके बाद 10 खिलाड़ियों से खेल रही इटली ने वापसी का प्रयास किया पर बोस्निया ने दबाव बनाया और अंत में 79वें मिनट में हारिस तबाकोविक ने स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अतिरिक्त समय में कोई भी टीम जीत नहीं पाई, जिससे मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में पहुंच गया। यहां इटली की ओर से केवल सैंड्रो टोनाली ही गोल कर पाये। वहीं बोस्निया ने चार गोल दाग दिये। वहीं एक अन्य मैच में चेक रिपब्लिक ने डेनमार्क के खिलाफ शूटआउट में 5-3 से जीत हासिल की और 2026 के फाइनल में जगह बनायी। एक अन्य मुकाबले में स्वीडन ने पोलैंड को 3-2 से हराकर विश्वकप के लिए क्वालीफाई किया। एक अन्य मुकाबले में तुर्की ने कोसोवो को 1-0 से हराकर विश्वकप में जगह बनायी। फीफा विश्कप इसी साल जून में खेला जाएगा।

## वैभव को भारतीय टीम में जगह मिले : माइकल वॉन

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र के पहले ही मैच में वैभव सूर्यवंशी की शानदार बल्लेबाजी की सराहना करते हुए कहा है उसे भारतीय टीम में जगह मिलनी चाहिये। वैभव ने जिस प्रकार राजस्थान रॉयल्य की ओर से खेलते हुए चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 15 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया उससे वॉन हैरान हैं। वॉन ने कहा कि वैभव को अब आने वाले समय में इंग्लैड दौरे पर भेजना चाहिये। उनका मानना है कि इस उभरते हुए बल्लेबाज को एकदिवसीय सीरीज के लिए तैयार किया जाना चाहिये। वॉन के अनुसार अगर वैभव इंग्लैंड दौरे के लिए सीमित ओवरों के लिए अंतिम ग्यारह में भी जगह नहीं बना पाते, तो भी उन्हें तीन टी20 मैचों की टीम में शामिल किया जाना चाहिए। इससे उन्हें सीनियर खिलाड़ियों के साथ रहने और माहौल समझने का अनुभव मिलेगा।वॉन ने कहा, "वो भारतीय टीम में कब शामिल किया जाता है मैं इसका इंतजार कर रहा हूं। अगर मैं भारतीय क्रिकेट में होता, तो मैं उसे उस दौरे पर ले जाता। जरूरी नहीं कि वो अभी टीम में खेल रहे खिलाड़ियों की जगह ले पर उसे टीम के माहौल में लाना जरूरी है। उसे टीम के साथ लाओ, अगर एक-दो मैच खेलने का मौका मिले तो शानदार, लेकिन उसे दौरे पर ले जाओ। उन्होंने साथ ही कहा, "मैं उसे भारतीय टीम के साथ थोड़ा अनुभव दिलाता। जरूरी नहीं कि वो सीधे टीम में शामिल हो पर उसका टीम के साथ रहना अनुभव के हिसाब से अच्छा रहेगा।

## नीतीश कुमार को पिंटू कुमार सिंह ने भेंट की 30 साल पहले खींची गई तस्वीर



धनबाद , धनबाद जदयू जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह बुधवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में जदयू पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उन्हें उनके संग धनबाद स्टेशन परिसर में 1995 में 30 साल पहले खींची हुई तस्वीर नीतीश कुमार को भेंट की। इतनी पुरानी तस्वीर को देखते ही मुख्यमंत्री पुरानी यादों को ताजा करते हुए काफी भावुक हो गये। मुख्यमंत्री ने इतनी पुरानी तस्वीर को सुरक्षित रखने एवं उन्हें भेंट करने के लिए धन्यवाद दिया। पिंटू कुमार सिंह ने बताया कि उनके व्यक्तित्व एवं सिद्धांतों के प्रति वे काफी प्रभावित हुए और उनके आदर्शों की प्रतिबद्धता और सिद्धांतों पर चलने की शपथ ली। पिंटू कुमार सिंह ने बताया कि उनके सिद्धांतों को अनुसरण करने के कारण ही वे राजनीतिक व व्यक्तिगत जीवन में काफी सफल हुए हैं। कहा की नीतीश कुमार का आशीर्वाद,समर्थन एवं सही दिशा निर्देश उन्हें प्रथम मुलाकात से वर्तमान तक मिल रहा है।

## टिकट चेकिंग कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया उत्कृष्ट सेवा प्रमाण पत्र





धनबाद, मंडल रेल प्रबंधक के दिशा-निर्देश में धनबाद मंडल में निरंतर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें टिकट चेकिंग कर्मियों को प्रोत्साहित करने हेतु समय-समय पर सम्मानित भी किया जाता रहा है। इसी क्रम में बुधवार को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद , मोहम्मद इकबाल द्वारा मंडल के टिकट जांच विभाग के 12 टिकट चेकिंग कर्मियों एवं 1 मुख्य माल पर्यवेक्षक को वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु "उत्कृष्ट सेवा प्रमाण पत्र" प्रदान किया गया। इन रेल कर्मियों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय एवं सराहनीय प्रदर्शन किया है। साथ ही वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मी राजस्व वृद्धि में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये कर्मी रेलवे की "फ्रंटलाइन टीम" का अभिन्न हिस्सा हैं। जिनके अथक प्रयासों से रेलवे न केवल अधिक अनुशासित बल्कि आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ हो रहा है। इस अवसर पर सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक,धनबाद, एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, टिकट चेकिंग भी उपस्थित थे।

## एचपीवी टीकाकरण जागरूकता अभियान का शुभारंभ, तीन माह तक चलेगा अभियान

दुमकाःसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामा में बुधवार को ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीकाकरण को लेकर प्रखंड स्तरीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। यह विशेष टीकाकरण अभियान आगामी तीन माह तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत लक्षित आयु वर्ग की सभी पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा।टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिधर मिश्र ने एचपीभी वैक्सीन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वैक्सीन के महत्व, इसके लाभ तथा इससे होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव के बारे में उपस्थित लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी अभिभावकों से आग्रह किया गया कि वे 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की अपनी बालिकाओं को अनिवार्य रूप से एचपीवी वैक्सीन दिलाएं। उन्होंने कहा कि यह टीकाकरण बालिकाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इस अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामा में तीन माह तक प्रत्येक कार्य दिवस पर टीकाकरण किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति पर ध्यान न दें और अन्य लोगों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। डॉ. शशिधर मिश्र ने बताया कि जामा प्रखंड में कुल 1674 बालिकाओं को टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो भी बालिका टीका लेने आएगी, उसे अपने साथ अभिभावक तथा उम्र के सत्यापन के लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। इस मौके पर डॉ. संजय कुमार महतो, बीडीएम राजेश रोजवेल मुर्मू, एएनएम क्रिस्टीना किस्कू सहित जीएनएम, एएनएम एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## रामगढ़ आर्मी स्कूल में भावुक विदाई समारोह, तीन वरिष्ठ शिक्षकों को दी गई सम्मानजनक विदाई रामगढ़

रांचीः रामगढ़ कैंट स्थित आर्मी स्कूल में मंगलवार को एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के तीन वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम का माहौल एक ओर भावुक रहा, तो दूसरी ओर प्रेरणा से भी भरपूर नजर आया।विद्यालय परिवार ने कपिल देव पाठक (टीजीटी , संस्कृत), राठौड़ सर (टीजीटी , खेल शिक्षक) और सुधाकर सर (पीजीटी, केमिस्ट्री) के लंबे एवं समर्पित सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इन शिक्षकों ने लगभग तीन दशकों तक अपनी सेवाएं देकर न केवल शिक्षा प्रदान की, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर आयोजित समारोह में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इन शिक्षकों का मार्गदर्शन उनके जीवन में सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। कई छात्र-छात्राएं भावुक होते दिखे और अपने प्रिय शिक्षकों के योगदान को याद किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इन शिक्षकों ने अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट शिक्षण के माध्यम से विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई। पूरे समारोह के दौरान एक युग के समापन और नई यात्रा की शुरुआत का भाव स्पष्ट रूप से झलकता रहा।यह विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समर्पण, सेवा और प्रेरणा की एक गौरवपूर्ण कहानी का सम्मान था।

# राजकमल में पूर्व प्राथमिक के नए बच्चों एवं अभिभावकों के परिचय सत्र का किया गया आयोजन

### पौधे की तरह बच्चों को सींचने की जरूरत : सुमन कुमार मिश्रा




धनबाद , बुधवार को राजकमल में पूर्व प्राथमिक के बच्चे एवं उनके माता-पिता के साथ एक परिचय सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि जैसे छोटे पौधों को खाद और पानी की आवश्यकता पड़ती है, तब वह फलते फूलते हैं ।इसी तरह आपके छोटे बच्चे को भी खाद और पानी के रूप में आपका समय आपका प्यार और आपका मार्गदर्शन चाहिए तभी वे विकसित होकर भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पूर्व प्राथमिक के प्रभारी छंदा बनर्जी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। स्वागत भाषण सुप्रिया पॉल ने दिया । वंदना सभा का आयोजन भी किया गया। कलावती सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 300 से भी अधिक बच्चे अपने माता-पिता के साथ उपस्थित थे। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री मिश्रा ने बताया कि खेल-खेल में बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। आगे जाकर वह और भी मुखरित हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को समय से विद्यालय पहुंचाना और समय से ले जाना एक जिम्मेदार अभिभावक की पहचान है।

विद्यालय के सह सचिव, दीपक कुमार रुइया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि आपका बच्चा एक घर से निकलकर दूसरे घर में आ जाता है। शिक्षा केवल विद्यालय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि विद्यालय और घर मिलकर ही बच्चों के व्यक्तित्व को आकार देते हैं। विद्यालय में बच्चे ज्ञान प्राप्त करते हैं लेकिन घर में वे संस्कार सीखते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में उप प्राचार्य, मनोज कुमार, सुप्रिया पॉल, विनीता ठक्कर, प्रभारी छंदा बनर्जी, रूमा मित्रा, अर्चना सिंह, देवश्री मिश्रा की अहम भूमिका रही। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की उप प्राचार्या लीला सिंह ने किया।

## घोड़ादाहा में भीषण सड़क हादसाः युवक और किशोरी गंभीर, मुआवजे की मांग पर दो घंटे जाम




जामताड़ा जिले के बिंदापाथर थाना क्षेत्र से सटे देवघर जिला के खागा थाना अंतर्गत घोड़ादाहा के पास गोविंदपुर–साहेबगंज मुख्य मार्ग पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक और एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। घायलों की पहचान बिंदापाथर थाना क्षेत्र के मंझलाचाला निवासी 15 वर्षीय कालीदास हाँसदा के बेटी पूजा हांसदा उर्फ पिंकी तथा खागा थाना क्षेत्र के खरपो गांव निवासी 18 वर्षीय युवक के रूप में की गई है। साथ ही घटना में पूजा हांसदा की 50 वर्षीय नानी भी घायल बताई जा रही हैं। तीनों को गंभीर चोटें आई हैं और प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक तेज गति में था और अचानक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने घोड़ादाहा के समीप मुख्य मार्ग को करीब दो घंटे तक जाम कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी ट्रक चालक की तत्काल गिरफ्तारी और घायलों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। सूचना मिलते ही खागा थाना और बिंदापाथर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए धनबाद नगर निगम के उपमहापौर हरेंद्र चौहान भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और परिजनों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया और प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। उपमहापौर ने घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था कराने और मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। प्रशासन द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है।

## जामताड़ा में 3 अप्रैल को भव्य इजलास-ए-आम

### देशभर के उलमा करेंगे शिरकत, एकता और जागरूकता का संदेश

जामताड़ा । जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुचियाडीह, चिरूडीह एवं रसियाभीठा गांवों की सरज़मीं पर 3 अप्रैल (शुक्रवार) को एक दिवसीय भव्य इजलास-ए-आम का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक और सामाजिक महत्व का यह कार्यक्रम नमाज़-ए-मग़रिब के बाद शुरू होकर देर रात तक चलेगा। आयोजन स्थल मुचियाडीह, चिरूडीह एवं रसियाभीठा (पोस्टः बाँड्डीह, थानाः नारायणपुर) निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क़ारी मोहम्मद यूनुस मेरी करेंगे, जबकि संचालन अब्दुर रऊफ आली एवं जमील अख्तर शफ़ीक़ द्वारा किया जाएगा। आयोजन की सरपरस्ती मोहम्मद तैय्यब तेमी के मार्गदर्शन में होगी। इसगरिमामयआयोजनमेंकईविशिष्टअतिथियोंकीउपस्थितिरहेगी,जिनमेंफ़ुरकान अंसारी, असरार बुरहान सत्तारी, लैला हसन, मक़सद अंसारी (लालू), क़मरुल्लाह ख़ान, शाहरुख़ साहब, मोहम्मद रफ़ीक़, इमरान अंसारी एवं शहाबुद्दीन प्रमुख हैं। कार्यक्रम की विशेषता देशभर से आने वाले मशहूर उलमा-ए-कराम की मौजूदगी होगी। इनमें बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) से शेख अहसन मारूफ सिराजी एवं शेख मारूफ यूनुस सिराजी शामिल हैं, जो अपने विचारों से श्रोताओं को मार्गदर्शन देंगे। मुख्यवक्ताओंकेरूपमेंफ़ज़ीलतुलशेखडॉ.अब्दुलग़फ़्फ़ारसलफ़ी (बनारस), शेखपरवेज़आलमसफ़ावीएवंशेखजमीलअख्तरशफ़ीक़प्रभावशालीभाषणदेंगे। इसके अलावा क्षेत्र के स्थानीय उलमा-ए-कराम—हाफ़िज़ लाउद्दीन, हाफिज मोहिनुद्दीन, मौलाना कमरुद्दीन मोहम्मदी, मौलाना अमीन इब्न असरि, मौलाना मुश्ताक असरि, मौलाना जमशेद मोहम्मदी, मौलाना सलीम एवं मौलाना सलमान—भी कार्यक्रम में शिरकत कर इसे और गरिमामय बनाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार, यह इजलास-ए-आम सभी मस्लक एवं विचारधाराओं के लोगों के लिए खुला है। महिलाओं के लिए पर्दे का विशेष प्रबंध किया गया है तथा क्षेत्र के मस्जिदों के इमाम व उलेमा भी मंच की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह आयोजन धार्मिक एकता, सामाजिक जागरूकता और ज्ञानवर्धन का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होने की उम्मीद है।

## कांग्रेस द्वारा आयोजित संगठन सृजन अभियान के तहत दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर संतोष कुमार सिंह किए गए सम्मानित




धनबाद , जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, संतोष सिंह को संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि यह प्रशिक्षण शिविर टीआरटीसी में आयोजित किया गया था। जिसमें झारखंड और ओडिशा के नव-निर्वाचित जिला अध्यक्षों ने भाग लिया।समापन समारोह के दौरान सभी जिला अध्यक्षों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके योगदान और सहभागिता की सराहना की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू, सह-प्रभारी डॉ. सिरिबेला प्रसाद और भूपेंद्र मरावी सहित प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी मौजूद थे । कार्यक्रम में संगठन को मजबूत बनाने, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और आगामी चुनावी रणनीतियों पर विशेष जोर दिया गया। नेताओं ने प्रशिक्षण को संगठन विस्तार के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी जिला अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के सम्मानित होने पर धनबाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया जा रहा है।

## किसी भी पात्र बालिका को टीकाकरण से वंचित नहीं रहने देना हमारी प्राथमिकता : कमलेंद्र

दुमकाःसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में बुधवार को ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीकाकरण के प्रखंड स्तरीय अभियान का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा, उप प्रमुख श्रीकांत राउत एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राम प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह विशेष टीकाकरण अभियान आगामी तीन माह तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत लक्षित आयु वर्ग की सभी पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि "किसी भी पात्र बालिका को टीकाकरण से वंचित नहीं रहने देना हमारी प्राथमिकता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम पूर्णतः प्रशिक्षित एवं सक्षम है और सभी कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किए जा रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर पात्र बालिकाओं की पहचान करें, अभिभावकों को जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार के भ्रम एवं आशंका को दूर करते हुए टीकाकरण सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राम प्रसाद द्वारा एच पी भी वैक्सीन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने वैक्सीन के महत्व, इसके लाभ एवं इससे होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव के विषय में उपस्थित लोगों को जागरूक किया साथ ही इस अभियान के तहत सर्व प्रथम धनौर गांव की चांदनी कुमारी को एच पी भी वैक्सीन लगाई गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों के द्वारा उन्हें टीकाकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी 14-15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को अनिवार्य रूप से एच पी भी वैक्सीन दिलाएं। उक्त कार्यक्रम के तहत रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन माह तक प्रत्येक कार्य दिवस को टीकाकरण किया जाएगा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति से बचें। अन्य लोगों को भी टीकाकरण हेतु प्रेरित करें। डाक्टर राम प्रसाद ने बताया कि रामगढ़ प्रखंड में 1579 बालिकाओं को टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो भी बालिका टीका लेने आएंगी उन्हें अपने साथ अपने गार्जियन एवं उम्र के सत्यापन हेतु आधार कार्ड लाना होगा। कार्यक्रम मे बीपीएम अक्षय आनंद सहित जीएनएम, ए एन एम एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# दुमका प्रीमियर लीग सीजन–2 खिलाड़ियों की नीलामी से हुआ भव्य आगाज़

## आनंद दुबे बने सबसे महंगे खिलाड़ी



दुमकाःदुमका के एम एस होटल में मंगलवार शाम 6 बजे बहुचर्चित दुमका प्रीमियर लीग सीजन–2 का शानदार आगाज़ खिलाड़ियों की नीलामी के साथ हुआ। इस बार आयोजन को खास बनाते हुए नीलामी प्रक्रिया का पहली बार लाइव प्रसारण भी किया गया, जिससे क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।नीलामी में कुल 6 फ्रेंचाइजी टीमों—अशोका लायंस, दुमका चैलेंजर्स, दुमका रॉयल्स, बासुकी–11, विज़नरी–11 और एम एंड एस–11—ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान के साथ हुई, जिसके बाद जिला क्रिकेट संघ, दुमका के अध्यक्ष भास्कर अजीत सिंह ने नीलामी प्रक्रिया की जानकारी दी और पूरे आयोजन का संचालन किया।इस नीलामी में कुल 149 खिलाड़ियों के नाम शामिल थे, जिनमें से 93 खिलाड़ियों की सफल बोली लगी, जबकि कई बड़े नाम अनसोल्ड रह गए।

टीम मालिकों ने खिलाड़ियों के चयन में प्रदर्शन के साथ-साथ अनुशासन और टीम संयोजन को प्राथमिकता दी।नीलामी के दौरान दुमका रॉयल्स के आनंद दुबे सबसे महंगे खिलाड़ी साबित हुए, जिन्हें 8100 रुपये में खरीदा गया। वहीं बासुकी–11 ने प्रीत सिंह और विज़नरी–11 ने मोहित सिंह को 7600–7600 रुपये में अपनी टीम में शामिल किया।कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक डॉ. तुषार ज्योति ने खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर अवसर देने की बात कही और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी। आयोजन की व्यवस्था की सभी टीम मालिकों ने जमकर सराहना की।जिला क्रिकेट संघ के सचिव शावर्ण मनोज कुणाल ने सभी टीम मालिकों, खिलाड़ियों, प्रायोजकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस लीग का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर मंच और एक्सपोज़र देना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अनसोल्ड खिलाड़ियों की पंजीकरण राशि (500) वापस की जाएगी।

आयोजन को और भव्य बनाने के लिए दुमका के स्थानीय ए टीम क्रिकेट ग्राउंड को सजाने और संवारने का कार्य शुरू हो चुका है। जल्द ही मैचों की तिथि की घोषणा की जाएगी।इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ, प्रायोजक अशोक न्यू केयर की टीम, सभी फ्रेंचाइजी मालिक, क्रिकेट प्रेमी और मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## बालू लदे ट्रक ने अपने आगे चल रहे बालू लदे ट्रक को मारी ठोकर, कोई हताहत नहीं

दुमकाःगोबिंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाईवे पर गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर के पास एक बालू लदे ट्रक ने अपने आगे चल रहे ट्रक को ठोकर मार दी।चालक इस्माइल शेख ने बताया कि वह वाहन संख्या डब्ल्यू बी 57 ई 8900 ट्रक में दुमका से बालू लोड कर पाकुड़ जा रहा था।इसी बीच गोपीकांदर के दुर्गापुर के पास बुधवार की सुबह लगभग 6 बजे के करीब उसके आगे चल रहे बालू लोड ट्रक के अचानक ब्रेक मारने से उक्त ट्रक से जा टकराया एवं साइड से जा रहे स्कॉर्पियो को बचाने के लिए पूरा हार्ड ब्रेक मारा, जिससे ट्रक के ब्रेक शू में आग लग गई और ट्रक आगे जा टकराया| इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई| चालक की सुझबुझ की वजह से एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। चालक इस्माइल शेख एवं उपचालक अब्दुल मियां दोनों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है ।

# उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त संग किया स्वास्थ्य, शिक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण





दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान संग बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मसलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह वैक्सीन 14 से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु की बच्चियों को अभिभावकों की उपस्थिति में दिया जा रहा है।उपायुक्त ने वैक्सीन लेने वाली बच्चियों से बातचीत कर उन्हें इसके लाभों की जानकारी दी।

इसके पश्चात उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए दवाओं की उपलब्धता की रैंडम जांच कर मदर न्यू बोर्न केयर यूनिट, एक्स-रे रूम, ओटी, इमरजेंसी एवं पैथोलॉजी वार्ड का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। पैथोलॉजी जांच के दौरान उन्होंने किडनी फंक्शन टेस्ट, लिवर फंक्शन टेस्ट, ग्लूकोज सहित अन्य जांच से संबंधित सैंपलों की जानकारी ली तथा मरीजों को फोन कर सेवाओं की पुष्टि भी की। उन्होंने निर्देश दिया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो एवं सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।इसके उपरांत उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मसलिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर भोजन, आवास, बेड एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। स्मार्ट क्लास के उपयोग पर छात्राओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। उपायुक्त ने छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति जागरूक करते हुए शिक्षकों को इस विषय में जानकारी उपलब्ध कराने तथा 12वीं कक्षा की छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कंप्यूटर लैब, साइंस लैब एवं किचन का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात उपायुक्त ने एफसीआई गोदाम, मसलिया का निरीक्षण किया। उन्होंने रैंडम रूप से चावल की गुणवत्ता की जांच की तथा गोदाम प्रभारी से राशन उपलब्धता की विस्तृत जानकारी ली। गोदाम में बारिश का पानी रिसने की समस्या पाए जाने पर उसे अविलंब दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही सीसीटीवी कक्ष एवं स्टॉक रजिस्टर की जांच के दौरान अद्यतन अभिलेख नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।इसके बाद उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय, मसलिया का निरीक्षण किया तथा वहां उपस्थित आम नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र समाधान का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। इससे पहले मसलिया जाने के क्रम में उपायुक्त ने जामा प्रखंड के छैलापाथर पंचायत सचिवालय का औचक निरीक्षण किया, जहां कोई भी कर्मी उपस्थित नहीं पाए गए। इस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित कर्मियों के वेतन को अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया।

समीपस्थ प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर उन्होंने बच्चों से बातचीत की एवं मध्याह्न भोजन, पुस्तकों एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही शौचालय मरम्मत एवं भवन सुधार के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने नावाडीह ग्राम स्थित आदिवासी कला संस्कृति भवन का निरीक्षण किया, जहां पुस्तकालय संचालित पाया गया। उपायुक्त ने इसकी सराहना करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात कही। गांव के निरीक्षण के दौरान उन्होंने चापानलों की स्थिति की समीक्षा की एवं खराब चापानलों को शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा जेएसएलपीएस के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ने पर बल दिया।

साथ ही महिलाओं से बातचीत कर मंईया सम्मान योजना एवं पीडीएस के तहत राशन वितरण की जानकारी ली, जिस पर संतोषजनक स्थिति पाई गई।निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी मसलिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# न्यायालयी मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर जिला पुलिस सख्त, समीक्षा बैठक आयोजित

**कुर्की वारंट समेत न्यायालयो के अन्य आदेशों पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश, | स्पीडी ट्रायल वाले मामलों पर रहेगा विशेष फोकस | गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर, लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

### पारदर्शिता और समय पालन को प्राथमिकता, हर अधिकारी को व्यक्तिगत निगरानी का निर्देश




धनबाद ,पुलिस ने न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन को लेकर अपनी सक्रियता तेज कर दी है। वरीय पुलिस अधीक्षक , प्रभात कुमार के निर्देश पर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-2 धीरेन्द्र नारायण बंका ने की। इस दौरान न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों की बारीकी से समीक्षा कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक में न्यायालयों से प्राप्त आदेश, प्रतिवेदन, समन वारंट एवं कुर्की से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएसपी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि न्यायालय से प्राप्त प्रत्येक आदेश पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में कोर्ट नोडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन मामलों में गवाही निर्धारित है, उन मामलों के गवाहों को समय से पूर्व तिथि, स्थान एवं केस से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इससे गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित होगी और मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी।साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि बार-बार सूचना देने के बावजूद कोई गवाह अनुपस्थित रहता है, तो इसकी जानकारी तत्काल वरीय अधिकारियों को दी जाए, ताकि आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके। डीएसपी ने पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए कोर्ट नोडल अधिकारियों को प्रत्येक मुकदमे से संबंधित सूचनाओं को नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही न्यायालयों से प्राप्त वारंट एवं कुर्की आदेशों की तामिला शीघ्र सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायालय से जुड़े मामलों में समय पालन, पारदर्शिता और जवाबदेही पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसे प्रत्येक पुलिस पदाधिकारी को व्यक्तिगत स्तर पर निगरानी करते हुए सुनिश्चित करना होगा।

## गल्फड़बाड़ी के दूधियापानी में दो भट्टों के कारण बड़े पैमाने पर हो रहा इलाको से अवैध कोयला खनन

### बड़ी दुर्घटना की जताई जा रही है आशंका



चिरकुंडा, धनबाद ,एक तरफ बालू, कोयला के अवैध कानून पर रोक व कार्यवाई, के लिए हर महीने धनबाद जिला प्रशासन क्षेत्र के सभी थाना व ओपी प्रभारी साथ सीआईएसएफ, ईसीएल के अधिकारियों के साथ धनबाद उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क की बैठक होती है और कई दिशा निर्देश भी दिए जाते है। वही दूसरी ओर इन सभी निर्देशों को ताख पर रखकर जमीन स्तर पर अवैध खनन जोरो से हो रहा है।

ईसीएल, बीसीसीएल के साथ स्थानीय प्रशासन की कार्यवाई जीरो बटा शून्य होता है। दरअसल निरसाअनुमंडल क्षेत्र के गल्फड़बाड़ी ओपी क्षेत्र में इन दिनों अवैध कोयले का खनन इस प्रकार जोरो पर हो रही है। आने वाले समय में पूरा मुगमा क्षेत्र जमींदोज हो सकती है।

और हजारों जिंदगिया इसमे समा सकती है। बताया जाता है कि अवैध खनन उक्त को कोयला को गल्फड़बाड़ी के दूधियापानी क्षेत्र स्थित दो भट्ठो में खपाया जा रहा है। इस तरह से यह खेल पूरे निरसा क्षेत्र में हो रहा है। जानकार लोग बताते है कि कोयले के खनन होने से पूरा, गल्फड़बाड़ी, सियारकनाली, मुगमा क्षेत्र अब खोखला हो गया है। जिससे बड़ी दुर्घटना से इंकार नही किया जा सकता है। यहां कोयले का अवैध खनन और उससे भट्टा का संचालन हो रहा है। जहां से हर दिन दर्जनों ट्रक अवैध कोयला को यूपी और बिहार भेजा जा रहा है। लागातार कोयला खनन होने से पूरा क्षेत्र धसान स्थल हो गया है। जिससे कभी भी एक बड़ी दुर्घटना घट सकती है। जिसमे पूरा मुगमा क्षेत्र पर असर पड़ेगा। लेकिन इसे रोक लगाने वाला कोई नही है। आने वाले समय को लोगो भारी खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

## क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत संपन्न, जलापूर्ति शुरू

धनबाद , उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी , आदित्य रंजन के निर्देश पर मुगमा मोड़ के निकट धनबाद के शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए लगाए गए 1000 एमएम व्यास के क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत रात में पूरी हो गई। पाइपलाइन से शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति शुरू कर दी गई है। इस संबंध में पीएचईडी 1 के कार्यपालक अभियंता , रंजीत कुमार ठाकुर ने बताया कि 1000 एमएम व्यास के क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को युद्ध स्तर पर जेसीबी मशीन एवं पंप के सहयोग ठीक कर दिया है। पाइपलाइन ठीक होने हो जाने के बाद शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति शुरू कर दी गई है।

## बाघमारा घटना की डीडीसी ने की समीक्षा

### प्रभावितों के लिए मूलभूत सुविधा की समुचित व्यवस्था करने का दिया निर्देश, राज्य सरकार की ओर से प्रभावित परिवारों को दिया जाएगा मुआवजा

धनबाद , उप विकास आयुक्त , सन्नी राज ने मंगलवार की शाम बाघमारा में हुई घटना को लेकर आज विभिन्न पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया है। उनके लिए भोजन, पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की शिकायत, विशेषकर खाने-पीने की व्यवस्था को लेकर, प्राप्त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार के द्वारा दी जाने वाली मुआवजा राशि को लेकर आवश्यक प्रशासनिक तैयारी रखें। साथ में मौके पर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने, सभी अधिकारियों को घटना स्थल पर जाकर राहत, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने तथा समस्त स्थिति की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

साथ ही उन्होंने भू-धंसान एवं अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के लिए जेआरडीए को प्रभावित स्थल का दौरा कर पारिवारिक सर्वे करने का निर्देश दिया।उप विकास आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरीके से नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।ऑनलाइन बैठक में अनुमंडल दंडाधिकारी , लोकेश बारंगे, जिला खनन पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीबी, बाघमारा के डीएसपी, एसडीपीओ, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेआरडीए के पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मौजूद थे।

## ईसीआरकेयू के वरिष्ठ नेता रणजीत राय का निधन,यूनियन में शोक की लहर



धनबाद, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन , ईसीआरकेयू के पूर्व केन्द्रीय पदाधिकारी वरिष्ठ एवं समर्पित नेता रणजीत राय का बीती रात हृदय गति रुक जाने के कारण दुखद निधन हो गया।उनके निधन से पूरे ईसीआरकेयू परिवार में शोक की लहर व्याप्त है। मृत्यु के समय कॉमरेड राय 73 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिसमें उनकी पत्नी, दो पुत्र एवं दो पुत्रियां शामिल हैं।उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू धनबाद के मिडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि कॉमरेड रणजीत राय का रेलवे सेवा में नियुक्ति वर्ष 1974 में हुआ था। उन्होंने अपने कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार कार्यशैली के बल पर रेलवे में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कीं । विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए वे वर्ष 2013 में मुख्य लोको निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। वे लंबे समय तक ईसीआरकेयू से सक्रिय रूप से जुड़े रहे। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण उल्लेखनीय रही। उन्होंने धनबाद शाखा-2 में लगभग 10 वर्षों तक शाखा सचिव के रूप में कार्य किया तथा केंद्रीय कमेटी में 12 वर्षों तक महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे यूनियन के कर्मठ, जुझारू एवं सक्रिय नेताओं में गिने जाते थे। उनके निधन से यूनियन ने एक अनुभवी एवं समर्पित मार्गदर्शक को खो दिया है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।उनके निधन पर ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष , डी के पांडेय, महामंत्री , एस एन पी श्रीवास्तव, अपर महामंत्री मोहम्मद ज़्याउद्दीन, जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा , केन्द्रीय संगठन मंत्री , सुभाष, शाखा टू के अध्यक्ष सह मिडिया प्रभारी, एन के खवास एवं जितेंद्र कुमार साहू, राजू चौबे,एनसी राय, यू एस प्रसाद,शिव प्रसाद,बालाई चटर्जी,देबू दास सहित अन्य सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया । साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।



## आरएसएस प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर आज धनबाद में

### कोयला नगर कम्युनिटी हॉल में सुबह 11 बजे से प्रमुख जन गोष्ठी, संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों के तहत आयोजन

धनबादः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर गुरुवार को धनबाद आ रहे हैं. उनके आगमन को लेकर संघ की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. कोयला नगर कम्युनिटी हॉल में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में शहर के तमाम प्रबुद्ध जनों को आमंत्रित किया गया है, जिन्हें श्री आंबेकर संबोधित करेंगे. यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित हो रहा है. इस अवसर पर समाज में राष्ट्र भावना को मजबूत करने और पंच परिवर्तन के विषयों, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य एवं स्व के बोध. पर चर्चा होगी.संघ द्वारा विजयदशमी 2025 से विजयदशमी 2026 तक सात प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें यह प्रमुख जन गोष्ठी पांचवां कार्यक्रम है. गोष्ठी में जिज्ञासा समाधान का भी अवसर मिलेगा.

## एसआईआर के तहत बीएलओ घर घर लगा रही हैं स्टीकर








धनबाद , मंत्रिमंडल , निर्वाचन विभाग, झारखण्ड रांची से विशेष गहण पुनरीक्षण , एसआईआर, कार्यों को संपादन करने के लिए स्टीकर प्राप्त है। जिसे सभी बीएलओ को उपलब्ध करा दिया गया है।

इस संबंध में उप निर्वाचन पदाधिकारी, कालीदास मुंडा ने बताया कि बीएलओ द्वारा उक्त स्टीकर को अपने क्षेत्र के सभी घरों में चिपकाया जा रहा है। स्टीकर में गृह संख्या एवं बीएलओ का नाम और संपर्क नंबर अंकित है।

बताया जा रहा है कि यदि किसी गृह,घर का नंबर नहीं है तो बीएलओ द्वारा विभाग के निदेशानुसार एक काल्पनिक नंबर , नोशनल नंबर भर के चिपकाया जायेगा। अप्रैल - 2026 में एसआईआर की घोषणा संभावित है।

## मानस मंदिर जगजीवन नगर में 3 अप्रैल से 11 अप्रैल तक 54 वां मानस अधिवेशन का आयोजन



धनबाद , मानस प्रचार समिति, मानस मंदिर, जगजीवन नगर में 54 वें मानस महाधिवेशन का शुरुआत 3 अप्रैल शुक्रवार से 11 अप्रैल शनिवार तक चलेगा। 12 अप्रैल रविवार को पूर्णाहुति हवन एवं भंडारे का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के सन्दर्भ में मंदिर परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष, निरंजन सिंह, सचिव विनोद दुबे एवं कोषाध्यक्ष निशांत नारायण ने जानकारी दी की चतुर्दीक मंगल एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए प्रयासरत साहित्यिक, सांस्कृतिक एवम धार्मिक संस्था मानस प्रचार समिति हर वर्ष तुलसीदास कृत नव दिवसीय रामायण का नवाह्यान पारायण एवं राम कथा का आयोजन करती आ रहीं है। इसी क्रम में इस बार अयोध्या से पधारें संत रामशंकर वेदांती महाराज पिठाधिश्वर श्रीरामबल्लभा कुंज, जानकी घाट से पधार रहें है। जो शाम को संध्या 6.30 बजे से राम कथा करेंगे एवं प्रातः मानस के नवाहय पाठ के लिए संत राधेश्याम दस महाराज अयोध्या से ही पधार रहें है। समस्त कर्मकांड मंदिर के पुरोहित ज्योति नारायण झा के आचारत्व में होगी एवं यज्ञमान, उज्वल कुमार वर्मा एवं मनिका कीर्ति वर्मा होंगी। 3 अप्रैल को सुबह विधायक राज सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलन कर अनुष्ठान का श्रीगणेश करेंगे। ज्ञात हो कि मानस प्रचार समिति की स्थापना वर्ष 1970 में हुई थी। वैलफेयर विभाग, सीएमपीएफ एवं धनबाद के गणमान्य लोगो के द्वारा स्थापना की गई थीं, स्वर्गीय शिवपुजन तिवारी सचिव थे, परशुराम सिंह, कमिशनर पंडा एवं कई लोग शामिल थे। इस मंच में चारो शंकराचार्य, कई रामानंदचार्य, रामकिंकर उपाध्याय, डोंगरे महाराज, करपात्री महाराज आदि पधार चुके है।परंपरागत तरीके से राम कथा एवम पारायण करने का श्रेय धनबाद में समिति को ही जाता है, अभिन्न बिहार का पहली कथा भी यही हुईं थीं। जिसमें बी सी सी एल का काफ़ी सहयोग होता था जो अब उतना नहीं हो पता है, समिति द्वारा कल्याणकारी कार्य भी काफ़ी होते है। जिसमें निशुल्क औषधालय समिति द्वारा संचालित होती है। जिसका वहन समिति करती है। प्रेस वार्ता में समिति के रामप्रवेश शर्मा, शमशेर सिंह, अजित गुप्ता, सनोज कुमार, सपन अधिकारी, रमा सिन्हा,कन्हाई भट्टचार्य भी उपस्थित थे।

# पहला कदम में मनाया गया विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस



धनबाद, जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों का स्कूल पहला कदम की सचिव, अनीता अग्रवाल ने बताया कि विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को मनाते हैं।इस दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2007 में की गई थी।ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं है जिसे दवा से ठीक किया जा सके। यह एक न्यूरोलॉजिकल स्थित है।यह 18 महीने के बच्चों में इसके लक्षण को देखकर हम आसानी से समझ सकते है। जैसे आँखों में आँख डालकर बात नहीं करना, बबलिंग साउंड निकलना या बोलने में समस्या, एकांत में रहना, लोगों से संपर्क नहीं रखना,एक ही खिलौने से खेलना।अपने माता-पिता से लगाव कम रखना। बदलाव इन्हें पसंद नहीं होता। बाहरी दुनिया को छोड़ ऐसे बच्चे अपने आप में खोए रहते हैं।जो लोग नहीं जानते हैं वह ऐसे बच्चों को जिद्दी या अजीब शब्द बोलकर उपहास उड़ाते हैं।ऑटिज्म से जुड़े बच्चे बहुत संवेदनशील होते हैं।कुछ बच्चे बोल नहीं पाते हैं इसका मतलब यह नहीं कि उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। वे अपने तरीके से अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं। कभी व्यवहार से तो कभी अपनी चुप्पी से। कभी-कभी ऐसे बच्चों को भी देखा है की वे छोटी-छोटी चीजों में खुशी ढूंढ लेते हैं जैसे एक खिलौना ,एक गाना या हमारा एक प्यार भरा स्नेह। वहीं कई बार तेज आवाज,भीड़ या बदलाव इन्हें असहज कर देता है। ऐसे समय में उन्हें डांटने की नहीं प्यार से समझने की जरूरत होती है।मेरा अनुभव यही कहता है कि सही मार्गदर्शन,समय पर उचित थेरेपी धैर्य और प्यार से यह बच्चे भी बहुत कुछ सीख सकते हैं और समाज का एक हिस्सा बन सकते हैं। अनीता अग्रवाल सचिव पहला कदम पिछले 20 वर्षों से ऐसे बच्चों के साथ कार्य कर रही हैं । जिसमें बौद्धिक क्षमता, मूकबधिर, सेरेब्रल पाल्सी,डाउन सिंड्रोम,शारीरिक अक्षमता, दृष्टि बाधित से समस्या वाले बच्चों के साथ-साथ ऑटिज्म पर भी विशेष कार्य कर रही हैं । स्कूल में बच्चों का शिक्षण प्रशिक्षण के साथ ही इंडिया थेरेपी सेंटर जगजीवन नगर धनबाद में विशेष कर इन बच्चों के लिए एक ही विस्तृत सेटअप तैयार किया गया है जो यह खुद में बहुमूल्य है। यहाँ बच्चों की समस्या को देखते हुए स्पीच थेरेपी, फिजियोथैरेपी, बिहेवियर थेरेपी,ऑक्यूपेशनल थेरेपी,वाटर थेरेपी,सेंड थेरेपी,म्यूजिक थेरेपी और चिकित्सा निदान उपलब्ध है। धनबाद शहर में यह अकेला संस्थान है जो की एक ही छत के नीचे विभिन्न तरह के कार्य को कर रहा है।इतना ही नहीं 18 वर्ष से ऊपर के बच्चों उनकी योग्यता और इंटरेस्ट को देखते हुए हम उन्हें वोकेशनल ट्रेनिंग देते हैं जैसे पेपर प्लेट, टेलरिंग शॉप, शॉपकीपर,कंप्यूटर,गार्डनिंग,स्पोर्ट,पीटी,योगा, नई उड़ान क्लाउड किचन,एच आई बच्चों को फूड एंड बेवरेज सर्विस असिस्टेंट और क्लाउड किचन का 6 महीने का ट्रेनिंग दिया जाता है। ट्रेनिंग के दौरान बच्चों को लंच प्रदान किया जाता है। सफल बच्चों को ट्रेनिंग के बाद नौकरी भी प्रदान किया जाएगा। पहला कदम का यह सभी कार्य करने का उद्देश्य है की इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना ताकि वे सामान्य लोगों की तरह स्वतंत्र रूप से अपना जीवन यापन कर सके।

## गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी "आरोहण" का किया गया भव्य आयोजन



धनबाद ,बैंकमोड स्थित जी जी पी एस स्कूल , धनबाद में प्रेप कक्षा के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी "आरोहण" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रेप कक्षा के विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करना तथा उनके शैक्षणिक विकास का उत्सव मनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रेप के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। नन्हे बच्चों ने नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य , सुदीप कुमार ठाकुर ने अपने संबोधन में बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । साथ ही अभिभावकों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने विद्यालय पर विश्वास जताया। इस अवसर पर बच्चों को ग्रेजुएशन कैप पहनाकर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे बच्चों एवं अभिभावकों में अत्यंत हर्ष का वातावरण रहा।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान से किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के सभी शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार "आरोहण" ग्रेजुएशन सेरेमनी हर्षोल्लास एवं प्रेरणा के साथ संपन्न हुई।

### राजकमल स्कूल में हवन पूजन के साथ सत्रारंभ

## नये सत्र विद्यार्थियों के लिए संभावनाओं से भरा रहे : सुमंत कुमार मिश्रा





धनबाद , बुधवार को राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में हवन पूजन का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह से संपन्न हुआ। इसमें विद्यालय के सह सचिव, दीपक कुमार रुइया, प्राचार्य ,सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य ,मनोज कुमार , उप प्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार,सुमोना दीक्षित एवं छंदा बनर्जी के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। प्राचार्य श्री मिश्रा ने बताया कि हवन पूजन से सत्रारंभ करना विद्यालय की परंपरा रही है।नया सत्र नई संभावनाओं, सीखने और विकास के नए अवसरों के साथ आया है। विद्यार्थी सत्र के शुरुआत में ही अपनी शैक्षणिक व व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने यह भी कहा कि नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाएं 2 अप्रैल से प्रारंभ होगी वहीं एकादश की कक्षाएं 6 अप्रैल से प्रारंभ होगी। 2026, 2027 सत्र के निर्विघ्न संचालन हेतु आज का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में मार्च माह 2026 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का समापक भुगतान समारोह का किया गया आयोजन







धनबाद, धनबाद मंडल में मार्च माह 2026 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का समापक भुगतान किया गया। इस माह में कुल 40 सेवानिवृत्ति के मामले आए थे। जिनमें सभी कर्मचारियों का समापक भुगतान कर दिया गया है। विदित हो कि धनबाद मंडल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समापक भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है। मंडल प्रशासन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि धनबाद मंडल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समापक भुगतान की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। मंडल प्रशासन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ,अखिलेश मिश्र द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया । साथ ही उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया गया। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण तथा मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।